ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● रांची ● मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2080 ● गुरुवार, 30 नवम्बर 2023 ● वर्ष-24 ● अंक- 294 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00



सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई की फिर ... पेज 12 पर




## एक नजर

### अमीषा पटेल चेक बाउंस मामले में गवाह पेश करने की अनुमति

**रांची।** अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में बुधवार को न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में गवाह को पेश करने की अनुमति दे दी है। साथ ही अमीषा पटेल पर जुमार्ना भी लगाया गया है। यह जानकारी अधिवक्ता विजयलक्ष्मी श्रीवास्तव ने दी। इससे पूर्व 22 नवम्बर को अमीषा पटेल के अधिवक्ता ने इस मामले से जुड़े प्रार्थी अजय कुमार सिंह के पहले गवाह अजय सिंह उर्फ टिंकू सिंह से पूछताछ के लिए आवेदन दिया था। इसका विरोध प्रार्थी के अधिवक्ता विजय लक्ष्मी श्रीवास्तव ने किया था। गवाह को पेश किया जायेगा की नहीं इस मामले पर सुनवाई हुई थी।

### घर से 4 पहिया वाहन उठाकर ले गए बदमाश

**रांची।** जगन्नाथपुर के पटेल नगर रोड नंबर छह के रहने वाले विशाल गोस्वामी के घर से जबरन उनकी चार पहिया वाहन को दो बदमाश उठाकर ले गए। इस संबंध में विशाल ने मो आमिर और सलमान के खिलाफ जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। विशाल ने पुलिस को बताया कि उसने एक गाड़ी 5.40 लाख रुपए मो आमिर से लिया। 4.10 लाख रुपए का भुगतान कर दिया। शेष 1.23 लाख रुपए का भुगतान करने में देरी हो रहा था। इसी क्रम में आरोपी आमिर, सलमान समेत अन्य लोग उनके घर पहुंचे। गाली-गलौज करते हुए उनकी गाड़ी उठाकर ले गए। इसके बाद वह सीधे जगन्नाथपुर थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया।

### क्रेडिट कार्ड में सिक्यूरिटी रिमूव करने के नाम पर 48 हजार की ठगी

**रांची।** धुर्वा आदर्श नगर के रहने वाले सुनील कुमार प्रसाद से साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड के नाम पर उनसे 48 हजार रुपए की ठगी कर ली। इस संबंध में सुनील ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। सुनील की ओर से थाने में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि एक व्यक्ति ने उन्हे फोन किया। फोनकर्ता ने उनसे कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड में कोई सिक्यूरिटी एप एक्टिव है। जिसका चार्ज प्रतिमाह 17 सौ रुपए है। इसे रिमूव करने के लिए उसने गूगल नंबर पर साइट खुलवाया। उसमें क्रेडिट कार्ड से संबंधित सारी जानकारी भरवाया। इसके बाद उनके खाते से नौ बार में 48 हजार रुपए की अवैध निकासी हो गयी। इसके बाद वह सोमवार को धुर्वा थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# विश्व के रेस्क्यू मुहिम में सबसे बड़ा और तेज रहा सिलक्यारा सुरंग ऑपरेशन

**आरएनएम। उत्तरकाशी**

उत्तराखंड सुरंग में फंसे सभी 41 श्रमिकों को महज चार सौ घंटे में सुरक्षित बाहर निकालने के साथ ही भारत ने सफल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने के मामले में विश्व में अपना परचम लहरा दिया है। मालूम हो कि गत वर्ष तुर्किए में आए भयंकर भूकंप के समय भी भारतीय रेस्क्यू टीम ने सबसे पहले ग्राउंड जीरो में पहुंच लोगों की जान बचाई थी। ऐसे ही कई अवसरों में भारत ने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर अपने रेस्क्यू कौशल का लोहा मनवाया है। मालूम हो कि उत्तराखंड सुरंग में फंसे मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकालना दुनिया का सबसे बड़ा, बेहद जटिल और खासा चुनौतीपूर्ण रेस्क्यू ऑपरेशन था। भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार के बेहतर तालमेल से राहतकर्मियों ने जिस तेजी से

### दुनिया की नजर टिकी थी रेस्क्यू ऑपरेशन पर



सिलक्यारा ऑपरेशन को रिकॉर्ड समय में पूरा किया, वह दुनिया के सामने एक उदाहरण बन गया है। सिलक्यारा सुरंग हादसा के बाद भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की नजर रेस्क्यू ऑपरेशन पर थी। दुनियाभर में सुरंग और बड़े भूमिगत ऑपरेशन में अब तक दक्षिण अमेरिका के चिली में अगस्त 2010 में खदान ढहने से फंसे 33 मजदूरों का रेस्क्यू 5 अगस्त से 13 अक्टूबर तक पूरे 69 दिन चला। ऑपरेशन में श्रमिकों को बचा लिया था। इस ऑपरेशन में कई देशों ने आधुनिक मशीनों से काम किया। 2018 में थाईलैंड की खुली सुरंग में फंसे फुटबाल खेलने वाले 12 बच्चे और उनके कोच का रेस्क्यू ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा किया गया। यह ऑपरेशन 23 जून 2018 से 8 जुलाई 2018 तक यानी 18 दिन चला। वहां खुली सुरंग में करीब 10 किमी तक घूमने गए बच्चे और कोच भारी बारिश का पानी भरने से फंस गए थे। इस रेस्क्यू में अमेरिका, ब्रिटिश, थाइलैंड की नौसेना, पुलिस समेत अन्य एजेंसियां शामिल थीं। 18 दिनों की मशक्कत के बाद सफलता मिली। ऑपरेशन के दौरान टीम के एक सदस्य की मौत भी हुई थी।

सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन दुनिया के दूसरे ऑपरेशन से अलग है। यहां 41 मजदूर बंद सुरंग में फंसे। कोई रास्ता न होने पर भारत सरकार और उत्तराखंड सरकार ने दिनरात एक कर 17 दिनों में उन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कठिन और चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद रेस्क्यू को समय पर पूरा कर सरकार ने रिकॉर्ड बनाया है।

## सीएम हेमंत के निर्देश पर हवाई जहाज से लाए जाएंगे मजदूर

### श्रम विभाग की टीम ने टनल में फंसे मजदूरों से की मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि श्रमिकों के साथ राज्य सरकार खड़ी है। उन्होंने एक्स के जरिये बुधवार को कहा कि उत्तराखंड के उत्तरकाशी में निर्माणाधीन टनल में फंसे सभी झारखंड के श्रमिक सुरक्षित हैं। सभी मजदूरों को विमान से वापस लाया जाएगा। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद श्रम विभाग की टीम ने श्रमिकों से अस्पताल में मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना है।



अस्पताल में इलाजरत झारखंडी मजदूरों से मिलते झारखंड श्रम विभाग के अधिकारी।

## सिमडेगा में सीएम ने 800 योजनाओं की रखी नींव, 653 का उद्घाटन

# 1453 योजनाओं का तोहफा

**विकास साहु/सुमंत कुमार**

**सिमडेगा/कोलेबिरा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन बुधवार को सिमडेगा जिले के कोलेबिरा में आयोजित आपकी योजना- आपकी सरकार -आपके द्वार के तीसरे चरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में 800 योजनाओं की नींव रखी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 20 करोड़ 99 लाख 65 हजार 111 रुपये की लागत से निर्मित 653 योजनाओं का उद्घाटन किया। इन योजनाओं पर कुल 134 करोड़ 78 लाख 54 हजार 339 रुपये खर्च होंगें। इस तरह 155 करोड़ 78 लाख 19 हजार 440 रुपये की 1453 योजनाओं का तोहफा सिमडेगा वासियों को मिला। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 40321 लाभुकों के बीच 31 करोड़ 17 लाख 62 हजार 385 रुपये की परिसंपत्ति प्रदान कर उनके सशक्तिकरण और स्वावलंबी बनने का राह प्रशस्त किया। इस दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड के महापुरुषों को याद करते हुए उनके शहादत पर नमन किया।





### पिछली सरकार के कार्यकाल में था भय का माहौल : विक्सल कोंगाडी

वही कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंनगाड़ी ने संबोधित करते हुए कहा कि कोलेबिरा के धरती धन्य है जहां पर इस प्रकार के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शामिल हुए हैं। हमारे सरकार प्राथमिकता संविधान को आधार मानकर चलना जानती है, और इस पर चल रही है क्योंकि जहां पर शांति है वहां पर विकास है। पिछली सरकार के कार्यकाल में हम लोग भय के माहौल में जी रहे थे । ईसाई धर्म के चर्च की जांच का आदेश पिछले सरकार ने दिए थे और कहा था सीएनटी एक्ट का उल्लंघन उसे जमीन में है तो ध्वस्त कर दिया जाए लेकिन वर्तमान हेमंत सोरेन की सरकार सभी आज संवैधानिक आदेशों को खारिज कर दिया और भयमुक्त और शांति का माहौल वाली सरकार बनाई। आज पूरे राज्य में अल्पसंख्यक विद्यालयों में शिक्षकों की नियुक्ति हो रही है। इसी प्रकार लगातार सरकार आने वाले दिनों में कई ऐसे कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम करेगी जो लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

कहा कि झारखंड अलग राज्य के लिए 40 वर्षों तक आंदोलन में सैकड़ो लोगों ने कुबार्नी दी, लेकिन आज भी यहां के आदिवासी मूलवासी संघर्ष कर रहे हैं। सरकार इन वीर शहीदों का झारखंड बनने के साथ-साथ आदिवासी मूलवासी का हक अधिकार दिला रही है। झारखंड राज्य बने 23 वर्ष हो चुके हैं लेकिन आज भी इसका विकास नहीं हुआ है,यहां के खनिज संपदा जंगल जमीन होने के बावजूद यहां पर पिछड़ापन रोजी-रोटी के लिए लोगों का पलायन होता आ रहा है, लेकिन किसी का इस पर ध्यान नहीं गया। हमारी सरकार जब से आई है, तब से योजना बनाकर धरातल पर उतर कर लोगों को लाभ दे रही है।

हमारी सरकार लगातार लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच देने का कार्य कर रही है और इसी के लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है, उसकी तहत बुजुर्गों विधवाओं और दिव्यांगों का पेंशन सुनिश्चित किया है। इसके अलावा सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन के रूप में बुढ़ापे की लाठी दी है। राशन कार्ड में अब गरीबों को दाल भी मिलेगा, इसके लिए हमारी सरकार ने 20 लाख लोगों को राशन कार्ड देने का कार्य किया है वही पुरानी सरकार ने 11 लाख लोगों का राशन कार्ड चीन का कार्य किया था। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल, विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, भूषण बाड़ा और भूषण तिर्की, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई के लिए 3 वर्चुअल प्लेटफॉर्म शुरू



### उच्च न्यायालय के वादों की सुनवाई अब दुमका, डालटनगंज और पाकुड़ से भी संभव

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए तीन वर्चुअल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ 29 नवंबर को हुआ। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजय कुमार मिश्र ने इसका उद्घाटन किया। मुख्य न्यायाधीश ने पलामू (डालटनगंज), दुमका और पाकुड़ से उच्च न्यायालय में सुनवाई के लिए तीन वर्चुअल प्लेटफॉर्म का ऑनलाइन उद्घाटन किया। इस अवसर पर न्यायालय के न्यायाधीश, महाधिवक्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। उच्च न्यायालय की कम्प्यूटर एवं डिजिटाइजेशन कमेटी द्वारा दूरस्थ स्थित जिलों (पलामू (डालटनगंज), दुमका और पाकुड़) से उच्च न्यायालय में मामलों की सुनवाई के लिए संबंधित जिला न्यायालयों में पहले से स्थापित ई-सेवा केन्द्र को वर्चुअल सुनवाई के लिए प्रयोग में लाये जाने का निर्णय लिया गया। इन सेवा केंद्रों से नये मामलों की ई-फाइलिंग को शुरूआती कठिनाइयों जैसे स्टाम्प रिपोर्टिंग, त्रुटि निवारण इत्यादि के कारण अभी स्थगित रखा गया है। इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों से समुचित विचार विमर्श के उपरांत राज्य के सभी न्यायालयों से ई-फाइलिंग प्रारंभ किये जाने के संबंध में उचित कदम उठाया जायेगा। झारखंड एडवोकेट एसोसिएशन की अध्यक्ष ऋतु कुमार ने बताया कि एसोसिएशन ने फाइलिंग इन तीन केंद्रों से किए जाने पर विरोध दर्ज कराया था जिस पर कोर्ट ने विचार किया। फोन पर उन्होंने कहा इन स्थानों से फाइलिंग स्वीकार करने पर हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं पर भी असर पड़ेगा।

## आईटीबीपी के महानिदेशक अनीश दयाल को सौंपा गया सीआरपीएफ का अतिरिक्त प्रभार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईटीबीपी के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह को सीआरपीएफ बल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 30 नवंबर को एसएल थाओसेन रिटायर हो रहे हैं। बुधवार को एक आधिकारिक आदेश के जरिए यह जानकारी दी गई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि मणिपुर कैडर के 1988-बैच के आईपीएस अधिकारी एडी सिंह को सीआरपीएफ बल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। वो सीआरपीएफ डीजी का पदभार संभालेंगे। मध्य प्रदेश कैडर के 1988 बैच के आईपीएस थाओसेन को पिछले साल अक्टूबर में सीआरपीएफ डीजी के रूप में नियुक्त किया गया था। उसी समय एडी सिंह को भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) का महानिदेशक नियुक्त किया गया था। सीआरपीएफ लगभग 3.25 लाख कर्मियों के साथ देश का सबसे बड़ा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) है।

## रांची में तस्करी के 3 आरोपी गिरफ्तार, ब्राउन शुगर बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी की सदर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में राहुल राय, अभिषेक कुमार शर्मा और आलोक शामिल हैं। इनके पास से तीन मोबाईल , कुल 32 पुड़िया ब्राउन शुगर और दो हजार नगद रुपये बरामद किये गये है। तीनों को पीएचडी ग्राउंड पहाड़ के समीप से गिरफ्तार किया गया। रांची सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राजधानी में बड़े पैमाने पर नशे के कारोबार की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद पुलिस ने सबसे पहले सदर थाना क्षेत्र को टारगेट किया। सूचना मिली थी कि इस इलाके में सबसे ज्यादा नशे के सौदागर सक्रिय हैं। यह भी जानकारी मिली कि अधिकतर नशे का कारोबार बड़े मैदानों के आसपास होता है। इस सूचना पर पुलिस की एक टीम सादे लिबास में सदर इलाके में माद्रक दव्य पदार्थ खरीदने पहुंची। इस दौरान तीन तस्कर को पकड़ा गया।



गिरफ्तार तस्करों के पास से पुलिस ने 32 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद किया।

### आने वाली है काले धन पर अंतरिम रिपोर्ट

# अब शुरू होगा आरोप-प्रत्यारोप का दौर



सुनील बादल

***तीन दिसंबर*** को पांच राज्यों छत्तीसगढ़, तेलंगाना, मध्यप्रदेश, राजस्थान और मिजोरम में इस महीने हुए चुनाव की मतगणना होगी और उसके बाद लोक सभा चुनाव की आहट धमक में बदल जाएगी। इसमें एक बड़ा राजनैतिक मामला भी खूब उछाला जाएगा काले धन का। पिछले एक दशक से अधिक से यह मामला चुनाव के समय तेज होता रहा है और जब यह मामला पहली बार उछला था तब वर्तमान केंदीय सरकार विपक्ष में थी तब से 'जांच' चल रही है और राजनीति भी। जांच का काम जांच दल और एसआईटी को सौंपा गया था। एसआईटी विशेष जांच दल है जिसे 4 जुलाई, 2011 को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त किया गया था। प्रारंभ में सुप्रीम कोर्ट ने काला धन मामले में





एक उच्च स्तरीय विशेष जांच दल का गठन 4 जुलाई 2011 में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीपी जीवन रेड्डी की अध्यक्षता में किया था। विदेशी बैंकों में जमा काले धन की जांच और उसे लाने की कोशिशों पर इस दल को निगरानी करना था। न्यायमूर्ति रेड्डी इस जांच दल के अध्यक्ष थे। वर्तमान एसआईटी में की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश जस्टिस एमबी शाह और जस्टिस अरिजीत पसायत कर रहे हैं। फरवरी 2011 में एनडीए ने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी के विदेशी खातों में पैसा है। नवंबर 2011 में, गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेशों में जमा सभी काले धन को वापस लाने का वादा किया और उसी पर एक कानून बनाने का भी आह्वान किया था। काला धन काले बाजार से अर्जित धन है, जिस पर आय और अन्य करों का भुगतान नहीं किया गया है। भारत में काला धन विदेशों के बैंक खातों में छुपाया गया है। एचएसबीसी बैंक में कुल 25,420 करोड़ रुपये बकाया बताया गया था। मई 2014 में सत्ता में आने के बाद नरेंद्र मोदी सरकार ने अपनी पहली ही कैबिनेट बैठक में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार एसआईटी के पुनर्गठन को मंजूरी दी थी। वरिष्ठ वकील राम जेठमलानी ने सुप्रीम कोर्ट से 2015 में कहा था कि फैसले को प्रभावित करने के लिए सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं और उन्होंने सरकार से विदेशी बैंकों में जमा काले धन को भारत लाने के लिए हर संभव प्रयास करने को कहा। जेठमलानी ने न्यायालय से कहा कि वह न्यायालय से कुछ सूचनाएं साझा करना चाहते हैं, जो न्यायाधीशों को हैरान कर देंगी। उन्होंने अदालत से कहा कि काले धन को वापस लाने की उत्सुकता जितनी जनता को है उतनी ही अदालत की भी है।

पैनल ने अपनी पांचवीं रिपोर्ट में कहा था कि विभिन्न देशों में इस संबंध में मौजूद प्रावधानों पर विचार करने और नकद लेनदेन के संबंध में अदालतों की विभिन्न रिपोर्टों और टिप्पणियों पर विचार करने के बाद एसआईटी ने महसूस किया कि नकद लेनदेन पर ऊपरी सीमा लगाने की जरूरत है। एसआईटी ने 3 लाख रुपये और उससे अधिक के नकद लेनदेन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की और कहा कि ऐसे लेनदेन को अवैध और कानून के तहत दंडनीय घोषित करने के लिए एक अधिनियम बनाया जाना चाहिए। एसआईटी ने शीर्ष अदालत को सात अंतरिम रिपोर्ट सौंपी हैं।

विदेश काले धन पर उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त विशेष जांच दल बहुत जल्द शीर्ष अदालत को अपनी आठवीं अंतरिम रिपोर्ट सौंपेगी। पैनल के उपाध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) अरिजीत पसायत ने कटक (ओडिशा) में बताया। न्यायमूर्ति पसायत ने देश में काले धन के सृजन का पता लगाने और उस पर अंकुश लगाने के संबंध में कटक (ओडिशा) स्थित अपने आवास पर आयकर, प्रवर्तन निदेशालय, सीमा शुल्क और उत्पाद शुल्क और केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर बोर्ड के अधिकारियों की दो घंटे से अधिक समय तक बैठक की, जिसमें प्रतिभागियों ने भारत और विदेशों में काले धन की उत्पत्ति का पता लगाने और उस पर अंकुश लगाने के लिए लागू किए जाने वाले उपायों पर चर्चा की।

मामला गरमाने का कारण सिर्फ राजनैतिक नहीं होगा बल्कि निजी हमले तक जाएगा और करोड़ों के काले धन की लपेट में बड़े-बड़े नाम आएंगे जो विधान सभा चुनाव के परिणामों को देखकर अगली केंद्र सरकार और विपक्ष का आकलन करेंगे जिसकी आंच समाचार पत्रों, टीवी चैनलों की बहसों से होती हुई सोशल मीडिया के मध्यम से देश-विदेश तक जाएगी और गांव से लेकर महानगरों तक के लोग इसका पूरा आनंद उठाएंगे।

## तेलंगाना विस चुनाव के लिए मतदान आज

**एजेंसी। हैदराबाद**

तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए मतदान गुरुवार को होगा, जिसमें 3.26 करोड़ से अधिक मतदाता 2,290 उम्मीदवारों की राजनीतिक किस्मत का फैसला करेंगे। चुनाव आयोग (ईसी) ने सभी 119 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए विस्तृत व्यवस्था की है। 35,655 मतदान केंद्रों पर 1.85 लाख से अधिक मतदान कर्मी तैनात किये जायेंगे, जबकि 22,000 माइक्रो पर्यवेक्षक पूरी मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेंगे। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के तहत राज्य से कुल 45,000 कर्मी, अन्य विभागों से 3,000 कर्मी, तेलंगाना राज्य विशेष पुलिस (टीएसएसपी) की 50 कंपनियां और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 375 कंपनियां तैनात की गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने कहा कि पड़ोसी राज्यों से 23,500 होमगार्ड भी ड्यूटी पर रहेंगे। मतदान सुबह सात बजे से





शाम पांच बजे तक होगा। हालांकि, माओवाद प्रभावित जिलों के 13 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान शाम 4 बजे ही समाप्त हो जाएगा। अधिकारियों ने पीठासीन अधिकारियों को ईवीएम, वीवीपैट और अन्य सामग्री सौंप दी है। चुनाव अधिकारियों ने कुल 72,931 मतपत्र इकाइयों या ईवीएम की व्यवस्था की है। उनमें से 59,779 को मतदान केंद्रों पर तैनात किया जाएगा जबकि शेष को प्रतिस्थापन के लिए रिजर्व में रखा जाएगा। राज्य में कुल 3,26,02,799 मतदाता हैं, जिनमें 1,62,98,418 पुरुष, 1,63,01,705 महिलाएं और 2,676 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। इनमें 15,406 सर्विस वोटर और 2,944 एनआरआई वोटर हैं।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बेड़ो।** बेड़ो मांडर पथ पर बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा मोड़ के समीप हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### स्वेटर का वितरण

**चान्हो।** झारखंड सरकार की ओर से चान्हो प्रखंड अंतर्गत ओपा के आंगनबाड़ी क्षेत्र के 3 से 6 वर्ष के बच्चों के बीच ऊनी स्वेटर का वितरण वार्ड पार्षद किरण उराव सहायिका मांगी उरांव व बच्चों के अभिभावक के साथ आंगनबाड़ी सेविका ललिता देवी ने किया। सभी बच्चे और अभिभावक स्वेटर पाकर खुश हुए।

### सरना कोड की मांग को लेकर रांची में रैली

**रांची।** केन्द्रीय सरना समिति के अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरना कोड को लेकर 25 जनवरी, 2024 को रांची में रैली का आयोजन होगा। केंद्रीय सरना समिति ने यह निर्णय लिया है। इसमें सरना कोड को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो सरना कोड की बात करेगा वहीं देश में राज करेगा। उन्होंने कहा कि अब आदिवासी समझ चुके हैं कि सरना कोड आंदोलन के रास्ते ही प्राप्त होगा। तिर्की रांची प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। तिर्की ने कहा सरना कोड प्रकृति पूजक आदिवासियों की पहचान और अस्तित्व से जुड़ा मामला है। वर्षों से आदिवासी अपनी पहचान के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने कहा कि 15 नवम्बर को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु आए थे और उन्होंने धरती आबा को श्रद्धांजलि दी थी। उस समय आदिवासियों को उम्मीद थी की प्रधानमंत्री सरना कोड के बारे में कुछ बोलेंगे लेकिन प्रधानमंत्री सरना कोड पर कुछ नहीं बोले। उन्होंने कहा कि यहां तक की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी मंच पर सरना कोड की बात नहीं रखी। ना ही केन्द्रीय जनजाति मंत्री अर्जुन मुंडा ने ही सरना कोड को लेकर कुछ भी कहा। इससे भारत के 15 करोड़ आदिवासी ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर महासचिव संजय तिर्की, गुमला, जिला सरना समिति के अध्यक्ष इंदु भगत, लोहरदगा जिला सरना समिति के अध्यक्ष चैतु उरांव, सचिव यशपाल भगत, सहित कई लोग मौजूद थे।

# निजी विद्यालयों के शिक्षकों को भी मिले राष्ट्रपति पुरस्कार : वित्त मंत्री

### पासवा को सक्रिय राजनीति की भूमिका निभाने के लिए तैयार होना होगा : सैयद शमायल अहमद

### आरटीई की कठिन शर्तों को निरस्त कर ज्यादा से ज्यादा स्कूल खोल झारखंड की शिक्षा को प्रोत्साहित करे सरकार : आलोक कुमार दूबे




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पुराने विधानसभा सभागार में बुधवार को पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे व महासचिव फलक फातिमा को सम्मानित किया गया। मालूम हो कि झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे व फलक फातिमा को झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने राज्य के सबसे बड़े सम्मानित किया था। इस अभिनंदन सह आभार समारोह का उद्घाटन झारखंड के वित्त मंत्री सह पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन पासवा उपाध्यक्ष लाल किशोर नाथ शाहदेव ने किया। अतिथियों का स्वागत रांची महानगर अध्यक्ष डॉ सुषमा केरकेट्टा एवं जेमसा के महासचिव मो.उस्मान ने किया। इस अवसर पर निजी विद्यालय संचालक एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए झारखंड के वित्त मंत्री और पासवा के मुख्य संरक्षक डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि निश्चित रूप से झारखंड के शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करने में झारखंड के निजी विद्यालय बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। वस्तुतः निजी विद्यालय झारखंड के शिक्षण व्यवस्था की नींव हैं। उन्होंने पासवा की भूमिका और पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की तारीफ करते हुए कहा कि निश्चित रूप से पासवा झारखंड के निजी विद्यालयों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है सरकार के द्वारा निजी विद्यालयों को भी प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि जिस तरह सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों को राज्य सरकार तथा राष्ट्रपति महोदय द्वारा सम्मानित किया जाता है, निजी विद्यालय के शिक्षकों को भी राज्य सरकार तथा राष्ट्रपति महोदय द्वारा विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित करने की आवश्यकता है क्योंकि निजी विद्यालयों के शिक्षक बहुत ही सीमित संसाधन में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करते हैं। पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद ने इस अवसर पर कहा कि संपूर्ण राष्ट्र में निजी विद्यालय ही देश के शिक्षण व्यवस्था के आधार हैं, किंतु यह बड़ा ही सोचनीय स्थिति है कि सरकार निजी विद्यालयों को प्रोत्साहित करने की बजाय निजी विद्यालयों पर नित्य नई शर्त थोपने का प्रयास करती है । झारखंड में 47000 से अधिक निजी विद्यालय हैं और लाखों शिक्षक लाखों अभिभावक और उनके परिवार निजी विद्यालयों से जुड़े हुए हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यकता है की लोकसभा और विधानसभा में निजी विद्यालयों के हित में आवाज उठाने वाले जनप्रतिनिधियों को प्रतिनिधित्व करना का मौका मिले।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में महाप्रबंधक दक्षिण-पूर्व रेलवे, कोलकाता अनिल कुमार मिश्रा, डीआरएम रांची रेल मंडल जसमीत सिंह बिंद्रा एवं सीनियर डीसीएम निशांत कुमार ने मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को उन्होंने संयुक्त रूप से झारखंड में रेलवे विकास हेतु किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों से अवगत कराया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे उपस्थित थे।

## मोदी मंत्रिमंडल के फैसले का किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा गरीब कल्याण अन्न योजना का अगले 5 वर्ष तक के लिए विस्तारित किए जाने के फैसले का स्वागत किया है। मरांडी ने कहा कि कोरोना काल से प्रारंभ की गई गरीब कल्याण अन्न



योजना ने गांव, गरीब, किसान, मजदूरों को बड़ी राहत दी है। यह योजना देश के 81 करोड़ गरीबों के लिए कल्याणकारी है। अगले 5 वर्षों में केंद्र सरकार इस योजना के क्रियान्वयन में 11.80 लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मोदी सरकार अपने पहले दिन से अंत्योदय के लिए संकल्पित है। लगातार गरीब कल्याण की योजनाएं लागू की जा रही है। झारखंड के करोड़ों गरीबों को इस योजना का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से देश के गरीब लगातार गरीबी रेखा से ऊपर आ रहे।

## आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**
रांची उपायुक्त के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड के बाजपुर पंचायत सचिवालय में आपकी योजना आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित की गई। शिविर में सभी विभागों के अलग-अलग स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम में जिले के वरीय पदाधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी संजय प्रसाद मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ सह अंचल अधिकारी हरिशंकर हरिशंकर बारीक ने लोगो को आपके अधिकार आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इसके उपरांत कार्यक्रम को शुरूआत की गई। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन दिया। जिसमें सरकार की बहू चर्चित योजना अबुआ आवास समेत विभिन्न योजनाओं के लिए 1246 आवेदन ग्रामीणों की ओर से दिया गया। जिसमे राशन कार्ड,पेंशन योजना , दाखिल खारिज, खाद्य आपूर्ति, पेंशन के अलावा अन्य योजना शामिल है। इसके अलावा



खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से सोना सोबरन के तहत 405 धोती साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में खाद्य आपूर्ति, स्वास्थ्य विभाग, पेंशन, कृषि विभाग, थाना, पशु पालन, शिक्षा, पेयजल, विद्युत, मनरेगा, कल्याण, पंचायती राज, महिला प्रसार, सहकारिता व 15 वित्त आयोग विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख संगीता देवी, प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेख कुमार, सीआई संतोष उरांव, कल्याण पदाधिकारी अलख सिंह, महिला प्रसार पदाधिकारी अर्चना सिंह, बीपीओ अनिता कुमारी, अबुआ आवास के बीपीएम अल्बर्ट एंथोनी, सीएचसी के डॉ प्रीति, पूर्व मुखिया कुशल उरांव के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन तैयब अंसारी ने किया।

## सेवा समाप्त करने के विरोध में दूसरे दिन भी मनरेगा कर्मचारी का प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। चांन्हो**
चान्हो प्रखंड के मनरेगा कर्मियों ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन प्रखंड कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। बर्खास्त तीन संविदा कर्मियों आ आरोप है कि गलत तरीके से उनकी सेवा समाप्त किया गया है जिसके विरोध में मंगलवार से मनरेगाकर्मी कार्य बहिष्कार कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गये हैं। मनरेगा कर्मियों का कहना है कि जब तक उनके साथियों की सेवा समाप्त करने के आदेश को वापस नहीं लिया जाता है, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। कार्रवाई वापस नहीं होती है तो जिला से लेकर प्रदेश स्तर पर आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया जा सकता है । मनरेगा के कार्य में गलत जांच रिपोर्ट देकर एक जेई और दो रोजगार सेवकों की संविदा समाप्त करने की अनुशंसा करने को लेकर लोकपाल के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की। जानकारी के अनुसार वित्तीय वर्ष 20-21 में सिलागाई में मनरेगा से 13 एकड़ में आम बागवानी योजना के तहत पौधारोपण व टीसीबी का कार्य किया गया था। उक्त योजना में पौधे सप्लाई करने वाले सप्लायर व मजदूरी



करने वाले मजदूरों के खाते में राशि का भुगतान भी किया गया है। इस क्रम में वहां अधिकांश पौधे मर गए। बाद में तीन साल बाद मनरेगा के लोकपाल ने उक्त योजनाओं की जांच की और वहां गड़बड़ी के आरोप को लेकर बीपीओ, मुखिया, पंचायत सचिव, सहायक व कनीय अभियन्ता, रोजगार सेवक सहित 16 लोगों पर 4 लाख 86 हजार 837 रुपए का अर्थदंड लगाया। जिसे जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के निर्देश पर 2023 के अक्टूबर माह में प्रखंड के कोषागार में जमा भी कर दिया। इसके बाद अचानक 21 नवंबर को चान्हो के एक कनीय अभियंता व दो रोजगार सेवक को संविदा समाप्त करने का लेटर थमा दिया गया। मनरेगा कर्मियों का कहना था कि योजना व राशि में गड़बड़ी को लेकर रोजगार सेवकों की सेवा समाप्त करने का निर्णय पूरी तरह गलत है।

**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi**
Email: eedwsd.ranchiwest@gmail.com

RFP No- 01/CDO/Selection of Methodology/2023-24 Dated:- 28.11.2023

**Expression of Interest**

Inviting Expression of interest for Selection of Methodology for improvement of bad quality of Raw Water in vicinity of Intake Well site of Getalsud dam for drinking purpose.

1. Date of uploading of EOI on http://jharkhandtenders.gov.in : 04.12.2023
2. Pre-Bid meeting at CDO, DW&SD, Jharkhand, Doranda, Ranchi-834002 : 08.12.2023 at 3.00 PM.
3. Date of presentation : 08.12.2023 at 3.00 PM.
4. Last date & time of online submission : 17.12.2023 upto 02.00 PM
5. Opening Date of Technical Bid : 17.12.2023 at 5.00 PM
6. EoI application Fee : Rs. 10,000/- only (non-refundable)
7. Helpline No. : +91 9430725642
8. EoI application Fee should be Paid (Rs 10,000/- ) (Non- Refundable) through Online Gateway Facilities two mode- Net Banking (SBI & 61 Others Bank) as well as NEFT/RTGS Challan Mode in favour of **Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West** payable at **Ranchi. (As per IT &e-governance Department Letter-120, Date-03.10.2023) Payment gateway of designated bank i.e. SBI for all Govt. Department.**
9. In the event date specified for receipt / opening declared a holiday, the due date for submission and opening, will be the following working day at the appointed time.
10. The Department reserves the right to cancel, revise or amend this notice or bid documents fully or partly prior to the last date notice for submission of offers or on any subsequent date
11. All legal disputes will be entertained within the jurisdiction of Jharkhand High Court, Ranchi.
12. Bid Documents/ Any changes & Further details can be seen on website :http://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
Executive Engineer,
D.W.& S. Division, Ranchi West, Ranchi

PR 312268 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल,खूँटी**

**शुद्धि पत्र**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी के अंतर्गत निकाली गई ई०–निविदा आमंत्रण सं०–10/2023-24/RWD/KHUNTI, दिनांक–16.11.2023, जिसका पी०आर० संख्या–311510 Rural Work Department (2023-24).Dद्वारा प्रकाशित है, जिसमें निम्न प्रकार से आंशिक संशोधन किया जाता है :–

| क्र० सं० | विवरण | पूर्व प्रकाशित विवरणी (आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्याएवं दिनांक) | संशोधित विवरणी (आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्याएवं दिनांक) |
|---|---|---|---|
| 1 | आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या। | RWD/KHUNTI/23/ STPKG/11/2023-24 | RWD-KHU-STPKG-08/2023-24 |
| 2 | आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या। | RWD/KHUNTI/23/ STPKG/18/2023-24 | RWD-KHU-STPKG-07/2023-24 |
| 3 | आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या। | RWD/KHUNTI/23/ STPKG/08/2023-24 | RWD-KHU-STPKG-03/2023-24 |
| 4 | आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या। | RWD/KHUNTI/23/ STPKG/09/2023-24 | RWD-KHU-STPKG-04/2023-24 |
| 5 | आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या। | RWD/KHUNTI/31/ STPKG/10/2023-24 | RWD-KHU-STPKG-06/2023-24 |
| 6 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 29.11.2023 | 05.12.2023 |
| 7 | ई०–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि | 12.12.2023 | 15.12.2023 |
| 8 | निविदा खोलने की तिथि | 14.12.2023 | 18.12.2023 |

नोटः– क्रम संख्या 4 का आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या में संशोधन है एवं पूर्व की तिथि पूर्ववत रहेगी।
निविदा सूचना की शेष शर्तें पूर्ववत रहेगी ।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,खूँटी

PR 312272 Rural Work Department(23-24).D

## जेबीकेएसएस अनगड़ा प्रखंड संयोजक टीम का गठन

# जन बल से ही धन बल परास्त होगा : सन्नी तिग्गा

**नवीन मेल संवाददाता। अनगड़ा**
टाईगर जयराम के नेतृत्व वाली जेबीकेएसएस समस्त झारखंड में संगठन विस्तार कर रही है। बुधवार शाम को अनगड़ा प्रखंड मुख्यालय मैदान में सभी पंचायत के सक्रिय सदस्यों का बैठक कर केन्द्रीय प्रभारी के रुप में उपस्थित सन्नी तिग्गा, विजय सिंह, आनंद कटियार, रवि कुमार महतो के निर्देशन में सभी पंचायतों को मिलाकर प्रखंड संयोजक का गठन किया गया। जो गांव-गांव में बैठक कर सदस्यता अभियान चलाएगा। केन्द्रीय प्रभारी विजय सिंह ने पाटी के मूल सिद्धांत को रखा जबकि बिशुनपुर विधानसभा से प्रभारी के रूप में उपस्थित सन्नी तिग्गा ने कहा कि कुछ लोग जो राजनैतिक मठाधीश बन बैठे हैं वो यह भ्रम फैला रहे हैं कि टाईगर जयराम महतो जाति विशेष की राजनीति कर रहे हैं, लेकिन सच यह है कि जयराम महतो झारखंड को बचाने नवनिर्माण के लिए काम कर रहे हैं और धन बल के आगे जन बल जयराम के साथ है जो सभी पर भारी पड़ेगा। बैठक में झारखंड आंदोलनकारी लखीन्द्र महतो, देवेन्द्र नाथ महतो, मुंडा, अनवर अंसारी, रतीलाल पाहन, बालेश्वर बेदिया, धनीराम करमाली, राजेश कच्छप, मुकेश करमाली और अन्य सैकड़ों उपस्थित थे।

# जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी ने झारखंड के नेताओं संग की बैठक

### टीएमसी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मधुकर सिंह जदयू में शामिल हुए

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी डॉ अशोक चौधरी और बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं प्रदेश जदयू के सह प्रभारी विजय कुमार सिंह संग झारखंड प्रदेश जदयू नेताओं की बैठक हुई। बैठक राजकीय अतिथिशाला में हुई। इस दौरान जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो ने संगठन के कार्यों की जानकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी को दी। इस दौरान नेताओं ने झारखण्ड




जदयू नेताओं को आगामी चुनावों के मद्देनजर संगठन को बूथ स्तर तक पहुंचाने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सदस्यता अभियान को जारी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस झारखण्ड के पूर्व अध्यक्ष मधुकर सिंह ने अपने समर्थकों संग जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में पूर्व विधायक सुधा चौधरी, डॉ आफताब जमिल, अशोक चौधरी, श्रवण कुमार, भगवान सिंह, सागर कुमार, पिंटू सिंह, शैलेंद्र महतो, डॉ विनय भरत, अख्तर हुसैन, अखिलेश राय, राम स्वरूप यादव, सुशील सिंह, प्रदीप महतो, विश्राम मुंडा, बेनी माधव झा, बैद्यनाथ पासवान, अंजलि सिंह, दीप नारायण सिंह, हाजी हसिब खान, नागमणी सिन्हा, लालचन महतो, रमाकान्त मंडल एवं अन्य प्रमुख रूप से शामिल थे।

**कार्यालय जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा**

**अति अल्पकालिन निविदा सूचना**

कोडरमा जिलान्तर्गत महात्मा गाँधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत् विभिन्न पंजियों/जॉबकार्ड की छपाई कर आपूर्ति हेतु अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विवरणी निम्नवत है–

1. रजिस्टरः–

| क्र0सं0 | पंजी/मापी –पुस्त का नाम | विशिष्टता |
|---|---|---|
| Register I | जॉबकार्ड / रोजगार पंजी | DFC 17"X27"X 1/2 (100 Pages) |
| Register II | ग्राम सभा पंजी | DFC 17"X27"X 1/2 (100 Pages) |
| Register III | कार्य के लिए मांग, कार्य आवंटन और मजदूरी भुगतान पंजी | DFC 17"X27"X 1/2 (100 Pages) |
| Register V | परिसम्पिति पंजी | DFC 17"X27"X 1/2 (100 Pages) |
| Register VI | शिकायत पंजी | DFC 17"X27"X 1/2 (100 Pages) |

2. जॉबकार्डः–

| | Desing and Format of Job card |
|---|---|
| 1 | Background -Yellow |
| 2 | Text colour- Blue |
| 3 | For general category job card- Text printed in blue with blue band on top |
| 4 | for vulnerable category job card- text printed in green with green band on top for easier identification of HH |
| 5 | size should be A5 |
| 6 | Front Cover page (Inner side)- HH details<br>-Head of HH details<br>-Members details |
| 7 | Inner Pages<br>- Employment sheet (20 sheets/folder) 4 page for each FY<br>-Persondays matrix/attendance sheet (5 Sheets for 5 years/folder) |
| 8 | Layout - Cover page (Front and back) 300 GSM glossy paper<br>- Inner page of front and back may be laminated.<br>-Inner page- 90 GSM maplitho paper with single colour printing and 85% brightness<br>- The inner page may be white in colour and text in black<br>- Binding - Centrally stapled with 2 SS (Stainless steel) |

नोटः– I. निविदा का सामग्री नियम एवं शर्ते की पूर्ण विवरणी कोडरमा के वेबसाइट www.koderma.nic.in पर एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है।
II. मुहरबंद निविदाएँ का अंतिम तिथि 08.12.2023 को अपराह्न 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जिला क्रय समिति के समक्ष खोली जाएगी।

ह0/
उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, कोडरमा।

PR.NO.312234 Rural Development(23-24):D

## एससी/एसटी मामला | डीजीपी ने की राज्य स्तरीय समीक्षा

# अनुसंधान अब इंस्पेक्टर करेंगे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड की राजधानी सबसे ज्यादा एसटी-एससी प्रताड़ना के मामले दर्ज होते है। आंकड़े बताते है कि औसतन हर महीने दो से तीन मामला एसटी - एससी से जुड़ा हुआ राजधानी में जरूर सामने आता है। सबसे अहम बात यह है कि ज्यादातर मामले सुपरविजन के अभाव में लंबित पड़े हुए हैं।

### तीन वर्षों में राज्य में बढ़े मामले

आंकड़े बताते हैं कि झारखंड में पिछले तीन वर्षों में एसटी एससी के विरुद्ध आपराधिक मामले में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे मामलों में जांच की बेहद धीमी होती है जिसकी वजह से लंबित मामले की संख्या भी काफी ज्यादा है. झारखंड की राजधानी रांची की बात करें तो



पिछले 3 साल में 351 मामले एसटी एससी के उत्पन्न से जुड़े हुए रिपोर्ट किए गए हैं। जबकि अगर झारखंड के सभी जिलों की बात करें तो पिछले तीन सालों में 387 मामले एसटी,एससी उत्पीड़न के रिपोर्ट किए गए है। राजधानी रांची में साल 2023 के जनवरी महीने में 8, फरवरी महीने में 9, मार्च महीने में 7, अप्रैल महीने में 10, मई महीने में 13 ,जून महीने में 9, जुलाई महीने में 26 , अगस्त महीने में 8 और सितम्बर महीने में 25 मामले रिपोर्ट हुए है।

### राजधानी में सबसे ज्यादा 229 केस लंबित

राजधानी रांची में एक तरफ जहां सबसे ज्यादा एसटीएससी से जुड़े मामले दर्ज हुए हैं, वहीं उनकी जांच की प्रक्रिया राजधानी रांची में ही सबसे धीमी भी है। आंकड़े बताते हैं कि राजधानी रांची में 229 केस लंबित है जिम 70 से ज्यादा केससिर्फ इसलिए लंबित है क्योंकि उनका सुपरविजन पूरा नहीं हो पाया है।

### लंबित मामलों के निपटारे के लिए निर्देश जारी

रांची के सीनियर एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि राजधानी में एसटी एससी से जुड़े मामले बढ़े है। ऐसे मामलों में बेहतर अनुसंधान करना बेहद जरूरी होता है। क्योंकि अभी तक ऐसे मामलों में अभी तक केस के आईओ डीएसपी ही है इसलिए लंबित मामलों की संख्या ज्यादा है। सरकार की तरफ से अनुसंधान को लेकर नई नियमावली बनाई गई है, जिसके तहत अब इंस्पेक्टर भी ऐसे मामलों का अनुसंधान कर पाएंगे। उसके लिए आवश्यक निर्देश आने के बाद लंबित कांडों को जल्द से जल्द निपटारा करने में मदद मिलेगी।

### मामला लंबित रखने वालों पर करवाई

रांची एसपी ने बताया कि एसटी एससी से जुड़े मामलों को बेवजह लटकाए रहने वाले अनुसंधान अफसरों को यह कड़ी चेतावनी दी गई है कि वह जल्द से जल्द मामलों का निपटारा करें अन्यथा उन पर विभागीय कार्रवाई के अनुशंसा भी की जाएगी।

## तेलवाडीह पंचायत में 400 मामले निबटाए

**सोनाहातु।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत सचिवालय में बुधवार को आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक सुदेश महतो ने किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित 863 आवेदन जमा लिये गये। वहीं 400 आवेदनों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। इस दौरान परिसंपत्तियां एवं कम्बल का भी वितरण किया गया। विधायक ने कहा कि अधिकारियों को अपनी जबावदेही के साथ राज्य व केंद्र सरकार से मिलने वाली योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पारदर्शी तरीके से पहुँचाने का काम करेंगे। कार्यक्रम में कई तरह के परिसंपत्तियों का भी वितरण किया गया। मौके पर प्रभारी जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ अरूण कुमार जिप सदस्य मंजू सिंह, प्रमुख विक्टोरिया देवी, मुखिया सरिता देवी, सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद थे।

## एक नजर

### रांची में मिला युवक का शव

**रांची।** नामकुम थाना क्षेत्र के कव्वाली गांव में बुधवार की सुबह एक युवक का शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही नामकुम थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि शव की शिनाख़्त अबतक नहीं हो सकी है। उसके शरीर में भी चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रथम दृष्टया मामला गड्ढे में गिरने से मौत का प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### बरियातू में एक घर से लाखों की चोरी

**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के शंकर नगर के एक घर से लाखों का सामान चोरी करने का मामला बुधवार को प्रकाश में आया है। इस संबंध में बुजुर्ग महिला सुषमा नाग ने कहा कि वह मंगलवार की रात घर पर अकेली थी। उनके दोनों बेटे गांव गये हुए थे। रात को वह अपने कमरे में सो रही थी। इसी दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दिया। घर से चोर लाखों का सामान लेकर फरार हो गए है। महिला ने कहा कि घर में रखे गहने और नकदी के साथ-साथ घर में रखे बर्तन सहित अन्य समान चोर अपने साथ ले गए हैं। थाना प्रभारी सुरेश कुमार मंडल ने बताया कि घर का दरवाजा खुला था। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

### विकास कार्यों के कारण दो ट्रेनें रहेंगी रद्द

**रांची।** विकास कार्यों के कारण दो ट्रेनें रद्द रहेंगी। रेलवे की ओर से बुधवार को मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरपुर मंडल के तहत राउरकेला स्टेशन पर विकास कार्यों की वजह से रेलवे पटरी को ब्लॉक किया जाएगा। इस दौरान ट्रेन संख्या 18175 हटिया-झारसुगुड़ा मेमू पैसेंजर ट्रेन यात्रा प्रारंभ 29 नवम्बर और ट्रेन संख्या 18176 झारसुगुड़ा-हटिया मेमू पैसेंजर ट्रेन यात्रा प्रारंभ 30 नवम्बर को रद्द रहेगी।

### कांग्रेस ने टनल में फंसे 41 श्रमिकों को निकालने वाले रेस्क्यू टीम को दी बधाई

**रांची।** उत्तराखंड के सिलक्यार सुरंग से 17 दिनों के बाद 41 श्रमिकों को सफलतापूर्वक निकाले जाने पर रांची जिला कांग्रेस कमेटी ने रेस्क्यू टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी है। रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उत्तराखंड से झारखंड के 15 मजदूरों को सकुशल बाहर निकलना राहत और सबसे खुशी की बात है। इस ऑपरेशन के बाद झारखंड की महागठबंधन सरकार भी लगातार श्रमिकों के परिजनों से संपर्क में है। सभी श्रमिक सुरक्षित और स्वस्थ रहें और उनके बेहतर उपचार के लिए व्यवस्था की गई है। कांग्रेस प्रवक्ता चंद्र रश्मि ने कहा कि 17 दिनों तक चल रहा बचाव अभियान कामयाब रहा और श्रमिकों को दोबारा नया जीवन मिला। टनल से बाहर निकलने वाले रांची ग्रामीण क्षेत्र के अनिल बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, सुकराम बेदिया के परिवार के हर दुख-सुख में रांची जिला कांग्रेस परिवार साथ खड़ा है।

**रांची और चक्रधरपुर रेल मंडल से जुड़े सांसदों की बैठक में बोले संजय सेठ**

# मंदिर है भावनात्मक आस्था का केंद्र जनप्रतिनिधियों से बात करें अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची रेल मंडल और चक्रधरपुर रेल मंडल से जुड़े सभी सांसदों की मंडल स्तरीय बैठक बुधवार को होटल बीएनआर में हुई। इसमें दोनों मंडलों के रेलवे के अधिकारी और महाप्रबंधक भी मौजूद थे। रांची के सांसद संजय सेठ ने बैठक में एजेंडा रखा और उस पर चर्चा की। इसके अलावा रांची के कई ज्वलंत मुद्दों पर भी प्रमुखता से बात रखी।



रेलवे के द्वारा रांची स्टेशन के समीप बने मंदिर को हटाने के नोटिस के मामले में सांसद ने अधिकारियों का ध्यान खींचा और स्पष्ट रूप से कहा कि मंदिर हमारी आस्था के केंद्र हैं। मंदिरों से लोगों का भावनात्मक लगाव होता है। मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। इसलिए किसी भी कीमत पर इस तरह का कोई कदम उठाने से पहले किसी भी क्षेत्र में रेलवे के अधिकारियों को संबंधित जनप्रतिनिधियों से बात करनी चाहिए। इसके बाद ही इस तरह का कोई कदम उठाना चाहिए। सांसद ने स्पष्ट रूप से कहा कि मंदिर आस्था का केंद्र हैं। मामला संवेदनशील है। योजना बनाने से पहले विचार करें। नोटिस देने से पहले विचार करें। जनमानस को पीड़ित करने वाला काम नहीं करें। हम भी विकास चाहते हैं। जनभावनाओं के साथ यह काम किया जाए। बीच का रास्ता निकालें। मंदिर का गर्भगृह नहीं छेड़े। सांसद ने कहा कि नामकुम, टाटीसिलवे और सिल्ली रेलवे स्टेशन में पूर्व की भांति सभी ट्रेनों का ठहराव अविलंब सुनिश्चित किया जाए। सिल्ली मुरी के बांसारूली में भी सड़क निर्माण का मामला भी सांसद ने बैठक में उठाया। इसके अलावा नामकुम में फुट

**नामकुम, टाटीसिलवे और सिल्ली रेलवे स्टेशन में पूर्व की भांति सभी ट्रेनों का ठहराव अविलंब सुनिश्चित किया जाए**

ओवरब्रिज निर्माण पर काम करने का सुझाव सांसद ने अधिकारियों को दिया। सांसद ने कहा कि चुटिया में ओवर ब्रिज का प्रस्ताव भेजें। यह प्रयास हो कि किसी का घर नहीं टूटे। अब बेहतर तकनीकी का इस्तेमाल करें और यह कार्य करें। किसी भी नागरिक का घर नहीं टूटे यह ध्यान रखें। सांसद ने इस बैठक में रांची से बेंगलुरु चेन्नई एनार्कुलम कोयंबटूर के लिए साप्ताहिक अंत्योदय ट्रेन का परिचालन करने, हटिया पैसेंजर का बरकाकाना तक विस्तार करने के लिए कहा। साथ ही यह भी कहा कि कई मामलों में राज्य सरकार के द्वारा प्रस्ताव नहीं भेजा जाता है। ऐसी स्थिति में रेलवे को संवेदनशील बनना चाहिए और राज्य सरकार से प्रस्ताव मांगने की पहल करनी चाहिए। सांसद ने यह भी कहा कि धनबाद फिरोजपुर गंगा सतलज एक्सप्रेस का विस्तार रांची तक हो इसके लिए अविलंब प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जाना चाहिए। मेसरा, बरकाकाना, रामगढ़, मैक्लुस्कीगंज, खलारी और राय रेलवे स्टेशन को धनबाद रेल मंडल से हटाकर रांची रेल मंडल के अधीन करने से संबंधित प्रस्ताव भेजने की बात सांसद ने इस बैठक में कही।

# भारतीय कला संस्कृति के विभिन्न रूपों से छात्रों को कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में बुधवार को पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित स्पिकमैके की संस्थापक डॉ. किरण सेठ का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम हुआ। इस दौरान उन्होंने छात्रों को शास्त्रीय संगीत, भारतीय कला और संस्कृति के अन्य रूपों से अवगत कराया। उन्होंने उन्हें प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व को समझाया और बताया कि आइंस्टीन जैसे महान लोगों ने इसके लिए कैसे काम किया है। उन्होंने अपने साइकिल अभियान के बारे में भी बताया जो उन्होंने महात्मा गांधी के सादा जीवन और उच्च विचार के संदेश को युवा पीढ़ी तक फैलाने के दृष्टिकोण से शुरू किया था। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रों के लिए इस तरह के जागरूकता बढ़ाने वाले सत्र आयोजित करने के लिए स्कूल की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने डॉ. सेठ को उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया और छात्रों को ऐसे प्रेरक व ज्ञानवर्धक कार्यक्रमों से सीखे गए कलाओं को आत्मसात करने के लिए कहा।

# डीपीएस के छात्रों का एसओएफ ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन की ओर से आयोजित इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड 2023-2024 में डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसमें कक्षा तीन के आरव गुप्ता ने अंतरर्राष्ट्रीय सिल्वर मैडल और 1000/- रुपये का नकद पुरस्कार जीता। ईशान हक (कक्षा आठवीं), शब्द मिश्रा (कक्षा क) और जिया गोस्वामी (कक्षा क) ने मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन और 500/- रुपये का नकद पुरस्कार हासिल किया। साकेत सिंह (कक्षा क), सानवी देवर्षि (कक्षा क), आशवी शर्मा (कक्षा क), अमेय देवर्षि (कक्षा क), सन्नत उज्जैन (कक्षा क), रुद्रांश रंजन (कक्षा क), श्री श्रेयशी (कक्षा क) और युवराज चौधरी (दसवीं कक्षा) ने मेडल ऑफ डिस्टिंक्शन प्राप्त किया। साथ ही इस ओलंपियाड में 26 छात्रों ने गोल्ड मेडल हासिल किया। इस प्रतियोगिता में आरव गुप्ता (कक्षा क) ने इंटरनेशनल रैंक 02 हासिल किया, ईशान हक (कक्षा क) और शब्द मिश्रा (कक्षा क) ने जोनल रैंक 09 प्राप्त किया, जिया गोस्वामी (कक्षा क) ने जोनल रैंक 10 हासिल किया एवं साकेत सिंह ( कक्षा क) और रुद्रांश रंजन (कक्षा क) ने जोनल रैंक 13 प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों के लिए प्रेरणा का काम करती है और पाठ्यपुस्तकों से परे एक सर्वांगीण शिक्षा के महत्व पर जोर देती है। इन छात्रों की सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत क्षमताओं को दशार्ती है, बल्कि ज्ञान और सीखने की प्यास से लैस वैश्विक नागरिकों के पोषण के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है।

### वेब सीरीज की शूटिंग 10 दिसंबर से

**रांची।** मेरी आवाज मेरी पहचान की एक बैठक मोरहाबादी के एक होटल में बॉलीवुड एक्टर देवेश खान की अध्यक्षता में आयोजित हुई । बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 दिसंबर से वेब सीरीज की शूटिंग रांची क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में की जाएगी । इस वेब सीरीज में मेरी आवाज मेरी पहचान के कलाकार ही काम करेंगे । इसके बाद लगातार तीन वेब सीरीज फ्लोर पर है उसे भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा । इन वेब सीरीज में झारखंड के कलाकारों को मौका दिया जाएगा उनके अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का काम मेरी आवाज मेरी पहचान करेगी । झारखंड में प्रतिभा की कोई कमी है। हर क्षेत्र में यहां के लोग आगे हैं, चाहे खेल हो फिर हुनर सभी में आगे हैं। देवेश खान ने बताया कि इसमें बॉलीवुड के कलाकार भी काम करते हुए नजर आएंगे । इस मौके पर कुमार गहलोत, बुलंद अख्तर , किशन अग्रवाल और खासतौर से गौरव कुमार उपस्थित थे।

# कैंसर से पीड़ित गरीब मरीज को युवा दस्तक ओरमांझी ने दिया आर्थिक सहयोग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** प्रखण्ड के अंतर्गत ओरमांझी पंचायत के ओरमांझी गांव के रहने वाले पच्चु ठाकुर के प्रपोत्र लालू ठाकुर ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं। उसकी आर्थिक स्थिति उतनी अच्छी नहीं है। जिसके कारण वह अपना इलाज नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने लोगों से गुहार लगाई है। कि कोई आगे आकर कैंसर से पीड़ित मरीज का इलाज कर दे। जब इसकी सूचना युवा दस्तक ओरमांझी के अध्यक्ष आशीष साहू को मिली तो तुरंत ही लालू साहू के घर जाकर लालू की स्थिति को देखते हुए तुरंत ही उसे कैंसर जैसा पीड़ित गंभीर बीमारी की इलाज के लिए आर्थिक मदद की। और युवा दस्तक के सदस्यों ने अध्यक्ष आशीष साहू के नेतृत्व में गांव में जाकर चंदा किया।ग्राम वासियों ने यथाशक्ति मदद की। एवं आगे भी सहायता के लिए भरोसा दिया। और गांव वालों ने ईश्वर से जल्द से जल्द इनकी बीमारी को दूर करने की कामना की। वहीं कैंसर से पीड़ित लालू साहू को आर्थिक मदद मिलने से उसके दिल में एक आशा की किरण जगी। और उन्होंने कहा कि आज भी लोगों में इंसानियत है। अब मैं भी जिंदा रह सकता हूं। इसके लिए उन्होंने युवा दस्तक के अध्यक्ष आशीष साहू का आभार जताया। मौके पर युवा दस्तक के अध्यक्ष सह भाजपा युवा नेता आशीष साहू ने कहा कि हमारे गांव ओरमांझी ने आज एक बार फिर सामाजिक सरोकार और एकता का परिचय दिया। उन्होंने कहा कि एक वृद्ध महिला जिनको खुद खाने के लिए नहीं है। उन्होंने भी कैंसर पीड़ित के लिए 500 रुपए मदद की। इसके लिए युवा दस्तक ने कंबल देकर सम्मानित किया। हमारे युवा दस्तक के साथियों का समर्पण सदैव क्षेत्र के लिए उपलब्ध रहेगी। प्रभु से आकांक्षा है। कि जल्द से जल्द इनकी व्याधि को दूर करें। मौके पर मुख्य रूप से राजा तिवारी, अमित कुशवाहा, सिद्धार्थ, राज साहू, विजय महतो, घांशू महतो,नवीन महतो,विक्रम कुमार, अभय कुमार, साहिल कुमार, नितिन कुमार, अमन साहू, लखन कुमार, ऋषि ठाकुर, नीरज पांडे, उमेश कुमार युवा दस्तक के सदस्यगण एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



### ट्रेजरी अफसर के खिलाफ एसीबी ने दर्ज किया केस

**रांची।** रांची के डोरंडा कोषागार के पूर्व ट्रेजरी अफसर पवन केडिया के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है। राज्य वित्त सेवा के पदाधिकारी पवन केडिया को एसीबी ने पूर्व में डोरंडा कोषागार में पोस्टिंग के दौरान 30 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पवन केडिया के घर पर एजेंसी ने सर्च भी किया था। तब एजेंसी को आय से अधिक संपत्ति के साक्ष्य मिले थे। सर्च के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर ही एसीबी ने राज्य सरकार के मंत्रिमंडल, निगरानी व सचिवालय विभाग से पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। विभागीय अनुमति मिलने के बाद एसीबी ने इस संबंध में पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीई जांच में आय से अधिक संपत्ति के साक्ष्य मिलने के बाद एसीबी इसे एफआईआर में तब्दील करेगी।

**आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायतों में लगा शिविर**

# योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों लोगों को दिलाना कार्यक्रम का उद्देश्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंटी**

आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा खूंटी प्रखंड की तिरला पंचायत, कर्रा की लरता, मुरहू की रुमुतकेल, अड़की की सोसोकुटी, तोरपा की सुन्दारी और रनिया प्रखंड की खटंगा पंचायत तथा खूंटी नगर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र कदमा में शिविर का आयोजन किया गया और सरकारी योजनाओं का लाभ दिया गया। शिविर में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई। अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान, वरीय पदाधिकारी और संबंधित प्रखंड के बीडीओ ने शिविर में आए लोगों को आवेदन देकर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में प्रत्येक दिन निर्धारित अवधि के अनुरूप शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजनों तक योजनाओं का लाभ तक पहुंचना है। आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सरकार की जन कल्याणकारी योजनाएं सर्वजन पेंशन योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, सोना-सोबरन, धोती-साड़ी वितरण योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पारदेसीय छात्रवृत्ति योजना, अबुआ आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं से जरूरतमंदों को लाभान्वित किया जा रहा है।

**जिले के विभिन्न प्रखंडों की पंचायतों में प्रत्येक दिन निर्धारित अवधि के अनुरूप शिविर का आयोजन किया जा रहा है**

अनुमंडल पदाधिकारी ने सुंदारी पंचायत स्तरीय शिविर में लगाए गए विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और वहां कार्यरत कर्मचारियों से वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए अधिक से अधिक लोगों को आच्छादित करने का निर्देश दिया। ठंड को देखते हुए कम्बल, धोती-साड़ी लूंगी, स्कूली बच्चों को पोषाक आदि परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। विभाग द्वारा बच्चों को निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत चेक दिया गया। साथ ही शिविर में उपस्थित ग्रामीणों के बीच फलदार पौधों का भी वितरण किया गया।

### ट्रेजरी अफसर के खिलाफ एसीबी ने दर्ज किया केस

**रांची।** रांची के डोरंडा कोषागार के पूर्व ट्रेजरी अफसर पवन केडिया के खिलाफ एसीबी ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला दर्ज किया है। राज्य वित्त सेवा के पदाधिकारी पवन केडिया को एसीबी ने पूर्व में डोरंडा कोषागार में पोस्टिंग के दौरान 30 हजार रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पवन केडिया के घर पर एजेंसी ने सर्च भी किया था। तब एजेंसी को आय से अधिक संपत्ति के साक्ष्य मिले थे। सर्च के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर ही एसीबी ने राज्य सरकार के मंत्रिमंडल, निगरानी व सचिवालय विभाग से पीई दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। विभागीय अनुमति मिलने के बाद एसीबी ने इस संबंध में पीई दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीई जांच में आय से अधिक संपत्ति के साक्ष्य मिलने के बाद एसीबी इसे एफआईआर में तब्दील करेगी।

**ऑनलाइन ड्रग्स रैकेट का खुलासा**

# तीनों तस्कर मोबाइल पर बुकिंग कर स्कूटी से करते थे डिलीवरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

नशे के तस्करों के खिलाफ रांची पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। राजधानी में ड्रग्स का ऑनलाइन कारोबार करने वाले गिरोह के तीन तस्करों को पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार तस्करों के पास से पुलिस ने 32 पुड़िया ब्राउन शुगर भी जब्त किया है। राजधानी रांची में नशे के तस्कर युवाओं को ड्रग्स के आदी बना रहे हैं। शहर के युवाओं को ड्रग्स की सप्लाई करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में राहुल रॉय,अभिषेक और आलोक शामिल है। तीनों तस्कर शहर में मोबाइल पर ही ड्रग्स की बुकिंग किया करते थे और फिर स्कूटी के डिक्की में रखकर उसकी डिलीवरी किया करते थे। गिरफ्तार तस्करों के पास से पुलिस ने 32 पुड़िया उम्दा किस्म का ब्राउन शुगर बरामद किया है।



**गुप्त सूचना पर कारवाई :** रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि राजधानी में बड़े पैमाने पर ड्रग्स के कारोबार की सूचनाएं मिल रही थी, जिसके बाद सबसे पहले सदर इलाके को पुलिस के द्वारा टारगेट किया गया। जानकारी मिली थी कि इस इलाके में सबसे ज्यादा ड्रग्स के कारोबारी सक्रिय हैं। सूचना यह भी मिली थी कि बड़े ग्राउंड्स के आसपास ही अधिकांश ड्रग्स की डील की जाती है। इसी सूचना पर पुलिस की एक टीम सदर इलाके के में सादे लिबास में खुद ही ड्रग्स खरीदने के लिए पहुंच गई। इस दौरान तीन तस्कर 32 पुड़िया लेकर उसकी डिलीवरी करने पहुंचे थे इसी दौरान पुलिसकर्मियों ने उन्हें खदेड़ कर दबोच लिया।

### कांग्रेस ने टनल में फंसे 41 श्रमिकों को निकालने वाले रेस्क्यू टीम को दी बधाई

**रांची।** उत्तराखंड के सिलक्यार सुरंग से 17 दिनों के बाद 41 श्रमिकों को सफलतापूर्वक निकाले जाने पर रांची जिला कांग्रेस कमेटी ने रेस्क्यू टीम के सभी सदस्यों को बधाई दी है। रांची जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि उत्तराखंड से झारखंड के 15 मजदूरों को सकुशल बाहर निकलना राहत और सबसे खुशी की बात है। इस ऑपरेशन के बाद झारखंड की महागठबंधन सरकार भी लगातार श्रमिकों के परिजनों से संपर्क में है। सभी श्रमिक सुरक्षित और स्वस्थ रहें और उनके बेहतर उपचार के लिए व्यवस्था की गई है। कांग्रेस प्रवक्ता चंद्र रश्मि ने कहा कि 17 दिनों तक चल रहा बचाव अभियान कामयाब रहा और श्रमिकों को दोबारा नया जीवन मिला। टनल से बाहर निकलने वाले रांची ग्रामीण क्षेत्र के अनिल बेदिया, राजेन्द्र बेदिया, सुकराम बेदिया के परिवार के हर दुख-सुख में रांची जिला कांग्रेस परिवार साथ खड़ा है।


**मतदाता सूची में नए वोटरों को जोड़ने में जुटें प्राचार्य व कुलसचिव**

# सभी योग्य लोगों का मतदान पहचान पत्र बने ताकि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को समाहरणालय में महाविद्यालय के प्राचार्यों एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिवों के साथ बैठक कर मतदाता सूची में नये वोटरों का नाम जोड़ने को कहा। कहा गया कि वैसे विद्यार्थियों जिनकी उम्र एक जनवरी 2024 तक 18 वर्ष हो जाएगी उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ना जरूरी है।

बैठक में उप-निर्वाचन पदाधिकारी रांची विवेक सुमन एवं निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी-कांके 65 राजीव कुमार सिंह, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची मिथलेश केरकेटा, एडीपीओ झारखण्ड शिक्षा परियोजना कौशल किशोर, कुलसचिव एमिटी यूनिवर्सिटी रांची प्रभाकर त्रिपाठी एवं संत जेवियर महाविद्यालय रांची, डोरंडा महाविद्यालय रांची, निर्मला महाविद्यालय रांची, संत पॉल महाविद्यालय रांची एवं अन्य महाविद्यालय के प्राचार्य और प्रतिनिधि शामिल हुए।




उपायुक्त ने एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष के हो रहे विद्यार्थियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया थी बताई। उपायुक्त ने सभी से इसमें अपनी सहभागिता निभाने का आग्रह किया। जानकारी हो की, विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 का कार्य चल रहा हैं। जिसमें 09 दिसंबर 2023 तक दावा, आपत्ति का कार्य किया जाना है। जिनका नाम मतदाता सूची में नहीं जुडा है, वे प्रपत्र-6 भर कर मतदाता सूची में या बीएलओ एप के माध्यम से जोड़ सकते हैं। उपायुक्त ने सभी प्राचार्य एवं कुलसचिव को निर्देश देते हुए कहा की अपने-अपने महाविद्यालय/ विश्वविद्यालय में कैंपस एंबेसडर के माध्यम से छात्र/छात्राऐं को जागरूक कराए ताकि जो योग्य छात्र/छात्राऐं हैं वे प्रपत्र-6 भरकर या वोटर एप हेल्पलाइन के माध्यम से प्रपत्र-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकते है। उपायुक्त ने कहा कि जो मतदाता दिव्यांग श्रेणी में आते हैं, उन्हें मतदान केंद्रों में विशेष सुविधा मिले यह सुनिश्चित कर लें।

### अपनी पत्नी समेत सभी महिलाओं से माफी मांगे हेमंत सोरेन : आरती कुजूर

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष आरती कुजूर ने प्रेस बयान जारी कर कहा कि लोहरदगा में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का महिलाओं के प्रति दिया गया बयान अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, साथ ही झामुमो और उसके अगुवा और झारखंड के मुख्यमंत्री का महिलाओं के प्रति नजरिया पता चलता है। आरती कुजूर ने कहा कि एक तरफ केंद्र के मोदी सरकार महिलाओं को सशक्त कर रही है, वहीं झारखंड सरकार महिलाओं के नाम संचालित योजना को खत्म करने, महिलाओं के सम्मान को तार तार करने में लगे हैं। कुजूर ने कहा कि झारखंड की महिलाएं जेएमएम और मुख्यमंत्री की ओछी मानसिकता को समझ चुकी है। ब्यूटी पार्लर संबंधी बयान पर भाजपा नेत्री ने कहा कि सीएम के परिवार में पत्नी, मां-बहन भी ब्यूटी पार्लर जाती हैं। कई महिलाएं इस रोजगार के कारण अपना और अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है, इसलिए अपनी पत्नी सहित झारखंड की सभी महिलाओं से मुख्यमंत्री माफी मांगे।

# अवैध कीमती लकड़ियों से लदा ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वन प्रमंडल पदाधिकारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित वनकर्मियों की गश्ती टीम ने बुधवार को अवैध कीमती लकड़ियों से लदा एक ट्रक को जब्त कर लिया और चालक को गिरफ्तार कर लिया। वन कर्मियों ने गोवा-बारूडीह पथ पर बारूडीह गांव के समीप पुलिया के पास अवैध लकड़ियों से लदे ट्रक (जेएच 09 सी 9556) को बुधवार तड़के पीछा कर पकड़ लिया। ट्रक में 78 पीस कीमती सखुआ लकड़ी के बोटे लदे थे, जिसे ट्रक सहित जब्त कर वन प्रमंडल कार्यालय खूंटी लाया गया। मौके पर ट्रक के चालक सागर बोदरा को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि ट्रक पर सवार दो तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पकड़ी गई लकड़ियों की कीमत लगभग एक लाख रुपये आंकी गई है। यह जानकारी वन प्रमंडल पदाधिकारी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## मंत्री ने जीतकुंडी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का किया शुभारंभ

# पंचायतों में जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचा रही सरकार : बेबी देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** डुमरी प्रखंड के जीतकुंडी में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्धाअन स्थानीय विधायक सह राज्य की उत्पाद एवं मद्य निषेध मंत्री बेबी देवी ने किया. उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को पंचायत स्तर पर ही राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है. सरकार जरूरतमंदों तक जरूरी सुविधाएं पहुंचा रही है. अधिकारियों ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप, भू-राजस्व से जुड़े मामले, आयुष्मान कार्ड, सामुदायिक व व्यक्तिगत वन पट्टा, किसान क्रेडिट योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देते हुए इनका लाभ उठाने की अपील की. शिविर में लोगों के बीच कंबल,धोती, साड़ी, लुंगी तथा स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल खरीदने के लिए राशि का प्रतीकात्मक चेक वितरण किया गया. मंत्री ने शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों के स्टॉल का



निरीक्षण किया. इस दौरान अबुआ आवास के 705, साइकिल के 7, पेंशन के 9, शौचालय के लिए 32 व पशु शेड के लिए 23 लोगों ने आवेदन जमा किए. मौके पर बीडीओ अन्वेषा ओना, सीओ शशिभूषण वर्मा, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो, मंत्री बेबी देवी के प्रतिनिधि राजकुमार पांडेय, बरकत अली सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### गिरिडीह : ससुराल में रह रहे व्यक्ति की गला रेतकर हत्या

**गिरिडीह।** गांडेय थाना क्षेत्र के महजोरी गांव में एक व्यक्ति की गला रेतकर हत्या कर दी गई. मृतक की पहचान भीम पुजहर (40 वर्ष) के रूप में हुई है. वह बिहार के जमुई जिला के चकाई थाना क्षेत्र के रगमटिया गांव का रहने वाला था. वह अपनी ससुराल गांडेय थाना क्षेत्र चपरा में रहता था.बुधवार की सुबह ससुराल के बगल गांव महजोरी के टांड में उसका शव पाया गया. पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गयी है. मिली जानकारी के अनुसार, भीम पुजहर चपरा स्थित अपनी ससुराल में पत्नी मालती देवी व पांच बच्चों के साथ रहता था.वह चरवाहा का काम कर परिवार चलाता था. उसकी पत्नी ने बताया कि पति मंगलवार की दोपहर 12 बजे दुकान से सामान लाने की बात कह घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे. बुधवार की सुबह ग्रामीणों ने गांव से सटे महजोरी गांव के मैदान में शव देखकर सूचना दी. उसने बताया कि पति आए दिन ताड़ी-शराब पीकर कभी देर शाम, तो कभी देर रात घर लौटता था.

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई की बुधवार को दुलमी प्रखंड अंतर्गत होनहे शिवालय मन्दिर प्रांगण में बैठक संतोष महतो की अध्यक्षता और रविकांत महतो के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक के मुख्य अतिथि जेबीकेएसएस के केंद्रीय पदाधिकारी संजय मेहता उपस्थित हुए। बैठक में जिला के पदाधिकारीगण, प्रखंड कोर कमेटी के सदस्य तथा होन्हे के सभी समुदाय के लोग उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य अतिथि ने कहा कि झारखंडियों की पहचान 1932 का खतियान है इसलिये सभी को अभी एकजुट होने की जरुरत है। उन्होंने कहा की झारखंड के बने 23 साल हो गया, लेकिन अभी तक झारखण्डी कौन है इसकी पहचान नही हो पायी है। झारखंड में अभी तक नीति नियम नही बन पाया। यहां के लोगों को हक अधिकार मिल पा रहा है। कहा जेबीकेएसएस के केंद्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है। झारखंड का विकास टाइगर जयराम महतो के हाथों ही संभव है। मुख्य अतिथि ने कहा टाइगर जयराम महतो को लोगों का पूरा समर्थन मिल रहा है और 2024 के चुनाव में राज्य में बदलाव होगा। बैठक महिला कमेटी का विस्तार करते हुए संरक्षक पद के लिए ललिता देवी,अध्यक्ष मीना देवी, उपाध्यक्ष रूपा कुमारी, आजादी कुमारी, सचिव रीना कुमारी कोषाध्यक पुष्पा कुमारी को चुना गया। वहीं, पुरुष कमेटी में संरक्षक महेश्वर महतो, अध्यक्ष रविकांत महतो, उपाध्यक्ष रोहित महतो, प्रयाग महतो, सचिव रंजीत ओहदार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार को सर्वसम्मति से बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से संजय मेहता, पाणेश्वर कुमार, देवानंद महतो, युगेश चंद्रा भारती, संतोष टीडूवार, रोहित महतो, प्रयाग महतो, ललिता देवी, मीना देवी, रीना देवी आदि उपस्थित थे।

**एक नजर**

### जमीन व्यवसायी को अपराधियों ने मारी गोली, गंभीर

**धनबाद।** धनबाद के गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के आमा घाटा स्मार्ट सिटी के पास अपराधियों ने जमीन व्यवसायी को गोली मार दी है. जमीन व्यवसायी की पहचान कृष्णा मंडल के रूप में की गई है. गंभीर अवस्था में कृष्णा को जेपी हॉस्पिटल ले जाया गया है. जहां डॉक्टरों ने उसका इलाज शुरू कर दिया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद ऊढ अमर पांडेय हॉस्पिटल पहुंचे और मामले की जांच में जुट गए है. बता दें कि घटना गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के आमा घाटा स्मार्ट सिटी के निकट की है. अपराधियों ने व्यावसायी को कमर में गोली मारी है. फिलहाल उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है. वहीं बेहतर इलाज के लिए उनको रेफर करने की बात कही जा रही है. बता दें कि आज कृष्णा मंडल को गोली लगने के बाद उनको जेपी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था. हालत में सुधार नहीं होने पर तत्काल उन्हें पुलिस प्रशासन की देखरेख पर दुगार्पुर रेफर कर दिया गया.

### गिरिडीह में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने की पोस्टरबाजी

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में भाकपा माओवादी नक्सलियों ने पोस्टरबाजी की है. मंगलवार देर रात नक्सलियों ने जिले के कई इलाकों में पोस्टरबाजी की है. इसकी जानकारी बुधवार की सुबह लोगों को हुई. जिले के पीरटांड़, हरलाडीह और चिरकी में बुधवार सुबह नक्सलियों के पोस्टर देख लोग सहम गये. बता दें कि नक्सलियों ने 22 दिसंबर को भारत बंद बुलाया है. इससे तीन सप्ताह पहले ही नक्सलियों ने इलाके में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के उद्देश्य से पोस्टरबाजी की है. मंगलवार रात को नक्सलियों ने नक्सल प्रभावित पीरटांड़, हरलाडीह और चिरकी के इलाके में जहां-तहां पोस्टर साट दिये. हालांकि, पोस्टरबाजी की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर और सभी पोस्टर जब्त कर लिये हैं पुलिस ने पोस्टरबाजी की जांच शुरू कर दी हैं.

## मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू, 17 पंचायतों की टीम ले रहीं भाग

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** तीन दिवसीय प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट बुधवार को गावां के खेल मैदान में शुरू हुआ. तीन दिवसीय टूर्नामेंट में प्रखंड की 17 पंचायतों की टीमें भाग ले रही हैं. बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, बीडीओ महेंद्र रविदास, सीओ अविनाश रंजन, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी व झामुमो जिला उपाध्यक्ष इमरान अंसारी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया. पहला मुकाबला नगवां बनाम माल्डा के बीच खेला गया. नगवां की टीम ने माल्डा को एक गोल से हराया. वहीं, दूसरे मैच में गावां की टीम ने निमाडीह को 6 गोल से हरा दिया. इसी प्रकार तीसरे मैच में अमतरो की अम ने सांख को एक गोल से, जबकि चौथे मुकाबले में सेरुआ सेरुआ की टीम ने गदर को एक गोल से



हरा दिया. उद्घाटन समारोह में बीस सूत्री अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि टूर्नामेंट का आयोजन इसलिए किया जा रहा है कि क्षेत्र व जिले के खिलाड़ी चुनकर बाहर निकलें. प्रतियोगिता में उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का मौका मिलेगा. बीडीओ महेन्द रविदास ने बताया कि खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है. मौके पर मुखिया कन्हाय राम, मेराज उद्दीन, प्रियंका कुमारी, अखलेश यादव, अनिल कुमार, भिखदेव पासवान, गंगाधर पांडेय, मिराज अंसारी, रणधीर कुमार, शमशाद आलम, प्रदीप राम, गुड्डु सिंह, संतोष कुमार आदि मौजूद थे.

## कराटे में नीमडीह के युवकों ने जीता गोल्ड और सिल्वर

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में आयोजित चौथी नेशनल शोरीन रियू मात्सुबेशी ओपन कराटे चैंपियनशिप 2023 में चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के दो खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. मून सिटी मानगो जमशेदपुर में आयोजित प्रतियोगिता में नीमडीह प्रखंड अंतर्गत बाड़ेदा के बलदेव सिंह और रघुनाथपुर के पशुपति महतो ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया है. ग्रामांचल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा के दम पर खूब तालियां व मेडल बटोरी. प्रतियोगिता में बलदेव सिंह गोल्ड मेडल और पशुपति महतो ने सिल्वर मेडल जीतकर अपने जिला और क्षेत्र का नाम रोशन किया है. दोनों प्रतियोगी को ब्लैक बेल्ट काता वर्ग में मेडल मिला है. दोनों युवाओं के विजेता बनकर वापस लौटने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है. झारखंड शोरीन रयु मात्सुबेशी कराटे डो एसोसिएशन द्वारा जमशेदपुर में आयोजित प्रतियोगिता चौथी राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता थी. प्रतियोगिता में जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो व बौद्ध मठ जमशेदपुर के अध्यक्ष विषुद्ध नंदन भिक्षुक शामिल हुए. प्रतियोगिता में झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार, ओडिशा, उत्तरप्रदेश आदि राज्य के 400 प्रतियोगियों ने हिस्सा लिया. मौके पर कायो आशिकान कराटे डो के चीफ इन डायरेक्टर गोपाल कृष्ण बनर्जी के नेतृत्व में सरायकेला-खरसावां जिला के नीमडीह प्रखंड से दो प्रतिभागी शामिल हुए और दोनों ने मेडल हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया. इस अवसर पर पशुपति महतो ने कहा कि लड़के-लड़कियों को आत्मरक्षा के लिए कराटे सिखना चाहिए. युवाओं को इसका गुर सिखाने के उद्देश्य से इस क्षेत्र में कदम रखा था.

### गोमिया डिग्री कालेज में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर राज्यपाल से मिले विधायक डॉ. लंबोदर



**बोकारो।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिलकर गोमिया राजकीय डिग्री कॉलेज में पठन-पाठन सुचारू रूप से जारी रहे, इसको लेकर शिक्षकों की नियमित नियुक्ति करने की दिशा में तत्काल जरूरी कार्रवाई करने मांग की है। उन्होंने राज्यपाल को इस बात से अवगत कराया है कि राजकीय डिग्री कॉलेज में 520 छात्र-छात्राओं का नामांकन हो चुका है, मगर शिक्षकों के अभाव में पठन-पाठन का कार्य बाधित हो रहा है। उन्होंने राज्यपाल से बेरमो अनुमंडल को जिला बनाने को लेकर भी चर्चा की और उन्हें इस बाबत ज्ञापन भी सौंपा। साथ ही उनको आगामी 6 दिसंबर को बेरमो अनुमंडल के 51 वर्ष पूरे होने पर तेनुघाट में आयोजित होने वाले अनुमंडल स्थापना दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित भी किया है। राज्यपाल से उनके साथ मिलने वालों में तेनुघाट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कामेश्वर मिश्रा ,सचिव वकील महतो, समाज सेवी संतोष नायक, कुलदीप प्रजापति, नारायण प्रजापति एवं रामकिंकर पांडेय शामिल थे।

### जमशेदपुर : ड्यूटी खत्म कर घर जा रहे रेलकर्मी की सड़क हादसे में मौत

**जमशेदपुर।** ओडिशा के विमलगढ़ निवासी और रेलवे में गार्ड के पद पर तैनात 49 वर्षीय सुरेश कुमार बोदरा की मंगलवार रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. घटना चांदीपोश स्टेशन के निकट हाईवे पर रात 8:30 बजे हुई. दुर्घटना के समय वह राउरकेला से ड्यूटी खत्म कर अपनी बाइक से अपने घर लौट रहे थे. अचानक तेज रफ्तार भारी वाहन ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिर गए और उन्हें कुचलते हुए वाहन फरार हो गया. कुछ दिन पहले ही सुरेश कुमार का डांगोआपोसी से राउरकेला ट्रांसफर हुआ था. इस दुर्घटना से चक्रधरपुर रेल मंडल के रेल कर्मियों में शोक की लहर है. सभी ने इस घटना पर दुःख जताया है. इधर, बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया. परिजन शव को अपने गांव ले गए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा.

### जमशेदपुर : केवाईसी अपडेट कराने के नाम ठगी करने वाला शातिर गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जिला की साइबर सेल की टीम ने केवाईसी अपडेट कराने का मैसेज कर खाते से रुपये पार करने वाले गिरोह के एक शातिर को गिरफ्तार किया है. बुधवार को साइबर डीएसपी जयश्री कुजूर और थाना प्रभारी उपेंद्र मंडल ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर बिष्टुपुर साइबर थाना में दी. साइबर सेल की टीम अब ठगों के फरार तीन साथियों की तलाश में जुटी है. गिरफ्तार आरोपी सुमरित कुमार मंडल बिहार के बांका जिले का रहने वाला है. इसके पास से पुलिस ने ठगी में प्रयुक्त किए जाने वाले 10 मोबाइल, 32 सिम कार्ड और नौ हजार रुपए बरामद किया है. फिलहाल गिरोह का देवघर जिले के मुरली पहाड़ी का कुंदन कुमार मंडल, प्रदीप कुमार मंडल और गिरिडीह जिले के फुलजोरी का तुलसी कुमार मंडल फरार है. गिरफ्तार आरोपी सुमरित कुमार मंडल को पुलिस की टीम ने गोविन्दपुर थाना क्षेत्र के सुभाष नगर मोहल्ले से गिरफ्तार किया है. यह सभी पिछले छह माह से यहां किराए पर घर लेकर रह रहे थे और ठगी की घटना को अंजाम दे रहे थे. मकान मालिक को इन लोगों ने नौकरी ढूंढने की बात बताई थी, इस कारण इन्हें आसानी से घर किराए पर मिल गया था.


### युवती का अश्लील वीडियो वायरल करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**किरीबुरु (चाईबासा)।** किरीबुरु की एक युवती का अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाला मुख्य आरोपी तपन बैठा को किरीबुरु पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने इन्स्पेक्टर वीरेन्द्र एक्का के नेतृत्व में ओडिशा के रायरंगपुर से उसे गिरफ्तार किया. पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है. इस मामले में तीन अन्य आरोपी को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी है. उल्लेखनीय है कि तपन बैठा किरीबुरु की एक युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उसका अश्लील वीडियो बनाया. जब दोनों का ब्रेकअप हुआ, उसके बाद तपन अश्लील वीडियो को लेकर ब्लैकमेल करने लगा. तपन ने उस वीडियो को अपने कुछ दोस्तों के पास भी भेजा एवं सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. मामले की जानकारी मिलने के बाद युवती ने तपन व उसके कुछ दोस्तों के खिलाफ किरीबुरु थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई. इसके बाद पुलिस ने पहले तीन आरोपी को जेल भेजा. अपने साथियों की गिरफ्तारी की खबर के बाद से तपन फरार हो गया था.

## बैंकमोड़ के 4 दर्जन व्यापारियों को मिली है रंगदारी की धमकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के चार दर्जन से अ?धिक कारोबारियों को पिछले तीन दिनों के अंदर रंगदारी का फोन आ चुका है. सभी से बीस लाख रुपए एकमुश्त और तीस हजार रुपये महीना देने की मांग की गई है. नहीं देने पर जान से हाथ धोने की धमकी दी गई है. ऐसे में धनबाद का पूरा व्यापार जगत सहम उठा है. हालांकि मामले की मौ?खिक सूचना पुलिस को देने की बात कही जा रही है. लेकिन, थाना प्रभारी इस बात को लेकर सीधे तौर पर कुछ भी कहने से इंकार कर रहे हैं. सूत्रों की मानें तो पिछले तीन दिनों में बैंकमोड़ के कई बड़े व्यापारी व छोटे व्यापारियों को वाट्सअप कॉल पर धमकी मिली है. कॉल करने वाले ने सभी को जान से मारने की धमकी दी है. इस सामूहिक फोन कॉल के बाद पूरे बैंकमोड़ में दहशत का माहौल है. अधिकांश व्यापारी समय से पहले ही अपनी दुकान बंद कर दे रहे हैं. कुछ व्यापारी तो दुकान भी नहीं आ रहे हैं, जो आ रहे हैं वो छिपते-छिपाते व्यापार कर रहे हैं. जानकारों



का कहना है कि ऐसे मामलों में पुलिस ने अब तक 50 से अधिक लोगों को दबोचने का काम किया है. लेकिन रंगदारी के नेटवर्क पर कुछ खास अंकुश नहीं लग सका है. इसकी बड़ी वजह ये है कि इनके नेटवर्क के अधिकांश लोग धनबाद व आसपास के ही रहने वाले हैं. इनके पकड़े जाने के बाद जमानत से लेकर घर से समस्त खर्च तक उठाने का काम गिरोह की तरफ से कर दिया जाता है. वहीं, धनबाद जेल जाने के बाद गिरोह के काफी लोग पहले ही वहां होते हैं, इस कारण भी पकड़े जाने के बाद उनके मनोबल पर कोई फर्क नहीं पड़ता. ऐसे में यदि इन्हें धनबाद से अन्यत्र जेल भेजे जाय, तो शायद रंगदारी पर कोई असर पड़ सकता है.

### सड़क हादसे में घायल हार्डकोक भट्ठा कर्मी की रिम्स में मौत

**धनबाद।** गोविंदपुर-निरसा जीटी रोड पर नेरो मोड़ के पास रविवार की शाम सड़क दुर्घटना में प्रदीप हार्ड कोकभट्ठा कर्मी बापी मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया था. रांची स्थित रिम्स में इलाज के दौरान मंगलवार की रात उसकी मौत हो गई. दुर्घटना की सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना के इंस्पेक्टर जीतेंद्र कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर घायल बापी मंडल को अस्पताल भिजवाया था, जहां से उसे रिम्स रेफर किया गया था. उसके सिर में गंभीर चोट लगी थी. गुस्साए ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह प्रदीप हार्डकोक भट्ठा के गेट बापी मंडल का शव रख कर जाम कर दिया. बाद में झामुमो नेता धरनीधर मंडल, खतियानी नेता जयराम महतो व कुश महतो, कांग्रेस के मोइन अंसारी, टिंकू अंसारी की प्रबंधक गोविंद अग्रवाल के समझौता वार्ता हुई. पीड़ित परिवार को 7.5 लाख रुपए मुआवजा देने के लिखित आश्वासन के बाद आंदोलन समाप्त हुआ.प्रबंधन की ओर से परिवार को तत्काल 1.75 लाख रुपए नकद भुगतान भी कर दिया गया.

## दिशा की बैठक में छाया रहा पानी बिजली, सड़क व शिक्षा का मुद्दा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो।** बोकारो समाहरणालय में बुधवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक दिशा की बैठक धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई. बैठक में बोकारो विधायक बिरंची नारायण, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, बोकारो डीसी कुलदीप चौधरी, एसपी प्रियदर्शी आलोक सहित अन्य अधकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद थे. बैठक में पानी, बिजली, सड़क व शिक्षा का मुद्दा छाया रहा. सांसद पीएन सिंह ने कहा कि डीएमएफटी फंड का सदुपयोग करें और 5 एकड़ से कम क्षेत्रफल के तालाबों व अन्य जलाशयों का जीर्णोद्धार इस मद से करवाएं. एक भी स्कूल या आंगनबाड़ी शुद्ध पेयजल से वंचित न रहे. यह संबंधित विभाग व प्रशासन की जिम्मेवारी है कि शैक्षणिक संस्थानों में हर हाल में ये सुविधा बहाल करें. जो भी मामले सदन में आये हैं, उनका त्वरित समाधान करें और अधूरी योजनाओं की मोनिटरिंग कर जल्द पूरा करवाएं. गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो व बोकारो विधायक बिरंची नारायण ने जनहित के कई मुद्दे उठाए. मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी, उपाध्यक्ष बबीता कुमारी, उप विकास आयुक्त कीर्तिश्री जी आदि मौजूद थे.

**बेहतर प्रदर्शन**

## पीपुल्स एकेडमी में 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आयोजन

# 200 से अधिक विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के न्यू बाराद्वारी स्थित पीपुल्स एकेडमी हाई स्कूल परिसर में बुधवार को 31वें राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस-2023 का आयोजन किया गया. यह आयोजन प्रतिवर्ष की ही तरह इस बार भी भारत सरकार के राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू उपस्थित थीं. वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षा पदाधिकारी निर्मला कुमारी बरेलिया एवं उप विकास आयुक्त मनीष कुमार उपस्थित थे. इस विज्ञान कांग्रेस को पांच थीम में बांटा गया था. इसमें अपने पारितंत्र



को जानना, स्वास्थय पोषण व कल्याण को बढ़ावा देना, पारितंत्र व स्वास्थ्य के लिए सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रथाएं, आत्मनिर्भरता के लिए पारितंत्र आधारित दृष्टिकोण तथा पारितंत्र व स्वास्थ्य के लिए तकनीकी नवाचार शामिल था. निर्णायक मंडली में जमशेदपुर वीमेंस कॉलेज की डॉ अल्का रानी, नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी की डॉ अदिति गुप्ता व मौसमी घटक शामिल थीं. इसके अलावा नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी की रिसर्च स्कॉलर शबनम सुल्ताना, रीना गुप्ता, श्रेया श्रीवास्तव, प्रियंका पायल कुजूर, मीनाक्षी, रश्मि कुमारी ठाकुर, संगीता पांडे, बसंती कुमारी, अंकिता मंडल, शुरो संगीता मुखर्जी, प्रियंका पात्रा एवं प्रीति कुमारी सिंह उपस्थित थीं. इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की. मुख्य अतिथि बारी मुर्मू ने कहा कि बच्चों में बहुत प्रतिभा होती है. केवल उन्हें उभारने की आवश्यकता है. ग्रामीण एवं सुदूर इलाके के बच्चे भी इस विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभागी हैं. पूर्वी सिंहभूम के सभी राजकीयकृत, उत्क्रमित, केजीवीवी, अल्पसंख्यक समेत 120 से अधिक मान्यता प्राप्त विद्यालयों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया. विभिन्न प्रतियोगिताओं में 200 से अधिक विद्यार्थियों में शिरकत की.

### बेरमो : पिट्स मॉडर्न स्कूल में मना संविधान दिवस सप्ताह

**बोकारो।** गोमिया के पिट्स मॉडर्न स्कूल में बुधवार को संविधान दिवस सप्ताह मनाया गया. इस अवसर पर आयोजित क्विज, निबंध, पोस्टर मेकिंग व भाषण प्रतियोगिता में विद्यालय के 8वीं व 9वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई. प्राचार्य मनोज कुमार उपाध्याय ने कहा कि 26 नवंबर 1949 का दिन स्वतंत्र भारत के इतिहास का ऐतिहासिक दिन है. इसी दिन संविधान बनकर पूरा हुआ और उसे अपनाया गया. स्कूल की उपप्राचार्य डॉ विनीता पटनायक पाढ़ी ने कहा कि हर भारतीय नागरिक के लिए 26 नवंबर का दिन बेहद खास है और गौरवान्वित महसूस करने वाला है. वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक विश्वास व ओरिका गोमिया, विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष अरिंदम दास गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं.

# इचाक के बोंगा पंचायत में आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

## वृद्धा पेंशन की मिली स्वीकृति



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** ईचाक प्रखंड के बोंगा पंचायत में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में इचाक के बोंगा में रहने वाले अयोध्या राम को एक घंटे के भीतर ऑन द स्पॉट मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ दिया गया। मौके पर अयोध्या राम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे बहुत दिनों से मुख्यमंत्री वृद्धावस्था पेंशन योजना से जुड़ कर लाभ लेने के लिए प्रयासरत थे। जब उन्हें पता चला कि उनके पंचायत में शिविर लगी है, तो आज सुबह शिविर में पहुंचकर अपना आवेदन समर्पित किया। लगभग 45 मिनट में कागजात की जांच कर उनका वृद्धावस्था पेंशन स्वीकृति दे दिया गया और उनका नाम सूची में शामिल हो गया। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार और अंचलाधिकारी मनोज कुमार महथा ने उन्हें स्वीकृति पत्र प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इस स्वीकृति पत्र के सहारे प्रति माह वृद्धावस्था पेंशन के लाभ को प्राप्त कर सकेंगे। इससे उन्हें जीवन जीने में सहूलियत होगी। उन्होंने दोबारा मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

## बेंदगी में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार का समापन

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बीडीओ सीआर इंदवार की अगुवाई में बुधवार को बेंदगी पंचायत भवन में आपकी योजना- आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ. कार्यक्रम की शुरूआत प्रमुख मनोज रजक, जिप सदस्या प्रीति कुमारी, मुखिया सिकंदर राणा, उपमुखिया अशोक राणा, पंसस कलावती देवी, विस विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, तौकीर रजा, नेकांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया. कार्यक्रम में सीओ रामनारायण खलखो, बीसीओ संजय यादव, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार आदि सहित विभिन्न विभाग के पदाधिकारी मौजूद थे. कार्यक्रम में राजस्व, कृषि व पशुपालन, मनरेगा, सर्वजन पेंशन, आवास आदि सहित दर्जनों विभाग के स्टॉल लगाए गए थे. जहां लोगो ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया. जाति, आय, जन्म मृत्यु आदि कई आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया. वही अबुआ आवास के लिए भीड़ देखी गई. जानकारी के अनुसार अबुआ आवास के लिए 240, बिरसा कूप हेतु 4, जन्म प्रमाण पत्र 11,मृत्यु के 2, म्यूटेशन के 1, लगान रशीद 10, मनरेगा नया योजना 25, गुरु जी क्रेडिट कार्ड स्कीम 2, पेंशन 27, सावित्री बाई फुले योजनना 11, किसान क्रेडिट कार्ड 5, आधार इनरोलमेंट 2, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 14, ,राशन कार्ड सुधार 5 सहित अन्य 8 आवेदन प्राप्त हुए. कार्यक्रम में अतिथियों ने 42 लोगो को धोती साड़ी तथा 130 के बीच कम्बल वितरण किया. शिविर में प्रखंड सह अंचल कार्यालय से सीआई सतीश कुमार, राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक, सॉंवना मांझी, बीपीओ मो परवेज, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, मोहन मिर्धा, सागर कुमार, जीवलाल पासवान, मुकेश सिंह सहित कई लोग शामिल रहे.



## एक दिसंबर को सलैया में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम


**बरकट्ठा ।** प्रखंड के पंचायत सलैया पंचायत भवन में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आगामी 1 दिसंबर को आयोजित किया जायेगा। आयोजित कार्यक्रम में कई विभागों द्वारा शिविर लगाया जायेगा। इन शिविरों में सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ योग्य लाभुकों को दिया जायेगा। इस निमित्त मुखिया इंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित कई योजनाओं का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया जायेगा। इस अवसर पर सलैया पंचायत मुखिया ने आम जनों से अपील किया है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सरकार द्वारा संचालित योजनाएं का लाभ उठाएं।

**नल जल योजना ने बिगाड़ी बरकट्ठा क्षेत्र की सूरत**

## सड़क और गलियों की दुर्दशा से लोग परेशान







- नल लगाने के लिए मकान मालिक से मांगी जा रही ईंट : अहमद मियां
- नल लगाने के लिए घटिया किस्म के सीमेंट व बालू का हो रहा प्रयोग : कलावती देवी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** जिलेवासियों को शुद्ध पेय जल मिले इसके लिए सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नल जल योजना चलाई जा रही है। इसके तहत क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में नल जल योजना के पाइपों को बिछाने की प्रक्रिया जारी है। इसी क्रम में प्रखंड क्षेत्र के शिलाड़ीह गांव में सड़क किनारे जमीन खोदकर और रोड को बीच से तोड़कर पाइप बिछाने का कार्य किया जा रहा है। इस कारण रोड पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। वही भाकपा माले प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद का कहना है कि पीसीसी रोड को तोड़कर केवल पाइप को डालकर ऊपर से भर दिया जा रहा है तथा रोड की मरम्मत नहीं किया जा रहा है। साथ ही धुल उड़ने से लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है।कहा कि शिलाड़ीह पंचायत में नल जल योजना के तहत ठेकेदार के द्वारा सही से कार्य नहीं किया जा रहा है।राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिलाड़ीह के समीप नल लगाने के लिए घटिया सीमेंट से कार्य किया जा रहा है। स्थानीय निवासी बाबूलाल सिंह,अहमद मियां,कलावती देवी ने कहा यहां सीमेंट के जगह राख का प्रयोग किया जा रहा है। बालू की मात्रा ज्यादा और सीमेंट की मात्रा कम करके काम हो रहा है जिसे छूने से ही धंस जा रहा है। वहीं नल का पाइप लगाने के लिए ईटा हम लोगों से मांगा जा रहा है। लोगों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी से अविलंब इसकी जांच करने तथा उचित कार्य कराने की मांग की है।

## एक नजर

### डुप्लीकेट पार्ट्स बेचने की शिकायत पर दो दुकानदारों पर केस

**रामगढ़।** भुरकुंडा बाजार में टीवीएस के डुप्लीकेट पार्ट्स बेचने की शिकायत पर भुरकुंडा पुलिस ने दो दुकानदारों पर केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भुरकुंडा बाजार के दो दुकानों पर टीवीएस कंपनी के डुप्लीकेट पार्ट्स बेचने की शिकायत कोलकाता से टीवीएस कंपनी के अधिकारियों द्वारा भुरकुंडा ओपी में किया गया था। जिसके बाद भुरकुंडा पुलिस भुरकुंडा बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप फ्रेंड्स ऑटो पार्ट्स और आमिन ऑटो पार्ट्स दुकान बिरसा चैक में छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस ने दुकान से टीवीएस कंपनी का ब्रेक शू, फिल्टर और कई डुप्लीकेट पार्ट्स को जब्त कर ओपी ले आई। वहीं, पुलिस ने धारा 419, 420, 483, 486/34 आईपीसी एंड 103, 104 इंडियन ट्रेड मार्केटिंग 1999 और 63, 65 कॉपीराइट एक्ट 1957 के तहत दोनों दुकानों पर केस दर्ज किया है।

### हजारीबाग : दो दिन से लापता युवक का शव छड़वा डैम से बरामद

**हजारीबाग।** छड़वा डैम से 20 वर्षीय युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है. मृतक की पहचान पेलावल उत्तरी भली चौक निवासी इबरार उर्फ. नवाब के रूप में हुई है. युवक दो दिनों से लापता था. परिजन लगातार सगे संबंधी से जानकारी हासिल कर रहे थे. बुधवार सुबह गुमशुदगी का आवेदन लेकर पेलावल थाना पहुंचे थे. थाने में युवक का मोटरसाइकिल खड़ा देखा. पुलिस ने परिजनों को बताया कि छाड़वा डैम के पास लावारिस हालत में खड़ी मोटरसाइकिल को एक दिन पहले बरामद किया गया है. फिर डैम जाकर पुलिस और परिजन ने युवक की खोजबीन शुरू कर दी. तलाब के किनारे युवक का चप्पल देखा गया. एक घंटे बाद तालाब से युवक का शव पुलिस ने बरामद किया. शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है.

### विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर कार्यशाला

**हजारीबाग।** एसआरसी सेंटर के उद्घाटन सहित सॉफ्टेक के रजत जयंती के समापन समारोह का होगा आगाज बरही । आगामी दो दिसंबर विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस के अवसर पर बरही की पहली प्रतिष्ठित कंप्यूटर प्रशिक्षण संस्थान की ओर से साइबर फ्रॉड व सुरक्षा विषय पर सेमिनार और ऑनलाइन कार्य की जानकारी को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. दोनो कार्यक्रम रामनारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किए जाएंगे. जिसमे आठवीं कक्षा से ऊपर का कोई भी विद्यार्थी शामिल हो सकता है. इस कार्यक्रम में मात्र 100 प्रतिभागियों को शामिल किया जायेगा. जिसका गुरुवार से हजारीबाग रोड स्थित केंद्र में निःशुल्क पंजीकरण प्रारंभ किया

## राज्यपाल से मिले हजारीबाग विधायक, दिया निमंत्रण

### 14 दिसंबर को है 25 जोड़ों का सामूहिक विवाह

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** विधायक मनीष जायसवाल और उनके परिवार के द्वारा एक अनूठी और प्रेरक पहल की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत उनके सहयोग से हजारीबाग जिले के 25 जरूरतमंद जोड़े की सामूहिक विवाह हजारीबाग में आगामी 14 दिसंबर 2023 को संपन्न कराया जायेगा। इसके लिए सभी जोड़ों का चयन कर लिया गया है। विधायक मनीष जायसवाल ने बुधवार को राजभवन रांची पहुंचकर सूबे के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मिलकर इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम की पुरी जानकारी दी और इस उपलक्ष्य में महामहिम को निमंत्रण भी दिया। विधायक



मनीष जायसवाल ने महामहिम राज्यपाल से विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा भी की और उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त किया । मौके पर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि क्षेत्र के जरूरतमंद 25 जोड़े का सामूहिक विवाह का आयोजन व्यापक और भव्य होगा। पारंपरिक तरीके से पूरे विधि- विधान के साथ शादी कराया जायेगा।

## मॉडल विद्यालय के 120 विद्यार्थियों को मिला पोशाक

**बरही।** मलकोको पंचायत के बुंडू ग्राम स्थित मॉडल विद्यालय में कुल 120 विद्यार्थियों के बीच पोशाक वितरण किया गया. जिसमें बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय मुखिया विजय कुमार यादव शामिल हुए. विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुखिया ने कहा कि मॉडल विद्यालय पंचायत सहित पूरे प्रखंड का गौरव है. सरकार के द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ ले और लक्ष्य निर्धारित कर पढ़ाई जारी रखें. कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्षा रेणु देवी, शिक्षक फरजाना जावेद, संजय कुमार यादव, करण राम, मो आरिफ अंसारी, दीपक यादव, कालिंद मुंडा, टुनटुन देवी, राजेंद्र प्रसाद मेहता, वार्ड सदस्य बाबूलाल यादव, रोहित यादव, इंद्रदेव यादव आदि सहित कई लोग मौजूद थे।

## चार साइबर अपराधी गिरफ्तार, भेजा जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा ।** गोरहर पुलिस ने चार साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है। चारों साईबर अपराधी एस्कॉर्ट सर्विस वेबसाइट के माध्यम से लोगों से ठगी करते थे। जिसमें प्रकाश कुमार साव पिता परमेश्वर साव, संजय कुमार साव पिता अशोक साव, अजय कुमार साव पिता जागेश्वर साव, विकास नायक पिता ईश्वर नायक सभी ग्राम बंडासिंगा निवासी शामिल है। इन सभी पर आरोप है कि सभी आपत्तिजनक महिला और लड़की की तस्वीर भेजकर ठगी करते थे। पुलिस ने चारों आरोपियों के पास से चार मोबाइल बरामद की है। थाना प्रभारी शशि भूषण कुमार ने बताया कि सेक्स टॉर्शन में 25 वर्ष से कम उम्र के लोग शामिल है। इस मामले को लेकर गोरहर थाना कांड संख्या



39/23 के तहत मामला अंकित किया गया है। विदित हो कि इस काम में कम उम्र के लोग अधिक हैं। जिन्हें कम समय में अधिक पैसा कमाने की लत लग गई है। बीते दिनो पूर्व बरकट्ठा पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। लोगों के बीच चर्चा है कि इतनी गिरफ्तारी के बाद क्या साइबर क्राइम पर विराम लगेगी या आने वाले दिनों में और इसमें इजाफा देखने को मिलेगा।

## राधा गोविंद विवि ने 55 कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर

**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय ने 55 कंपनियों के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके उद्योग-शैक्षणिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। एमओयू पर 27 नवंबर को सुबह 11:00 बजे हस्ताक्षर किए गए, जो अपने छात्रों की रोजगार क्षमता बढ़ाने और उन्हें वास्तविक दुनिया का उद्योग अनुभव प्रदान करने की विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता में एक नया मील का पत्थर साबित होगा। जसप्रीत सलूजा के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कंपनियों के साथ संपर्क करने और एमओयू पर हस्ताक्षर करने के समन्वय में उनके अथक प्रयास इस ऐतिहासिक समझौते को सफल बनाने में सहायक रहे हैं। 55 कंपनियों में इन्वेस्टमेंटर सिक्योरिटीज लिमिटेड, नुटेस्ट फूड एंड ड्रिंक लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, मूल फाइनेंस, द फाइनेंशियलिस्ट (फिनफैम प्राइवेट लिमिटेड), और सर्टिफ-आईडी इंटरनेशनल जीएमबीएच उल्लेखनीय नाम शामिल हैं। "एमओयू के हस्ताक्षर पर राधा गोविन्द शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट की सचिव प्रियंका कुमारी , परीक्षा नियंत्रक डॉ . अशोक कुमार , वित एवं लेखापदाधिकारी डॉ . संजय कुमार , समिति के सदस्य अजय कुमार , सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ . रश्मि ने खुशी व्यक्त की एवं अपनी शुभकामनाएँ दी हैं ।

## मतदाता सूची में निबंधन के लिए शिक्षण संस्थानों में लगाएं कैंप : डीसी

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभाकक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह -उपायुक्त, हजारीबाग की अध्यक्षता में सभी डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज एवं +2 उच्च विद्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में उपायुक्त के द्वारा सभी शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों को 18-19 आयु वर्ग के युवा मतदाताओं/नागरिकों का नाम मतदाता सूची में निबंधन करने के लिए दिनांक 29.11.2023 से लगातार पंजीकरण कैम्प लगाने का निर्देश दिया गया। सभी महाविद्यालय/विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षण संस्थान में युवा एवं भावी मतदाताओं के लिए निर्वाचन साक्षरता क्लब का पुनर्गठन करने एवं प्रत्येक शिक्षण संस्थान के मनोविज्ञान के शिक्षक को नोडल पदाधिकारी के रूप में नामित करने तथा प्रत्येक कक्षा के लिए एक संयोजक नामित करते हुए सूची जिला शिक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग के माध्यम से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही सभी महाविद्यालय /विश्वविद्यालय एवं उच्च शिक्षण संस्थान में प्रतिदिन निर्वाचन से संबंधित एक कार्यक्रम आयोजित करने एवं अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के माध्यम से निर्वाचन के गतिविधियों यथा-निबंधन एवं सहभागिता के संबंध में प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया।

## प्रवासी मजदूर की कर्नाटक के रायचूर में निधन मुखिया के प्रयास से लाया गया शव

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत पंचायत चेचकपी के लारहो निवासी प्रवासी मजदूर बुधन सिंह ,पिता जागेश्वर सिंह की मौत कर्नाटक के रायचूर में हो गई। जिसके बाद पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव के प्रयास से वहां के ठेकेदार तथा मैनेजर से बात करने के बाद बुधवार को मृतक का शव पैतृक गांव लारहो पहुंचा। शव पहुंचते ही परिजनों के चित्कार से उपस्थित लोगों की आंखें भर आई। वहीं मुखिया प्रतिनिधि ने परिजनों को ढांढस बंधाया साथ ही कंपनी से मुआवजा दिलाने और हर संभव मदद देने का भरोसा दिया।

## विद्या विकास समिति की टीम ने सशिविमं का किया निरीक्षण

**हजारीबाग।** विद्या विकास समिति, झारखंड की निरीक्षण टोली ने आज सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली ,हजारीबाग में आकर शैक्षिक अवलोकन एवं निरीक्षण किया। निरीक्षण टोली के संयोजक अखिलेश कुमार, विभाग निरीक्षक ,गुमला विभाग सह प्रांतीय प्रतिनिधि , फणींद्रनाथ, विभाग निरीक्षक, रांची विभाग , वरुण कुमार चौधरी, प्राचार्य, राम प्रसाद चंद्रभान सरस्वती विद्या मंदिर ,रामगढ़ ,शर्मेंद्र कुमार साहू, प्राचार्य, कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर, झुमरी तिलैया, उत्तम मुखर्जी, प्राचार्य सरस्वती विद्या मंदिर, इंटर महाविद्यालय, लोहरदगा एवं विपिन कुमार दास, प्राचार्य, शीला अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, लोहरदगा के द्वारा शैक्षिक निरीक्षण किया गया।

## डीवीसी क्लब में तीन दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** दामोदर घाटी निगम के हजारीबाग परियोजना में आज से 01.12.2023 तक अखिल घाटी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन डीवीसी क्लब में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह आज आयोजित किया गया । इस समारोह के मुख्य अतिथि शसंजय कुमार, निदेशक (भूसंवि) व परियोजना प्रमुख, दाघानि, हजारीबाग थे। जिन्होंने दाघानि परिसर में डीवीसी का झण्डोत्तोलन करके इस प्रतियोगिता का विधिवत शुरूआत की । प्रतियोगिता में दामोदर घाटी निगम के विभिन्न परियोजनाओं की पांच टीमें भाग ले रही हैं । यह प्रतियोगिता टीम वर्ग और व्यक्तिगत वर्ग दोनों में रॉबिन लीग आधार पर आयोजित की जा




रही है । झारखण्ड से मैथन बांध, बोकारो थर्मल और हजारीबाग परियोजना एवं बंगाल से मेजिया ताप विद्युत केन्द्र और दुर्गापुर ताप विद्युत केन्द्र इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं ।इस प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक विनोद कुमार साव हैं। जिनके मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता का सफल संचालन किया जा रहा है और उप निर्णायक रिंकी देवी हैं। कार्यक्रम के शुरूआत में संजय कुमार, निदेशक(भूसंवि) व परियोजना प्रमुख, हजारीबाग ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का स्वाागत करते हुए कहा कि हजारीबाग परियोजना में इस प्रतियोगिता का होना बड़े ही गर्व की बात है।

## मुखिया का दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रखंड मुख्यालय में शुरू

**बरकट्ठा।** प्रखंड मुख्यालय में पंचायती राज विभाग झारखंड के निदेर्शानुसार मुखिया का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बुधवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में प्रारंभ हुई। हजारीबाग जिला के बरकट्ठा, चलकुशा एवं विष्णुगढ़ प्रखंड के मुखिया का सबकी योजना सबकी विकास अभियान के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024 - 25 के वार्षिक योजना के निर्माण हेतु जीपीडीपी, एलएसडीजी से संबंधित विषय के चयन के संबध में दो दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। उपस्थित सभी मुखिया एवं प्रखंड प्रधान सहायक श्रीकर चौधरी द्वारा सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। मौके पर बरकट्ठा प्रखंड समन्वयक संतोष कुमार , सुनील कुमार टाटीझरिया, अशीन अंसारी आदि मौजूद थे।

**हजारीबाग अग्निकांड** | गायत्री टेंट हाउस में लगी थी आग, चार हैं गंभीर

## सेवा करना हमारा सबसे बड़ा धर्म : हर्ष अजमेरा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** शहर के मालवीय मार्ग कालीबाड़ी रोड के समीप सोमवार को देर शाम गायत्री टेंट हाउस के संचालक अंजन विश्वकर्मा के निवास स्थान में आग लग गई। और देखते ही देखते आग पूरी घरों में फैल गया। घर के अंदर चार सदस्य मौजूद थे। स्थानीय लोगों के प्रयास से चार सदस्यों को घर से बाहर निकाला गया। जिसमें अन्नू 6 वर्षीय की मौत हो गई, इसके बाद सभी को सरकारी अस्पताल भेजा गया। परिजन वहां संतुष्ट न होने के बाद हजारीबाग शहर के सबसे चर्चित आरोग्यम अस्पताल में सोमवार को भर्ती कराया गया। इसके बाद अस्पताल के चिकित्सकों की टीम में डॉक्टर बी. एन.प्रसाद, डॉक्टर हीरा लाल, डॉक्टर मनीष कुमार के द्वारा अंजन विश्वकर्मा 55 वर्षीय, नीरज विश्वकर्मा 28 वर्षीय, रेखा देवी 54 वर्षीय एवं अन्वाई एक वर्षीय का इलाज किया जा रहा है। परिजन तथा मरीज दोनों अस्पताल के इलाज से काफी संतुष्ट है। चिकित्सकों की टीम के द्वारा दिन में दो से तीन बार वार्ड में राउंड के माध्यम से उनसे जानकारी लिया जा रहा है उनका देखरेख किया जा रहा है। वहीं मंगलवार को देर शाम सदर अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार अस्पताल परिसर पहुंचकर घायलों से हाल-चाल लिए, घायलों के साथ मौजूद परिजनों से घटना की जानकारी ली साथ ही अस्पताल के इलाज से



संतुष्ट हुए और निर्देशक तथा प्रशासक को बधाई दी। साथ ही घायलों तथा उनके परिजनों को कहा कि आपके साथ जिला प्रशासन सदैव खड़ी है। वहीं अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा की लोगों की सेवा ही करना हमारा सबसे बड़ा धर्म है। मै स्वयं घायल अवस्था में आए लोगों की जानकारी ले रहा हूं, चिकित्सकों की टीम के द्वारा लगातार सेवा प्रदान की जा रही है। सोमवार की स्थिति के बाद आज की स्थिति में काफी बदलाव है। घायल अवस्था में आए सभी लोग अस्पताल के इलाज से काफी संतुष्ट है। वहीं अस्पताल की प्रशासन जया सिंह ने कहा कि सभी कोई बहुत जल्द रिकवरी कर जाएंगे 1 वर्ष के बच्चे के चेहरे पर थोड़े से जलने की दाग आई है वह भी जल्द ही हट जाएगा। अस्पताल जिले वासियों की सेवा के लिए सदैव तत्पर है।

## बाबूलाल मरांडी पहुंचे हजारीबाग हर्ष अजमेरा ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग ।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आगमन हजारीबाग में हुआ। शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उनसे शिष्टाचार मुलाकात कर जिले के विभिन्न विषयों से उन्हें रूबरू करवाया साथ ही श्री अजमेरा ने उन्हें सोमवार को हुए अग्निकांड मामले को भी लेकर विस्तार से जानकारी दी। बताया कि परिजन द्वारा सरकारी अस्पताल से संतुष्ट न होने पर आरोग्यम अस्पताल में घायलों का उचित इलाज कराया जा रहा है, साथ ही अजमेरा ने उन्हें बताया कि अग्निकांड मामले में 6 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई है। मौके पर बाबूलाल मरांडी ने अग्निकांड मामले पर बेहद दुखी होते हुए कहा कि जिला प्रशासन एवं मेडिकल कॉलेज ऑफ



अस्पताल के दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति के कारण 6 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। साथ ही कहा सदर अस्पताल से मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल हो गया है उसके बाद भी उपकरण मौजूद नहीं है यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण बात है। यदि सभी उपकरण अस्पताल में मौजूद रहते तो नन्ही बच्ची आज अपने परिजन के साथ रहती। साथ ही कहा कि गायत्री टेंट हाउस के संचालक के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं।

# नागपुरी गीतों से गूंजा जलडेगा का रास मेला, रातभर झूमे लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखण्ड मुख्यालय हाई स्कूल मैदान में नवयुवक संघ, मोटिया संघ एवं रास मेला समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय राधा कृष्ण रास मेला मंगलवार रात्रि आयोजन किया गया। आयोजन पुर्व पारम्परिक तरिके से ग्राम पहान, गंझू जंमीनदार हेमशरण सिंह, ढोलो सिंह, के द्वारा भगवान इंद्र व इंद खुटकटी और राधा कृष्ण की प्रतिमा में विधिवत पुजन कर किया गया। ठेट एवं आधुनिक नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगमंच का प्रखण्ड प्रशासनिक अधिकारी सीओ मधुश्री मिश्रा, बीडीओ पंकज कुमार, थाना प्रभारी हिरालाल महतो, सांसद प्रतिनिधि सुजान मुण्डा और प्रमुख जुसाफ लुगून, जीप सदस्य रोजालिया शान्ता कन्डुलना, मुखिया शिशिर डांग, उप प्रमुख सत्यभामा, राजेश अग्रवाल, महाप्रसाद सिंह, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इससे पूर्व सभी मंचासीन अतिथियों का आयोजन समिति सदस्यों द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया गया। सीओ मधुश्री मिश्रा ने मेला को संबोधित करते हुए कहा हमारी परम्परा, वेशभूषा, संस्कृति ही हमारी पहचान है, जलडेगा रास मेला इसकी प्रत्यक्ष उदाहरण है कहा रास मेला पुर्वजों की हरोहर के रुप हमारी जिम्मेवारी है, इसको संजोए रखना हम सभी की जिम्मेवारी है। बीडीओ पंकज कुमार ने कहा रास मेला जिले की दुसरी सबसे बड़ी मेला मेला है इसे बिकसीत करना और सम्भालना हम सभी की जिम्मेवारी है। थाना प्रभारी हिरालाल महतो ने कहा शांतिपूर्ण मेला का आनंद लें जलडेगा रास मेला सभी दृष्टिकोण से अपने आप में एक अच्छी छवि रखती है। एन्कर सुभाष साहू के



नेतृत्व में गायक कयूम अब्बास द्वारा वंदना संगीत के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुरूआत किया जिसके बाद एक से बढ़कर एक नागपुरी ठेट व आधुनिक गीतों का दौर शुरू किया गया, रिकार्डिंग नृत्य का भी लोगों ने रातभर जमकर आनंद लिया। कयूम अब्बास की गीत देखलो जलडेगा गांवे, कार्तिक पुर्णिमा दिनें रास मेला लागे ,नर ले सुन्दर आहें नारी। पर जमकर लोग झुमे, आधुनिक नागपुरी गीतकार अनिता और नितेश कच्छप ने भी जोरदार रंग जमाया सुन्दर चेहरा के काले बिगडाले, ब्यूटी पार्लर में चाइके,....काया कोमल गोरिया, दुइ चोटी पिन्धेल करिइया....के आधुनिक गीतों पर नाचने पर



मजबुर हो गए। गायक सुहाना देवी, चिन्ता देवी पुनम गायक बुद्धमन सन्यासी,आरती देवी सुहाना देवी ने भी एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुती की वहीं वादक पैड पर सुधीर, टिंकु, बांसुरी पर संदेश आर्गन पर रवि राम, गिटार पर रजत और हुलास महतो ने अपने मांदर की थाप पर गीतो को सजाए रखा। काब्या, दिब्या, संगम ने भी रिकार्डिंग नृत्य पर लोगों को जमकर रिझाया। मेले में स्थानिय पारम्पारिक जौदरा नृत्य, राटा नृत्य, पैंकी नृत्य, झुमर नृत्य समेत मेले में मौत कुंआ, बुगी बुगी, ब्रेक डांस, ड्रैगन झुला, इलेक्ट्रिक ट्रेन, जंपिंग, बच्चों का झूला की भी लोगों ने लुप्त उठाया। उस्ताद हेम सिंह ने नेतृत्व में सारिडीह विणा पानी छऊ नत्य कल्ब पश्चिम बंगाल के 38 सदस्ये टीम ने धार्मिक आधारित प्रसंग बाबा भोला महेश्वर, फुल बागवानी, वानरे अत्याचार, मुर्खो ब्याधो हरिण शिकार, सहस्त्र कवच वध, सतोसिरा रावण वध, सिता महाकाल रूप धारण, हिरात अर्जून, पर बांगला पर छऊ नृत्य की प्रस्तुति की गई।

### शांति व्यवस्था के लिए सुरक्षा के थे पुख्ता इंतेजाम

अनुमंडल पदाधिकारी के निदेर्शानुसार मेला में शांति व्यवस्था को लेकर दंडाधिकारी के रूप में पंकज कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं डॉ जॉनसन भेंगरा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी को आयोजित सभी रंग मंच, एवं प्रकाश मुंडा सहायक अभियंता को जलडेगा चौक, एवं बृज बिहारी प्रसाद प्रखंड कृषि पदाधिकारी को विलियम चौक एवं अर्नेष्ट लकड़ा कनीय अभियंता को हाई स्कूल के ऊपरी मैदान में रहकर संपूर्ण मेला का भ्रमण करते रहने का निर्देश है। सोनू कुमार नायक कनीय अभियंता को हाई स्कूल के नीचे मैदान में रहकर संपूर्ण मेला का भ्रमण करते रहना निर्देश दिया गया एवं संजीता कुमारी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को दुर्गा मंदिर के पास रहने का निर्देश दिया गया था एवं अनूप टेटे प्रभारी कल्याण पदाधिकारी कोओडगा रोड में जिम्मेदारी दिया गया है। मधुश्री मिश्रा अंचल अधिकारी को मेले में संपूर्ण विधि व्यवस्था का प्रभार दिया गया था। इसके अलावा बानो थाना, बांसजोर थाना, ओडगा थाना सहित जिले के कई पुलिस जवान मेले में अलग अलग जगहों में तैनात किए गए थे।

## एक नजर

### फादर हेरमन ऐरगेट को दी गई विदाई

**सिमडेगा।** बीरू भिखारीएट के युवा संचालक फादर हेरमन ऐरगेट को वीर भिखारीएट के डिन फादर गबरिएल डुंगडुंग की अध्यक्षता में विदाई समारोह रखा गया। सर्वप्रथम विदाई सॉन्ग गाकर एवं बुके देकर फादर को विदाई किया गया। हेरमन ऐरगेट खंजालोया पारिश के संचालक के साथ साथ बिरू भिखारिएट यूथ संचालक पद पर कार्यरत थे। एवं खंजालोया संत लुईस हाई मे शिक्षक के पद पर पदस्थापित थे फादर ऐरगेट बानो प्रखंड के टाटी पारिश में आगे की सेवाकई के लिए जा रहे हैं।अंत मे बिरू भिखारीएट के युवक युवतियों ने फादर हेरमन ऐरगेट के भावी जीवन और सेवाकई के लिए सुभकामना दिया। बिदाई समारोह में बिंधाईन टोली के फादर हेरमन खालखो रोशन डुंगडुंग संदीप रिमिस दिबया आदि उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय नाइट सर्कल क्रिकेट टूर्नामेंट 10 दिसंबर से

**सिमडेगा।** बुधवार को अब्दुल बासित की अध्यक्षता में आजाद हिंद क्लब के बैनर तले एक बैठक रखी गई। जिसमें सर्वसहमति से निर्णय लिया गया कि स्वर्गीय पत्रकार हारून रशीद स्मृति नाइट सर्कल पांच दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विजेता को 35000/ की नगद राशि एवं उपविजेता को 25000/ की नगद राशि से नवाजा जाएगा। टूर्नामेंट की अध्यक्षता मोहम्मद हारिस करेंगे। उपाध्यक्ष की कार्यभार ऋषभ शाह संभालेंगे। सचिव- मोहम्मद शाद, उप सचिव- मोहम्मद मीम,खजांची- मोहम्मद दानिश, मोहम्मद उमराज होंगे। सदस्य मोहम्मद वसीम अकरम, मोहम्मद अमजद, मोहम्मद शादाब, मोहम्मद जैद, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद शब्बीर, मोहम्मद अदनान, मोहम्मद फरहान, मोहम्मद आकिब , मोहम्मद सैफ, मोहम्मद शाहबाज, साबिर खान होंगे। संयोजक कमेटी के द्वारा बताया गया कि टूनामेंट 10 से 14 दिसंबर तक ईदगाह मुहल्ला केटीएम शोरूम के बगल वाली मैदान में होगी।

## राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने गुवाहाटी गई सशिविमं की विनीता

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा सिमडेगा की छात्रा विनीता कुमारी हुई गुवाहाटी रवाना । सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलडेगा की कक्षा 9वीं में अध्यनरत छात्रा विनीता कुमारी का चयन भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत होने वाले योगासन भारत के राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए हुआ है ।अपने टीम के सदस्यों के साथ विनीता कुमारी बुधवार को असम राज्य के राजधानी गुवाहाटी के लिए प्रस्थान की । प्रधानाचार्य जितेंद्र पाठक ने विनिता कुमारी को पुष्पगुच्छ देते हुए शुभकामना देकर विद्यालय से प्रस्थान कराया तथा राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए सभी आचार्य-आचार्या ने उसे आशीर्वाद दिया । बहन विनीता



कुमारी को विदा करने के लिए तथा शुभकामना देने में विद्यालय के आचार्य मनोज प्रसाद , आशीष बड़ाईक, मनोज कुमार , ओम प्रकाश आलोक नाथ साहू, निरंजन सिंह, आचार्या गौरी देवी, सीमा कुमारी, सोनिया कुमारी , सुषमा प्रधान, गीता कुमारी, सुलोचना कुमारी, मुदित टोप्पो ,ममता कुमारी, प्रमिला किंडो, ममता कुमारी, आशा मुंडा, शारदा मिश्रा, चंपा मांझी ,सरिता कुमारी, पूजा अनुरागिनी, संतोषी कुमारी, अलका कुमारी ,रोशनी कुमारी आदि थे।

### सिमडेगा बाजार में क्लीन टॉयलेट कैंपिंग का आयोजन

**सिमडेगा।** भारत सरकार की अति महत्वकांशी योजना स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत ₹क्लीन टॉयलेट कैम्पिंग₹ दिनांक 19 नवंबर 2023 विश्व शौचालय दिवस से 20 दिसंबर 2023 गुड गवर्नेंस डे तक आयोजित की गई है। इसके तहत बुधवार को नगर परिषद सिमडेगा के सफाई मित्र कार्यालय बाजार टांड़ में ₹क्लीन टॉयलेट कैम्पिंग₹ का आयोजन किया गया। इसके तहत परिसर में अवस्थित सामुदायिक शौचालय की मरम्मती की गई और स्वच्छ भारत मिशन के निर्देश के अनुरूप तैयार किया गया। इस कार्यक्रम में नगर परिषद के नगर प्रबंधक और श्री श्याम एस.डब्लू.एम सिमडेगा प्राइवेट लिमिटेड कर्मी के साथ एन.सी.सी कैडेट्स ने भी भाग लिया और शौचालय के पास पौधा रोपन भी किया। मौके पर सभी को शौचालय का उपयोग स्वंय एवं अन्य को भी उपयोग करने हेतु आम जनता को भी जागरूक करने के उद्देश्य से कैम्पिंग का शुभारंभ किया गया।

## केरसई के दो पंचायतों में संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** केरसई प्रखंड के टेंसर पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के बीच केंद्र सरकार के विकास योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया एवं लोगों को इसका अधिक से अधिक लाभ उठाने के तरीके सुझाए गए। कार्यक्रम का उदघाटन अंचलाधिकारी बलिराम मांझी, सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता, पूर्वी मुखिया अगुस्ता डुंगडुंग, पश्चिमी मुखिया मानवेल कुजूर, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनकीलाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंचलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ सिर्फ आज ही नहीं बल्कि इसके बाद भी पंचायत सचिवालय एवं प्रखंड मुख्यालय आकर आम जनता ले सकते हैं।आज का



कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना है ताकि वह अपने अधिकार को समझे।सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच है की गांव के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ मिले ताकि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र की श्रेणी में आये। इसके लिए हम सबों को प्रयास करना होगा।सांसद प्रतिनिधि ने किनकेल गैस एजेन्सी पर ग्रामीणों की गैस नही देने की शिकायत पर नाराजगी जाहिर की और कहा कि एजेंसी प्रधानमंत्री के महत्वाकांक्षी योजनाओं को फेल करने का प्रयास न करें। मंडल अध्यक्ष मनकी लाल ने केंद्र सरकार की योजनाओं का सविस्तार वर्णन किया एवं उपस्थित जन समूह से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।मौके पर उप मुखिया सागर पाहन, उप मुखिया खुशबू देवी,सीआई संत कुमार सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य चन्द्रनाथ प्रधान, कैलाश मेहर,सुधीर मांझी, आलोक साहू सहित प्रखंड कर्मी एवं आमजन मौजूद थे।

## डीएवी पब्लिक ने एमपीएस को 127 रनों से हराया



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट में डीएवी पब्लिक स्कूल और मॉडर्न पब्लिक स्कूल के बीच मैच खेला गया. पहले बल्लेबाजी करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल ने 30 ओवर में छह विकेट खोकर 238 रन बनाए. पीयूष सिंह ने सर्वाधिक 114 रनों का योगदान दिया. वहीं, आलोक ने 40 व बिट्टू ने 18 रन बनाए. वहीं, गेंदबाजी करते हुए आसिफ ने दो विकेट और सौरव, सुधांशु व सौरव ने एक-एक विकेट लिए. जवाबी पारी खेलने उतरी मॉडर्न पब्लिक स्कूल की टीम 24.3 ओवर में 111 रनों पर ही सिमट गई. अनुज ने 35 और नित्यानंद ने 11 रनों का योगदान दिया. गेंदबाजी करते हुए डीएवी पब्लिक स्कूल की ओर से पीयूष ने तीन विकेट और आलोक व आनंद ने दो-दो विकेट लिए.

### पीयूष को मिला 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार

बेहतर प्रदर्शन के लिए डीएवी पब्लिक स्कूल के पीयूष सिंह को मैन ऑफ द मैच चुना गया. मैच में अंपायर की भूमिका में अमित कुमार और कुमार सुनील कश्यप थे. वहीं, स्कोरर का कार्य अक्षय कुमार ने किया. मौके पर केडीसीए के सचिव दिनेश सिंह, टूर्नामेंट के चेयरमैन कृष्णा बराहपुरिया, वाइस चेयरमैन सुरेंद्र प्रसाद, अनिल सिंह, मनोज सहाय पिंकू, डॉ. उपेंद्र भदानी, पंकज सिंह, विनोद विश्वकमा आदि मौजूद थे.

### कोडरमा : स्टोन चिप्स लदा 4 ट्रैक्टर जब्त

**कोडरमा।** जिला खनन पदाधिकारी दरोगा प्रसाद राय और थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार राणा ने अवैध उत्खनन के खिलाफ अभियान चलाया. अभियान के दौरान पांडेयडीह चौक के पास से गिट्टी लदा चार ट्रैक्टर जप्त किया गया.वहीं डंडाडीह पावर हाउस के पास से बालू लदा एक ट्रैक्टर को पकडा गया. थाना प्रभारी राजेन्द्र कुमार राणा ने बताया कि ढुलाई बगैर परिवहन चालान के हो रहा था. अभियान में एएसआई विकास कुमार और पुलिस बल के जवान शामिल थे.

### दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का आयोजन

**कोडरमा।** समाहरणालय परिसर में मंगलवार को श्रम नियोजन प्रशिक्षण और कौशल विभाग जिला नियोजनालय सह मॉडल कैरियर सेंटर के तत्वधान में मंगलवार को दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। उदघाटन डीसी मेघा भारद्वाज, डीडीसी ऋतुराज, जिला नियोजन पदाधिकारी मो. इमरान फारूखी ने द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान डीसी मेझा भारद्वाज ने कहा कि इस रोजगार मेले का उद्देश्य शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना है।

## ग्रिजली स्कूल में कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट विषय पर वेबिनार का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** ग्रिजली स्कूल तिलैया डैम में स्टूडेंट सर्विस सेल द्वारा मंगलवार को क्लास 10वीं से 12वीं तक के छात्रों के लिए कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट पर केंद्रित समृद्ध वेबिनार का आयोजन किया गया। कानून के क्षेत्र में अपना करियर बनाने के इच्छुक छात्रों के मार्गदर्शन के लिए तैयार किए गए वेबिनार में बतौर मुख्य वक्ता दिल्ली हाई कोर्ट की प्रैक्टिसिंग वकील रिया सेठ शामिल हुई। कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट की तैयारी और कानूनी पेशे की बारीकियों पर व्यापक अंतर्दृष्टि प्रदान किया गया। अधिवक्ता रिया सेठ ने कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट के जटिल पहलुओं में गहन अंतर्दृष्टि साझा की, रणनीतिक सुझाव दिए और इस प्रतिस्पर्धी परीक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए जरूरी बुनियादी कौशल पर प्रकाश डाला। ग्रिजली स्कूल के सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा कि इस तरह की पहल समग्र शिक्षा प्रदान करने और अपने छात्रों की महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा देने ग्रिजली स्कूल के समर्पण को दर्शाती है। उप प्राचार्या अंजना कुमारी ने कहा कि यह वेबिनार अपने छात्रों को वास्तविक दुनिया के ज्ञान और मार्गदर्शन से लैस करने, उन्हें उनके चुने हुए क्षेत्रों में सफल भविष्य के लिए तैयार करने में मददगार साबित होगी। संचालन स्टूडेंट सर्विस सेल के संयोजक सुधांशु कुमार ने किया। वेबिनार के सफल आयोजन में स्टूडेंट सर्विस सेल के सौरव दास, शफीक आलम, शहबाजूल इस्लाम, शिक्षक कुमार राजीव आदि की

### लैंगिक भेदभाव को खत्म करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** संत जेवियर कोलेज सामटोली सिमडेगा में महिला हिंसा प्रतिरोध पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम लैंगिक भेदभाव को खत्म करने के लिए जागरुकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। मौके पर महिला अधिकार कार्यकर्त्ता अगुस्टीना सोरेंग ने महिला हिंसा उन्मूलन पखवाड़ा 25 नवंबर- 10 दिसंबर तक इस अभियान के तहत लैंगिक भेदभाव के खात्मे के लिए विश्वव्यापी तौर पर अभियानों के साथ हिंसा का प्रतिकार करने के लिए आह्वान किया।उन्होंने बताया कि इस बार का वैश्विक थीम ₹ महिला एवं लड़कियों को लैंगिक हिंसा से बचाने के लिए निवेश करने₹ का विषय के बारे होने की भी जानकारी दिया और बताया कि जेंडर बजट का प्रावधान भी है जो महिलाओं के लिए सुरक्षित समाज और बराबरी लाने के उद्देश्य के लिए ही आवंटित किए जाते हैं। पर ये दुर्भाग्य है कि पितृसत्ता का प्रभाव के कारण हर स्तर पर गैप है जिसके कारण देश भर में महिलाओं की स्थिति ठीक नहीं है।

### बीजेपी ने राज्य सरकार का पुतला फूंका



**सिमडेगा।** उड़ीसा के राज्यपाल सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पर दिए गए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आपत्तिजनक बयान के विरोध में बीजेपी सिमडेगा ने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया।भाजपा ओबीसी मोर्चा के सिमडेगा जिला अध्यक्ष महेश कुमार साहू के नेतृत्व में महावीर चौक में पुतला दहन का कार्यक्रम किया गया। जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण? बडाईक मुख्य रूप से शामिल हुए।मौके पर उन्होंने कहा कि एक मुख्यमंत्री को एक राज्यपाल के बारे में ऐसी आपत्तीजनक बातें नहीं करनी चाहिए।मौके पर जिला महामंत्री दीपक पुरी, जिला कार्यालय प्रभारी श्रीलाल साहू, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अजय कुमार,आदि उपस्थित थे।

**मामला** — सड़क निर्माण में गड़बड़ी का आरोप, डीसी से शिकायत

# पथ निर्माण कार्य को ग्रामीणों ने रोका

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले में इन दिनों सरकारी कार्यों में अनियमितता बरते जाने की शिकायत लगातार मिल रही है. शिकायत मिलने पर जांच भी कराई जाती है लेकिन नतीजा शून्य निकलता है. ताजा मामला जिला मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर दूर पंचायत पांडेयडीह में (ग्रामीण कार्य विकास विभाग) बन रही सड़क का है. आरईओ द्वारा आरसीडी रोड से खैरीडीह आरईओ रोड भाया रतिथम्भाई तक करीब 3 किलोमीटर सड़क बनवायी जा रही है. संवेदक पर आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया किस्म का गिट्टी, बालू और सीमेंट का उपयोग कर रहे हैं. मौके पर पहुंच कर ग्रामीण और स्थानीय मुखिया शबनम परवीन ने निर्माण कार्य को रोक दिया.

### घटिया सामग्री का हो रहा इस्तेमाल : ग्रामीण

मामले को लेकर मुखिया शबनम परवीन ने उपायुक्त मेघा भारद्वाज से लिखित शिकायत की. इस बीच फिर से संवेदक सड़क बनाने का काम शुरू कर दिया. इसकी सूचना मिलते ही विभाग के जेई शैलेश कुमार कार्यस्थल पर पहुंचे. दूसरी ओर उपायुक्त की गैर मौजूदगी में मुखिया ने आवेदन कार्यालय में जमा करा दिया. इसकी शिकायत ग्रामीण कार्य विकास विभाग के कार्यपालक अभियंता से की गई और उन्हें पूरे मामले की जानकारी



देते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग की. ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में बताया गया है कि संवेदक रामस्वरूप साव सड़क निर्माण में घटिया किस्म की सामग्री का इस्तेमाल कर रहे हैं. इसके लिए अनुमानित राशि 1 करोड़ 62 लाख है. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि राशि बढ़ा-चढ़ाकर तय की गई है. इसकी जांच कर उचित कार्रवाई की जाय. ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब संवेदक के गुंडे मारपीट करने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देता है.

## कोनसोदे में इंद मेले का आयोजन नागपुरी गीतों पर रातभर झूमे श्रोता

**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखण्ड के कोनसोदे में इन्द मेला का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा ईद मेला समिति द्वारा नागपुरी गीत संगीत का कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन बीजेपी पूर्व प्रखण्ड अध्यक्ष अजीत तोपनो ने फीता काटकर किया । मौके पर उन्होंने कहा की मेला जीवन मे जरूरी है। ग्रामीण क्षेत्रों में खेती किसनी के बीच मनोरंजन आवश्यक है। चुनाव आने वाला है ।देश मे पुनः मोदी सरकार को वोट देकर विजयी बनना है। आज सरकार कई योजनाएं चला रखी है ग्रामीण सभी का लाभ ले।हर गरीब को प्रधानमंत्री आवास दी जा रही है।सभी इसका लाभ लें।कार्यक्रम में बुधमन सन्यासी ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ



किया।उसके बाद विभिन्न कलाकारों द्वारा कला प्रदर्शन किया गया। मेला में विभिन्न प्रकार के दुकान लगाए गए थे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि संकर सिंह, बीजेपी प्रखण्ड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह, आदि लोग उपस्थित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में मेला समिति के अध्यक्ष डॉ बिलखु महतो ,मनोज साहू ,अजित साहू ,अमर साहू,पवन महतो ,सन्दीप साहू का सहयोग रहा ।

# टनल से बाहर निकले मजदूरों के अब दीदार का इंतजार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ खूंट** उत्तराखंड के उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल में फंसे खूंटी जिले के कर्रा प्रखंड के तीन मजदूरों के सकुशल बाहर निकलने के बाद तीन गांवों डुमारी, गुमडू और मधुगामा में उत्सव का माहौल है। मजदूरों की रिहाई पर बुधवार को गांव में मिठाइयां बांटी गई। लोग अपने-अपने गांव के मजूदरों का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। भले ही टनल में फंसे मजूदरों को सकुशल बाहर निकालने में वहां के मजदूर से लेकर सेना के अधिकारियों और प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने सराहनीय योगदान दिया लेकिन गांव-देहात में सिर्फ एक ही चर्चा है मोदी जी ने बहुत ही अच्छा काम किया। दस वर्ष के बच्चे से लेकर 90 साल तक के बुजुर्ग कहते हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत ही सराहनीय काम किया। उन्होंने 41 मजदूरों को नई जिंदगी देकर उनके परिवार को उजड़ने से बचा लिया।

गुमडू गांव की 90 वर्षीय यशोमती देवी कहती हैं, यह सब मोदी जी के कारण संभव हुआ। गुमडू गांव के पाहन बोकरो मुंडा ने कहा, हमलोगों के प्रधानमंत्री बहुत अच्छे हैं। उनके कारण ही सभी मजदूर सुरक्षित बाहर निकल पाये। गांव के रहने वाले भाजपा नेता विनोद सिंह, प्रकाश सिंह, प्रताप सिंह और चामू मुंडा ने कहा कि कर्रा प्रखंड के तीन मजदूरों को टनल में बाहर निकालने के लिए गुमडू, डुमारी और मधुगामा गांव ही नहीं पूरे झारखंड के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अलावा इस पुनीत कार्य में योगदान देनेवाले सभी लोगों के आभारी हैं। साथ ही कहा कि गांव आते ही मजदूरों का जोरदार स्वागत किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि डुमारी के चमरा उरांव, गुमडू के विजय होरो और मधुगामा गांव के गणपति होरो उत्तराखंड के टनल में फंसे उन 41 मजूदरों में शामिल थे, जो मौत को मात देकर टनल से सकुशल बाहर निकले हैं।

## खुद को हिम्मत देने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था : अनिल बेदिया

**रांची।** उत्तराखंड के सुरंग में 16 दिनों तक फंसे 41 मजदूरों के दर्द की कहानी किसी से छिपी नहीं है। उन मजदूरों में रांची के आरेमांझी के अनिल बेदिया भी थे जो वहां पर जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे थे। सुरंग से सुरक्षित बाहर निकलने के बाद उन्होंने अपनी कहानी शेयर की। अनिल बेदिया ने कहा कि एक वक्त ऐसा भी था जब हमने सोचा कि हम सुरंग के अंदर ही दफन हो जाएंगे। हमने बचने सारी उम्मीद खो दी थी, फिर भी धर्य रखकर इस दिन का इंतजार किया। इस दौरान हमने अपनी प्यास बुझाने के लिए चट्टानों से टपकते पानी को भी चाटा, हमें जीवित रहने की उम्मीद तब जागी जब अधिकारियों ने लगभग 70 घंटों के बाद हमसे संपर्क स्थापित किया। हमारे पास सुरंग के अंदर खुद को हिम्मत देने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं था। आखिरकार जब हमने बाहर से बात करने वालों की आवाजें सुनी तब हमारी आशा और बढ़ गयी। 10 दिनों तक हमने मौजूद खाद्य सामाग्री जैसे- मुरमुरा, केले, सेब और संतरे को खाकर अपनी भूख मिटायी।

**अनिल बेदिया के साथ उनके गांव के अन्य 2 लोग भी फंसे थे सुरंग में :** बता दें कि अनिल बेदिया के साथ उनके गाव के सुखराम बेदिया और राजेंद्र बेदिया भी उस सुरंग में फंसे थे. घटना के बाद से ही उनके गांव में मातम का माहौल था. लेकिन मंगलवार की सुबह जैसे ही उन्हें बाहर निकलने की प्रक्रिया जानकारी मिली परिवार समेत गांव के लोग बहुत खुश हुए. सभी टीवी और मोबाइल पर राजेंद्र बेदिया, सुखराम बेदिया और अनिल बेदिया की एक झलक देखने के लिए नजरें गड़ाये हुए थे।

## बेटे के पहुंचने के पहले ही इंतजार में चल बसे पिता

**घाटशिला/डुमरिया।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी टनल में फंसे 41 मजदूरों में झारखंड पूर्वी सिंहभूम जिले के डुमरिया प्रखंड के भी 6 मजदूर है। इनमें एक मजदूर डुमरिया के बांकीशोल गांव के भुक्तु मुर्मू के 70 वर्षीय पिता बासेत मुर्मू बीते 14 दिनों से टनल में फंसे मजदूरों को निकालने के रेस्क्यू अभियान पर पल पल नजर बनाए हुए थे। टनल में मजदूर भुक्तू मुर्मू की उसके बुजुर्ग पिता बेसब्री से टनल से बाहर आने की राह देख रहे थे, लेकिन इसे विधि का विधान कहे या दुर्भाग्य कि जिस बेटे की राह पिता देख रहे थे, उस बेटे के घर आने से पहले ही पिता की सांसे थम गई।

## फ्लाईओवर निर्माण को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव

**रांची।** रांची में डोरंडा राजेंद्र चौक में चल रहे फ्लाईओवर निर्माण को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। बुधवार रात 11 बजे से 31 दिसम्बर तक मेन रोड ओवर ब्रिज पर परिचालन बाधित रहेगा। इस संबंध में ट्रैफिक एसपी कुमार गौरव ने बुधवार रात आदेश जारी किया है। यह बदलाव फ्लाई ओवर निर्माण कार्य को लेकर किया गया है। पथ निर्माण विभाग की ओर से किए गये अनुरोध को ध्यान में रखते हुए 29 नवंबर से 31 दिसम्बर तक राजेन्द्र चौक में चल रहे फ्लाई ओवर निर्माण कार्य को लेकर रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक मेन रोड ओवरब्रिज की यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

## हुसैनाबाद नगर पंचायत में लगाया गया शिविर

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड भवन 16 के प्राथमिक विद्यालय मोहम्दाबाद परिसर में मंगलवार को वार्ड संख्याः 15 व 16 के लोगों के लिये आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया।

## एक नजर

### विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में लघु भारत का होगा दर्शनः कमलेश महतो

**खूंटी।** दिल्ली के इंद्रप्रस्थ नगर में सात से 10 दिसंबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 69वें राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर बुधवार को खूंटी में पोस्टर का विमोचन किया गया। मौके पर एबीवीपी के जिला संयोजक कमलेश महतो ने कहा कि दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में खूंटी से आठ कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली में होनेवाला राष्ट्रीय अधिवेशन ऐतिहासिक होगा, इसमें लघु भारत का दर्शन होगा। राष्ट्रीय अधिवेशन में देश-विदेश से आने वाले विद्यार्थियों, कार्यकर्ताओ और अध्यापकों का शिक्षा एवं अन्य सामाजिक विषयों से संबंधित सम्मेलन होगा। एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर विद्यार्थियों के बीच उत्साह का माहौल है। इस मौके पर जिला सह संयोजक प्रकाश टूटी, नगर मंत्री राहुल कुमार, एसएफएस प्रमुख पवन कुमार महतो, अनामिका कुमारी, सुमन कुमारी, लक्ष्मीनारायण साहू आदि उपस्थित थे।

### एसडीओ ने मुसहर समुदाय से की बात

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल पदाधिकारी रतन कुमार सिंह ने बुधवार को नगर उंटारी प्रखंड के नरही पंचायत अंतर्गत सलसलादी ग्राम स्थित मुसहर टोला पहुंचकर उनसे बातचीत कर मतदाता सूची में नाम होने, राशनकार्ड व आधार कार्ड से सबंधित जानकारी ली। मुसहर परिवार के सदस्यों ने अनुमंडल पदाधिकारी से रहने के लिये घर, पीने के पानी के लिये चापानल लगवाने की मांग की। एसडीओ ने कहा कि पहले आधार कार्ड, राशन कार्ड बनने दीजिए। इसके बाद आवास के बारे में बात होगी। उन्होंने मौके पर उपस्थित प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह को जिनका मतदाता सूची में नाम नहीं है, उनका नाम जोड़वाने, आधार कार्ड तथा राशनकार्ड बनवाने का निर्देश दिया।

### युवक ने जंगल में लगाई फांसी

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र के कुदरुम गांव निवासी अमर दयाल सिंह ने अपने घर के पास स्थित जंगल में एक पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे फंदे से उतारकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अमर दयाल एक लड़की के साथ प्रेम करता था। दोनों एक साथ जंगल में मिलने गए हुए थे, जहां युवक इस बात से नाराज होकर फांसी के फंदे से झूल गया कि उसके परिजन उसकी शादी दूसरी जगह कर रहे थे।

### खाना बनाने के दौरान महिला झुलसी

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के बेल चंपा गांव निवासी सत्येंद्र उपाध्याय की पत्नी शोभा देवी खाना बनाने के दौरान आग से झुलस गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर में शोभा के अलावा कोई नहीं था। शोभा को पहले से ही मिर्गी की बीमारी थी। इसी दौरान सुबह में वह खाना बना रही थी। तभी उसे अचानक मिर्गी का दौरा पड़ा। वह आग मे गिर गई।

## देवकीनंदन को पलामू से दी गई विदाई

# राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी बुलायेगी तो फिर आयेंगे पलामू: देवकीनंदन ठाकुर

### कथावाचक ने ली युवा वाहिनी की सदस्यता, बने महासंरक्षक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी ने ऐतिहासिक श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह श्रीमद्भागवत कथा के विहंगम आयोजन से इतिहास रच दिया है। इससे प्रभावित होकर हाउसिंग कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा सुनाने आये अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने युवा वाहिनी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर वाहिनी की विश्वसनीयता व



विस्तार को प्रमाणित कर दिया। प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय सचिव सोनू मिश्रा की मौजूदगी में मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय ने देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज को महासंरक्षक घोषित किया। देवकीनंदन ने संगठन के बड़े कार्यक्रमों में आमंत्रित करने पर झारखंड आने का भरोसा भी लिया। श्रीमद्भागवत कथा के समापन के उपरांत श्री ठाकुर पलामू से अंतिम विदाई से पहले राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय जमदग्नि आश्रम पहुंचे थे। इस दौरान मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय व प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने उन्हें चांदी से निर्मित गणेश जी की मूर्ति देकर सम्मानित किया। वहीं राष्ट्रीय सचिव सोनू मिश्रा एवं प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय लकी ने देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज को ग्यारह सौ रुपए का सदस्यता प्रमाणपत्र समर्पित किया। मौके पर महाराजश्री ने युवा वाहिनी को सनातन धर्म का संरक्षक बताया। इस दौरान उनके मैनेजर विष्णु शर्मा को भी संगठन का संरक्षक बनाया गया। मौके पर मुख्य संरक्षक गुरु पाण्डेय ने कहा अब युवा वाहिनी समाजिक गतिविधियों को तेज करेगा। इसके तहतं शिक्षा, स्वास्थ्य व रोजगार की दिशा में पहल की जाएगी। मौके पर प्रदेश संरक्षक कृष्णकांत चौबे, आशीष भारद्वाज, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, अनिल दुबे, जिलाध्यक्ष विकास दुबे, महिला विंग जिलाध्यक्ष श्वेता तिवारी, रानी शर्मा, पलामू प्रभारी रिंकू तिवारी, चतरा प्रभारी संजय मिश्रा, दिलीप तिवारी, ज्ञानेश तिवारी, चंदन तिवारी, आदि मौजूद रहे।

## नीलांबर-पीतांबरपुर प्लस-2 हाईस्कूल की बाउंड्री का निर्माण शीघ्र

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड मुख्यालय कस्बा स्थित राजकीय प्लस-2 हाईस्कूल की चारदीवारी का नवनिर्माण शीघ्र शुरू हो जाएगा। पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह भाजपा नेता डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मंगलवार को बाउंड्री वाल निर्माण के लिए शिलान्यास किया। स्कूल में फिलवक्त 9वीं से 12वीं तक की पढ़ाई होती है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में 2002 विद्यार्थी नामांकित हैं। इन विद्यार्थियों को पढ़ाने के लिए केवल 14 शिक्षक कार्यरत है। तीन अन्य शिक्षक आउट सोर्सिंग के तहत तैनात हैं जो व्यवसायिक पाठ्यक्रम का अध्यापन करते हैं। बाउंड्री वाल निर्माण के लिए शिलान्यास करते हुए विधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र में विकास की रफ्तार काफी तेज हुई है। सड़क, पुल-पुलिया, विभिन्न प्रशासनिक, शैक्षणिक व स्वास्थ्य संस्थानों के लिए भवन निर्माण कराया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र का कोई भी एरिया विकास से अछूता नहीं रहेगा, यह उनका संकल्प है। शहरी के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र का विकास सुनिश्चित करने से ही देश के समग्र विकास का लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। अंत्योदय का सपना भी इसी से पूरा होगा। विधायक ने कहा कि विद्यालय परिसर की जमीन काफी समय से खाली पड़ी थी। कई बार विद्यालय की जमीन पर अतिक्रमण किए जाने की बात भी सामने आई। विद्यालय परिसर खुला होने से बच्चों की सुरक्षा पर खतरा था। विद्यालय परिसर की चारदीवारी बन जाने से विद्यार्थी बगैर हस्तक्षेप के अध्ययन कर सकेंगे। उनकी सुरक्षा भी पुख्ता होगी। शिलान्यास के दौरान मिथिलेश कुमार पासवान, प्रो बच्चन ठाकुर, सुधीर तिवारी, अजय तिवारी, कार्तिक सिंह, अशोक चंद्रवंशी, राकेश मेहता के अलावा स्कूल प्रबंधन के सदस्य भी मौजूद थे। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि विद्यालय की जमीन करीब 4.74 एकड़ हैं।

# आपके द्वार कार्यक्रम में 3027 आवेदन हुए प्राप्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बुधवार को भी सभी प्रखण्डों में शिविर का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित शिविर में आवासहीन लोगों के लिये अलग से स्टॉल लगाकर अबुआ आवास योजना के तहत आवेदन प्राप्त किये गये। इस दौरान 21 पंचायतों सहित छतरपुर, हुसैनाबाद व हरिहरगंज नगर पंचायत में भी एक-एक स्थान पर आयोजित शिविर में अबुआ आवास के तहत 3027 आवेदन प्राप्त किये गये। वहीं सरकार द्वारा शिक्षा का विस्तार करने को लेकर चलाये जा रहे गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिये भी अलग डेडिकेटेड स्टॉल लगाया गया। इन स्टॉलों पर 10वीं पास छात्र-छात्राओं से कुल 2715 आवेदन आये। इसी तरह बुधवार को 968 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया। वहीं सर्वजन पेंशन योजना के लिये 175,आयुषमान कार्ड के लिये 79 व मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 141 आवेदन




आये। कार्यक्रम के तहत बिश्रामपुर प्रखंड के वार्ड नंबर 13 एवं 14 के लिए अंबेडकर भवन में, चैनपुर के करसो पंचायत में, छतरपुर के वार्ड नंबर 03 एवं 04 के लिए आंगनबाड़ी केंद्र बारा के पास, हैदरनगर के खरगड़ा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, हरिहरगंज प्रखंड के वार्ड नंबर 7 एवं 10 के लिए मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में, हुसैनाबाद प्रखण्ड के वार्ड नंबर 05 एवं 06 के लिए हरिजन स्कूल वार्ड नंबर 5 में, मनातू प्रखंड के मझौली पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, मेदिनीनगर वार्ड नंबर 3 के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, मोहम्मदगंज के मोहम्मदगंज पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नौडीहा बाजार के नावटांड पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नावाबाजार के इटको पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, नीलांबर-पीतांबरपुर के लेस्लीगंज पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पांडू प्रखंड के पांडू पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पड़वा प्रखंड के लोहड़ा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, पांकी प्रखंड के हुरलोंग पंचायत भवन में, पिपरा प्रखंड के पिपरा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, सतबरवा प्रखंड के रबदा पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, रामगढ़ प्रखंड के रामगढ़ पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, तरहसी प्रखंड के तरहसी पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में, ऊंटारी रोड प्रखंड के लहर बंजारी पंचायत के लिए प्रखंड कार्यालय भवन में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### शिक्षा का विस्तार करने को लेकर चलाये जा रहे गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिये भी अलग डेडिकेटेड स्टॉल लगाया गया

## बालू-बालू चिल्लाने वाले लोग ही कर रहे हैं कालाबाजारी

# एक-दो महीने में दूर हो जायेगी उलझनें : मंत्री मिथिलेश ठाकुर



**नवीन मेल संवाददाता। डाल्टनगंज** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने बालू और बालू की कालाबाजारी को लेकर पूछे गए सवाल पर विपक्ष पर हमला बोला। वे पलामू में आपकी योजना आपकी सरकार को लेकर मीडिया को संबोधित कर रहे थे।बालू निश्चित रूप से समस्या है पर एक दो महीने में इसका समाधान निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जनता को अबुआ आवास योजना के तहत राज्य की जनता को लाभ पहुंचाने के लिए प्रोटोकॉल तक छोड़ दिया है और विभागीय मंत्री आलमगीर आलम के साथ केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह से मिलकर आवास योजना का बकाया मांगा पर केंद्र सरकार ने कोई पहल नहीं की ।तब राज्य सरकार 8 लाख 50 हजार लोगों के लिए अपनी योजना शुरू की।

## राजनीति

## कन्हैया चौबे ने कहा-भानू प्रताप शाही कॉलेज खोलकर कर रहे हैं बच्चों का शोषण

# भाजपा नेता ने अपनी ही पार्टी के विधायक पर बोला हमला

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

भाजपा नेता कन्हैया चौबे ने अपनी ही पार्टी के विधायक के साथ भाजपा नेता शारदा महेश प्रताप देव, पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव और ताहिर अंसारी पर भी जमकर हमला बोला। कहा कि विधायक भानू प्रताप शाही, नगर गढ़ और शारदा महेश प्रताप देव कॉलेज खोलकर बच्चों का शोषण करने का काम कर रहे हैं। यहां पर अध्ययनरत बच्चों के प्लेसमेंट की चिंता किसी को नहीं है। सिर्फ पैसे का दोहन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पूर्व के जनप्रतिनिधियों के कारण पिछड़ा हुआ है। वर्तमान या पूर्व किसी भी जनप्रतिनिधि ने विकास के लिए ईमानदारी से काम नहीं किया है। पूरे विधानसभा क्षेत्र में भ्रष्टाचार चरम पर है।




पदाधिकारी दोहन कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ मेरा संघर्ष जारी रहेगा। वहीं राज्य की हेमंत सरकार पर कोरोना काल में हजारों मजदूरों की रोजी रोटी छीन कर उन्हें सड़क पर लाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जब केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार लोगों को फ्री राशन और दवा की पूर्ति कर रही थी उस समय राज्य की हेमंत सरकार ने भवनाथपुर के तुलसीदामर में काम कर रहे मजदूरों के हाथों से काम छीन कर उन्हें सड़क पर ला दिया। वह यहां अनिकेत पैलेस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा गढ़वा जिला में सेल आरएमडी के अधीन संचालित एकलौता उद्योग तुलसीदामर डोलोमाइट खदान था, जिसे पर्यावरण अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देकर विगत 16 फरवरी 2020 से बंद कर दिया गया। 31 मार्च 2020 से खदान की लीज भी समाप्त होने पर उसे बढ़ाया नहीं गया। खदान में बी फार्म के अंतर्गत रजिस्टर्ड 730 मजदूर और बहुत से अनरजिस्टर्ड मजदूर कार्यरत हैं। लीज का विस्तारीकरण नहीं होने के चलते यह सारे मजदूर बेकार हो गए हैं। बड़ी संख्या में इससे परोक्ष रूप से जुड़े लोग भी सड़क पर आ गए हैं।उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन पर सीधा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य सरकार गरीबों की भलाई के लिए नहीं अपने लिए मलाई की जुगाड़ में है। मुख्यमंत्री ने फरवरी 2014 में भवनाथपुर में पावर प्लांट का शिलान्यास किया था। लेकिन 10 साल में पावर प्लांट लगाने की बात तो दूर वहां शिलान्यास के शिलापट्ट के अलावा पर एक ईंट नहीं रखी गई।

## नावा बाजार में आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का विशेष शिविर

**नावा बाजार।** प्रखंड अंचल कार्यालय नावा बाजार परिसर में बुधवार को आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नावा बाजार प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद, प्रमुख विद्या देवी, उपप्रमुख मीर खुर्शीद आलम, इटको पंचायत मुखिया जोहरा बीवी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि राजबली महरा,जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन विकास पांडे ने किया। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सर्व पेंशन योजना, पशुधन विकास योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, मुख्यमंत्री अबुआ आवास, आधार पंजीकरण, शिक्षा विभाग की छात्रवृत्ति, पोशाक वितरण, गोद भराई रस्म, शिशुओं का अन्नप्रासन योजना सहित 18 स्टॉलो के लाभ तथा उपलब्धता के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

# आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये प्रेरित करें : बीडीओ



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

प्रखंड कार्यालय के सभागार में बुधवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने प्रखंड के सभी जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना-झारखंड, सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने कहा कि इसका लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिले इसके लिये उनके पास आयुष्मान कार्ड होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आप सबों के पास बीपीएल लाभुकों की सूची है। आप सभी लाभुकों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये प्रेरित करें ताकि उन्हें इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि शिकायत मिल रही है कि कुछ मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन उठाव हो रहा है। इसे दूर करने के लिये उन्होंने सभी डीलरों को मृत लाभुकों की सूची प्रखंड कार्यालय में यथाशीघ्र जमा कराने का निर्देश दिया ताकि आगे की कार्रवाई की जा सके। बैठक में डीलर संघ के अध्यक्ष रविन्द्र प्रताप देव, दीनदयाल शुक्ल,विद्या देवी, अशोक मेहता, लालमुनी यादव, अमित कुमार, रमेश प्रसाद उपस्थित थे।

जिंदा वही है जिसका प्रयास जिंदा है, लड़ता वही जिसमें आग जिंदा है और जीतता वही है जिसके ख्वाब जिंदा है!

- अज्ञात



# अधिकारी की सक्रियता जरुरी

***वन*** और खनिज संपदा से परिपूर्ण झारखंड में गरीबी सबसे बड़ी समस्या है। राज्य सरकार इस दिशा में कार्य कर रही है। बावजूद आदिवासी व गरीब लोगों को उतना फायदा नहीं मिल पा रहा है। कारण की पड़ताल करने पर जो बातें सामने आ रही हैं,वह यह कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा चलाये जा रहे कार्य और योजनाओं की सही जानकारी भोले -भाले गरीबों तक नहीं पहुंच पा रही है। हालांकि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से अधिकारी आमलोगों तक पहुंच रहे हैं। जिले,प्रखंडों और पंचायतों में में शिविर लगाकर लोगों को जानकारी दी जा रही है। विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन भी लिये जा रहे हैं। समस्याओं की ओर ध्यान भी दिया जा रहा है। कई जगहों से समस्याओं के निदान के समाचार भी प्राप्त हो रहे हैं। ऐसे में कहा जा सकता है कि निश्चित रूप से इसका लाभ लोगों को मिलेगा। इसमें सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि अधिकारियों को जवाबदेह होना पड़ेगा। साथ ही उन्हें गंभीर होना पड़ेगा। कई जगहों से जो शिकायतें आ रही हैं कि अधिकारी जवाबदेही से काम नहीं कर रहे हैं। शिविरों में आये लोगों की बातें नहीं सुनी गई। यह बिल्कुल गलत है। सरकार के आदेश का पालन नहीं करना एक अपराध है। अभियान में कोताही बरतने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई भी की जा सकती है। इस बात को अधिकारी शायद नहीं समझ पा रहे हैं। यह शिविर उन गरीबों के आत्मसम्मान से जुड़ा है,जो अपने अधिकारों से अब तक वंचित हैं। ऐसे में लापरवाही बरतना ठीक नहीं है। आज भी झारखंड में समस्याओं की कमी नहीं है। उन समस्याओं पर मलहम लगाकर ही यहां की आबादी को यह संदेश दिया जा सकता कि सरकार उनके साथ है। हालांकि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता की गूंज हर तरफ सुनाई देने लगी है। यह राज्य के लिए शुभ संकेत है। शिविर में अधिक मामले भूमि और पेंशन के आ रहे हैं। इसका मतलब यह कि इस ओर अभी तक ध्यान नहीं दिया गया। अब समय आ गया है कि जनता अधिकारी के पास नहीं जा रही है। बल्कि अधिकारी उसके दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। इससे पूर्व यह स्थिति नहीं देखी गई थी। यह सुखद क्षण है। उन तमाम लोगों के लिए जिन्हें एक साजिश के तहत अभी तक उनके अधिकारों से वंचित रखा गया था। पड़ताल की दिशा में शिविरों में उमड़ रही भीड़ यह बताती है कि राज्य में बहुत हद तक बुनियादी जरूरतों पर मलहम लग रहे हैं। झारखंड के पलामू में गुरूवार को मुख्यमंत्री का आगमन होने जा रहा है। यह कहने को तो पार्टी का कार्यक्रम है लेकिन आपके द्वार कार्यक्रम की तह तक जाकर सीएम यह जानना भी चाहेगें कि अधिकारियों का रवैया शिविर की बाबत कैसा है। झामुमो कार्यकर्ता जहां सीएम के आगमन को लेकर उत्साहित हैं,वहीं अधिकारी मुस्तैद देखे जा रहे हैं। ऐसे में कहा जा सकता कि मुख्यमंत्री शिविरों को लेकर गंभीर हैं। समस्याओं के आकाश का रंग धुंधला नहीं अपितु साफ हो रहा है। यही समय की मांग है। बहरहाल तीसरे चरण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित हो रहें हैं। जहां पदाधिकारी नहीं जाते थे, आज वे योजनाएं लेकर आ रहें हैं ताकि राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक को उनका अधिकार और योजनाओं का लाभ मिले।

**आज भी झारखंड में समस्याओं की कमी नहीं है। उन समस्याओं पर मलहम लगाकर ही यहां की आबादी को यह संदेश दिया जा सकता कि सरकार उनके साथ है। हालांकि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सफलता की गूंज हर तरफ सुनाई देने लगी है। यह राज्य के लिए शुभ संकेत है। शिविर में अधिक मामले भूमि और पेंशन के आ रहे हैं।**

# भारत की जी-20 अध्यक्षता व एक नये बहुपक्षवाद की शुरुआत



नरेन्द्र मोदी

***भारत*** द्वारा जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करने के आज 365 दिन पूरे हो गये हैं। यह 'वसुधैव कुटुंबकम' 'वन अर्थ, वन फैमिली' की भावना को प्रतिबिंबित करने, इसके लिए पुनः प्रतिबद्ध होने और इसे जीवंत बनाने का क्षण है। जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा था: कोविड-19 महामारी से उबरने का प्रयास, बढ़ते जलवायु खतरे, वित्तीय अस्थिरता और विकासशील देशों में ऋण संकट, जैसी चुनौतियां दुनिया के सामने थीं। इसके अलावा, कमजोर होता मल्टीलैटरलइज्म यानी बहुपक्षवाद इन चुनौतियों को और गंभीर बना रहा था। बढ़ते हुए संघर्ष और प्रतिस्पर्धा के बीच, विभिन्न देशों में परस्पर सहयोग की भावना में कमी आई और इसका प्रभाव वैश्विक प्रगति पर पड़ा। जी-20 का अध्यक्ष बनने के बाद, भारत ने दुनिया के सामने जीडीपी-केंद्रित सोच से आगे बढ़कर मानव-केंद्रित प्रगति का विजन प्रस्तुत किया। भारत ने दुनिया को यह याद दिलाने प्रयास किया कि कौन सी चीजें हमें जोड़ती हैं। हमारा फोकस इस बात पर नहीं था कि कौन सी चीजें हमें विभाजित करती हैं। अंततः, भारत के इन प्रयासों का परिणाम आया, वैश्विक संवाद आगे बढ़ा और कुछ देशों के सीमित हितों के ऊपर कई देशों की आकांक्षाओं को महत्व दिया गया। जैसा कि हम जानते हैं, इसके लिए बहुपक्षवाद में मूलभूत सुधार की आवश्यकता थी। समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक - ये चार शब्द जी-20 के अध्यक्ष के रूप में भारत के दृष्टिकोण को परिभाषित करते हैं। नई दिल्ली लीडर्स डिक्लेरेशन (एनडीएलडी), जिसे सभी जी-20 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अपनाया गया है, इन सिद्धांतों पर कार्य करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। समावेश की भावना हमारी अध्यक्षता के केंद्र में रही है। जी-20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ (एयू) को शामिल करने से 55 अफ्रीकी देशों को इस समूह में जगह मिली है, जिससे इसका विस्तार वैश्विक आबादी के 80 प्रतिशत तक पहुंच गया है। इस सक्रिय कदम से वैश्विक चुनौतियों और अवसरों पर जी-20 में विस्तार से बातचीत को बढ़ावा मिला है। भारत द्वारा अपनी तरह की पहली बैठक 'वॉयस ऑफ द ग्लोबल साउथ समिट' ने बहुपक्षवाद की एक नई शुरूआत की। इस बैठक के दो संस्करण आयोजित हुए। भारत अंतर्राष्ट्रीय विमर्श में ग्लोबल साउथ के देशों की चिंताओं को मुख्यधारा में लाने में सफल रहा। इससे एक ऐसे युग की शुरूआत हुई है, जहां विकासशील देशों को ग्लोबल नैरेटिव की दिशा तय करने का उचित अवसर प्राप्त होगा। समावेशिता की वजह से ही जी-20 में भारत के घरेलू दृष्टिकोण का भी प्रभाव दिखा। इस आयोजन ने लोक अध्यक्षता का स्वरूप ले लिया, जो कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र होने की दृष्टि से बिल्कुल सही था। 'जनभागीदारी' कार्यक्रमों के माध्यम से, जी-20 1.4 बिलियन नागरिकों तक पहुंचा और इस प्रक्रिया में सभी राज्यों एवं केन्द्र-शासित प्रदेशों (यूटी) को भागीदार के रूप में शामिल किया गया। भारत ने यह सुनिश्चित किया कि मुख्य विषयों पर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का ध्यान जी-20 के दायित्वों के अनुरूप विकास के व्यापक लक्ष्यों की ओर हो। 2030 के एजेंडे को ध्यान में रखते हुए भारत ने, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) में तेजी लाने के लिए जी-20 का 2023 एक्शन प्लान पेश किया। इसके लिए भारत ने स्वास्थ्य, शिक्षा, लैंगिक समानता, पर्यावरणीय स्थिरता सहित परस्पर जुड़े मुद्दों पर एक व्यापक एक्शन ओरिएंटेड दृष्टिकोण अपनाया। इस प्रगति को संचालित करने वाला एक प्रमुख क्षेत्र मजबूत डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) है। इस मामले में आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर जैसे डिजिटल इनोवेशन के क्रांतिकारी प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव करने वाले भारत ने निर्णायक सिफारिशें दीं। जी-20 के माध्यम से, हमने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर रिपॉजिटरी को सफलतापूर्वक पूरा किया जोकि वैश्विक तकनीकी सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति है। कुल 16 देशों के 50 से अधिक डीपीआई को शामिल करने वाली यह रिपॉजिटरी, समावेशी विकास की शक्ति का लाभ उठाने के लिए ग्लोबल साउथ को डीपीआई का निर्माण करने, उसे अपनाने और व्यापक बनाने में मदद करेगी। वन अर्थ की भावना के तहत, हमने तात्कालिक, स्थायी और न्यायसंगत बदलाव लाने के महत्वाकांक्षी एवं समावेशी लक्ष्य पेश किये। घोषणा का 'ग्रीन डेवलपमेंट पैक्ट' एक व्यापक रोडमैप की रूपरेखा तैयार करके भुखमरी से निपटने और पृथ्वी की रक्षा के बीच चुनाव करने की चुनौतियों का समाधान करता है। इस रोडमैप में रोजगार एवं इकोसिस्टम एक-दूसरे के पूरक हैं, उपभोग जलवायु परिवर्तन के प्रति सचेत है और उत्पादन पृथ्वी के अनुकूल है। साथ ही, जी-20 घोषणा में 2030 तक रीन्यूबल एनर्जी की वैश्विक क्षमता को तीन गुना करने का महत्वाकांक्षी आह्वान किया गया है। ग्लोबल बायोफ्यूल्स अलायंस की स्थापना और ग्रीन हाइड्रोजन को अपनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास के साथ एक स्वच्छ एवं हरित दुनिया बनाने संबंधी जी-20 की महत्वाकांक्षाएं निर्विवाद हैं। यह हमेशा से भारत का मूल्य रहा है और सतत विकास के लिए जीवनशैली (लाइफ) के माध्यम से, दुनिया हमारी सदियों पुरानी परंपराओं से लाभान्वित हो सकती है। इसके अलावा घोषणापत्र में जलवायु न्याय और समानता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया है, जिसके लिए ग्लोबल नॉर्थ से पर्याप्त वित्तीय और तकनीकी सहायता देने का अनुरोध किया गया है। पहली बार विकास के वित्तपोषण से जुड़ी कुल राशि में भारी बढ़ोतरी की जरूरत को स्वीकार किया गया जो अरबों डॉलर से बढ़कर खरबों डॉलर हो गई है। जी-20 ने यह माना कि विकासशील देशों को वर्ष 2030 तक अपने 'राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी)' को पूरा करने के लिए 5.9 ट्रिलियन डॉलर की आवश्यकता है। इतने ज्यादा संसाधन की आवश्यकता को देखते हुए जी-20 ने बेहतर, ज्यादा विशाल और अधिक प्रभावकारी मल्टीलैटरल डेवलपमेंट बैंक के महत्व पर विशेष जोर दिया। इसके साथ-साथ भारत संयुक्त राष्ट्र में सुधारों को लागू करने, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे प्रमुख संस्थानों के पुर्नगठन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, जिससे और भी अधिक न्यायसंगत वैश्विक व्यवस्था सुनिश्चित होगी। नई दिल्ली घोषणापत्र में महिला-पुरुष समानता को केंद्र में रखा गया, जिसकी परिणति अगले वर्ष महिलाओं के सशक्तिकरण पर एक विशेष वर्किंग ग्रुप के गठन के रूप में होगी। भारत का महिला आरक्षण विधेयक 2023, जिसमें भारत की लोकसभा और राज्य विधानसभा की एक तिहाई सीटों को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया है, महिलाओं के नेतृत्व में विकास के प्रति हमारी वचनबद्धता का प्रतीक है। नई दिल्ली घोषणापत्र इन प्रमुख प्राथमिकताओं में सहयोग सुनिश्चित करने की एक नई भावना का प्रतीक है, जो नीतिगत स्पष्टता, विश्वसनीय व्यापार, और महत्वाकांक्षी जलवायु कार्रवाई पर केंद्रित है। यह बड़े गर्व की बात है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान जी-20 ने 87 परिणाम हासिल किये और 118 दस्तावेज अपनाये, जो अतीत की तुलना में उल्लेखनीय रूप से काफी अधिक है। जी-20 की हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने जियो-पॉलिटिकल मुद्दों और आर्थिक प्रगति एवं विकास पर उनके प्रभावों पर व्यापक विचार-विमर्श की अगुवाई की। आतंकवाद और नागरिकों की हत्या पूरी तरह से अस्वीकार्य है, और हमें जीरो-टॉलरेंस की नीति अपनाकर इससे निपटना चाहिए। हमें शत्रुता से परे जाकर मानवतावाद को अपनाना होगा और यह दोहराना होगा कि यह युद्ध का युग नहीं है। मुझे अत्यंत खुशी है कि हमारी अध्यक्षता के दौरान भारत ने असाधारण उपलब्धियां हासिल की। इसने बहुपक्षवाद में नई जान फूंकी, ग्लोबल साउथ की आवाज बुलंद की। विकास की हिमायत की और हर जगह महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लड़ाई लड़ी। अब जबकि हम जी-20 की अध्यक्षता ब्राजील को सौंप रहे हैं, तो हम इस विश्वास के साथ ऐसा कर रहे हैं कि समस्त लोगों, धरती, शांति और समृद्धि के लिए हमारे सामूहिक कदमों की गूंज आने वाले वर्षों में निरंतर सुनाई देती रहेगी।

**जब पिछले वर्ष भारत को यह जिम्मेदारी मिली थी, तब विश्व विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा था: कोविड-19 महामारी से उबरने का प्रयास, बढ़ते जलवायु खतरे, वित्तीय अस्थिरता और विकासशील देशों में ऋण संकट, जैसी चुनौतियां दुनिया के सामने थीं।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### *आइये सुने ऋषि जमदग्नि की कथा*

***ऋषियों*** को कुछ दिव्य अनुभूतियाँ प्राप्त होती हैं और वे उसके अनुसार आवश्यक कार्य करते हैं। साईं बाबा ने कई ऐसे चमत्कार भी दिखाये जहां वे भीमाजी पाटिल सहित कई भक्तों के भाग्य को बदल सकते थे। साई राम। चलिए अब कहानी पर वापस लौटते हैं। इस प्रकार रुचिका से एक ब्राह्मण ऋषि जमदग्नि का जन्म हुआ और जब जमदग्नि को समय के साथ एक पुत्र राम मिला (जो भार्गव राम और परशु राम के रूप में प्रसिद्ध हुए क्योंकि उनके पास अपने हथियार के रूप में एक दिव्य कुल्हाड़ी थी, तब क्षत्रिय ऊजाएं आकार ले लीं)। सत्यवती की माँ ने एक अद्भुत बालक को जन्म दिया जो ब्रह्म तेज (सात्विक गुणों) से परिपूर्ण था। इस प्रकार, एक राजा के रूप में जन्म लेने के बावजूद, कुसिक का पोता, जिसे गाधेय, कौशिक और विश्वामित्र के नाम से जाना जाता था, ब्रह्मर्षि के रूप में अपने गुणों के लिए विश्व प्रसिद्ध हो गया। जब हम उनकी कहानी विस्तार से लेंगे तो हम उनके बारे में और जानेंगे।

**सूर्यदेव का श्राप**

जमदग्नि ने रेणुका से विवाह किया और सुखी वैवाहिक जीवन व्यतीत कर रहे थे। वह अपने यशस्वी पिता और पूर्वजों की तरह ही सभी वेदों और शास्त्रों में पारंगत थे और उन्होंने अपनी तपस्या के कारण अपार शक्तियाँ प्राप्त कर ली थीं। एक बार वह अपनी पत्नी रेणुका के साथ नर्मदा नदी के तट पर गये और भाग्य के अनुसार उन्हें दिन के समय उनके साथ संभोग करने की इच्छा हुई। चूँकि वह क्षेत्र निर्जन था, इसलिए ऋषि को लगा कि उनकी गोपनीयता के लिए कोई समस्या नहीं है।

(क्रमशः)

# मताधिकार में सकारात्मक सोच जरुरी होनी चाहिए



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

***तेलंगाना*** में मतदान की घड़ी है...। सुबह विधानसभा चुनाव के लिए वोटिंग शुरू हो जायेगी। पांच साल में एक बार मिलने वाले अवसर को नकारात्मक सोच या गैरजिम्मेदारी से खो देना किसी भी हालात में उचित नहीं माना जा सकता। लोकतंत्र के महायज्ञ में प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का उपयोग कर मतदान करके अपनी आहुति देने का अवसर मिलता है। ऐसे में मतदान का बहिष्कार या फिर लापरवाही के कारण मतदान नहीं करने को किसी अक्षम्य अपराध से कम नहीं कहा जा सकता है। वर्तमान परिदृश्य में नोटा प्रयोग भी मंथन का विषय होना चाहिए। नोटा के प्रावधान को लेकर पक्ष विपक्ष में अनेक तर्क दिये जा सकते हैं पर समय आ गया है कि उस पर बड़ी बहस हो और उसको अधिक प्रभावी या कारगर बनाने के प्रावधान किये जाएं। सर्वोच्च न्यायालय की मतदान को लेकर की गई टिप्पणी भी इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि यदि हम मताधिकार का प्रयोग नहीं करते हैं तो फिर सरकार के खिलाफ किसी तरह की ग्रीवेंसज करना उचित नहीं ठहराया जा सकता। कमोबेश यह सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी की भावना रही है और इससे साफ-साफ संदेश हो जाता है कि सजग व जिम्मेदार नागरिक के रूप में प्रत्येक मतदाता का दायित्व हो जाता है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग करे। अब तो निर्वाचन आयोग ने मतदान को सुविधाजनक भी बना दिया है। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया है। वहीं मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं। भले ही सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद ईवीएम में नोटा यानी नन ऑफ द अवोव का प्रावधान कर दिया गया हो पर एक जागरूक व जिम्मेदार मतदाता के लिए नोटा के प्रयोग को समझदारी भरा निर्णय नहीं माना जा सकता। कारण साफ है नोटा का बटन दबाकर अपनी भावना तो व्यक्त कर सकते हैं पर उसका इस मायने में कोई अर्थ नहीं रहता कि किसी की जीत हार में उसका खास असर नहीं पड़ता। राजस्थान के ही 2013 और 2018 के विधानसभा चुनाव का विश्लेषण किया जाय तो साफ हो जाता है कि 2013 के विधानसभा चुनाव में 4 करोड़ 8 लाख से अधिक मतदाताओं में से 5 लाख 89 हजार से कुछ अधिक यानी कि केवल 1.92 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का प्रयोग किया। इसी तरह से 2018 के विधानसभा चुनाव का विश्लेषण किया जाय तो 4 करोड़ 77 लाख से कुछ अधिक मतदाताओं में से 4 लाख 67 हजार से कुछ अधिक यानी कि 1.3 प्रतिशत मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाकर विरोध दर्शाया। आपका नोटा का बटन जीत-हार के अंतर को तो कम कर सकता है पर नोटा के प्रयोग के स्थान पर उपलब्ध विकल्पों में से ही किसी एक को चुनना ज्यादा बेहतर माना जा सकता है। हालांकि एक समय था जब कई बूथों पर विरोध स्वरूप मतदान का बहिष्कार करने का निर्णय कर लिया जाता था या फिर लोगों द्वारा उपलब्ध उम्मीदवारों में किसी को भी मत देने योग्य नहीं समझने के कारण विरोध का मत यानी कि नोटा के प्रयोग की मांग की जाती रही। नोटा का परिणाम प्रभावी तरीके से राइट टू रिजेक्ट होता तो अधिक कारगर होता। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि अमेरिका सहित दुनिया के कई देशों में नोटा को हटाया जा चुका है। यूं कहे कि कई देशों में नोटा के प्रावधानों को कारगर नहीं पाने के कारण हटा दिया गया है। अमेरिका की ही बात करें तो वहां नोटा का प्रावधान रहा है पर 2000 आते-आते उसे हटा दिया गया। इसी तरह से रूस ने 2006 और पाकिस्तान में 2013 में नोटा प्रावधान को हटाया जा चुका है। देश के प्रबुद्ध नागरिकों, बुद्धिजीवियों, राजनीतिक विश्लेषकों, कानूनविदों को नोटा को लेकर गंभीर बहस छेड़नी होगी जिससे नोटा को वास्तव में चुनाव में हथियार के रूप में उपयोग किया जा सके। आज की तारीख में बात करें तो नोटा केवल और केवल आपके विरोध को दर्ज कराने तक ही सीमित माना जा सकता है।


**बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मतदान का अवसर प्रदान कर दिया है। वहीं मतदाताओं के लिए जागरुकता अभियान से लेकर निष्पक्ष चुनाव के लिए कारगर कदम उठाये जाने लगे हैं।**

**चुनाव**

## फोटो की दुनिया



## फेसबुक वॉल से




# जलवायु परिवर्तन पर प्राथमिकता से वैश्विक मंथन



किशन भावनानी गोंदिया

***वैश्विक*** स्तरपर दुनियां का हर देश जलवायु परिवर्तन के भीषण परिणाम से पीड़ित है, जिसका निदान करना और प्राकृतिक संसाधनों का दोहन रोकना, पर्यावरण की रक्षा करना हर देश ही नहीं बल्कि हर मानवीय जीव का कर्तव्य है। पिछले दो दिनों व आज 29 नवंबर 2023 को हम देख रहे हैं ठंड का मौसम होने के बावजूद झमाझम बारिश हो रही है जो जलवायु परिवर्तन के दुष्टपरिणामो का ही असर है। पर्यावरण की रक्षा, जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए ही वैश्विक 28 वा कॉप वैश्विक शिखर सम्मेलन संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक विचार विमर्श, मंथन कर सर्वसम्मति अनुमति से योजनाएं बनाकर वैश्विक स्तरपर क्रियान्वयन करने के लिए प्रस्ताव पारित किया जायेगा, जिसमें भारतीय पीएम भी शरीक होंगे। चूंकि जल्गावायु परिवर्तन के दुष्परिणाम से आज पूरी मानव जाति पीड़ित है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, जलवायु परिवर्तन एक महत्वपूर्ण प्राथमिकता वाला क्षेत्र है, इसके खतरों से निपटने निर्धारित योजनाओं का सटीक क्रियान्वयन जरूरी है। साथियों बात अगर हम 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक चल रहे 28 वें कॉप शिखर सम्मेलन की करें तो, कॉप (सीओपी) का मतलब पार्टियों का सम्मेलन है। अभी तक इसकी कुल 27 बैठकें हो चुकीं हैं, बता दें कि पिछले कॉप 27 का आयोजन नवंबर 2022 में मिस्त्र के श्रम अल शेख में किया गया था। कॉप के तहत हर साल एक बैठक आयोजित की जाती है, जिसमें दुनियां भर के राष्ट्राध्यक्ष ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए योजनाएं बनाते हैं इसके अंतर्गत संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश जलवायु परिवर्तन से निपटने में कारगर उपाय का आकलन करने और यूएनएफसीसीसी के दिशा-निर्देश के तहत जलवायु परिवर्तन कार्रवाई करते हैं। बैठक का औपचारिक नाम जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन या संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दलों का कॉन्फ्रेंस है। पहला कॉप 1995 में बर्लिन में आयोजित किया गया था। जलवायु कार्रवाई की गंभीरता को देखते हुए, वैश्विक उपभोग पैटर्न को सही करने की आह्वान किया गया है। बता दें 2021 में ग्लासगो में आयोजित जलवायु वार्ता में भी हमारे पीएम ने शिरकत की थी, जहां उन्होंने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए भारत की रणनीति तो उजागर किया था। पीएम ने पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को अपनाने के लिए जोर दिया था। 30 नवंबर से दो दिसंबर को विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में तमाम देशों के नेता और प्रमुख संस्थानों के अध्यक्ष शामिल होंगे। इस बैठक में जलवायु कार्रवाई को सुदृढ़ रूप से लागू करने के लिए उद्देश्य से कार्यों और योजनाओं पर चर्चा की जायेगी। इसमें जीवाश्म ईंधन के उपयोग मीथेन उत्सर्जन समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की उम्मीद है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर देशों की तरफ से विकासशील देशों को मुआवजे के तौर पर वित्तीय सहायता दिये जाने के मुद्दे पर भी चर्चा हो सकती है। इसमें जीवाश्म ईंधन के उपयोग, मीथेन उत्सर्जन, और ग्लोबल वार्मिंग उत्सर्जन को कम करने समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की उम्मीद है। जलवायु परिवर्तन के संकट से निपटने के लिए अमीर देशों की तरफ से विकासशील देशों को मुआवजे के तौर पर वित्तीय सहायता दिये जाने के मुद्दे पर भी चर्चा हो सकती है। साथियों बात अगर हम जलवायु परिवर्तन में कृषि क्षेत्र को देखें तो, केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि कृषि को जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन किया जाना चाहिए ताकि कृषक समुदाय इससे लाभानवित हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत जैसा अत्यधिक आबादी वाला देश शमन व लक्षित मीथेन कटौती की आड़ में खाद्य सुरक्षा पर समझौता नहीं कर सकता है।

**साथियों बात अगर हम 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक चल रहे 28 वें कॉप शिखर सम्मेलन की करें तो, कॉप (सीओपी) का मतलब पार्टियों का सम्मेलन है। अभी तक इसकी कुल 27 बैठकें हो चुकीं है।**

**प्राकृतिक**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### भाई-भतीजे से दुखी होकर वृद्ध ने खाया जहर

**उज्जैन।** परिवार के सदस्यों द्वारा ही प्लॉट पर कब्जा करने से दुखी वृद्ध ने जहर खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें जिला अस्पताल लाए, लेकिन काफी देर हो चुकी थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार झारड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम सुमराखेड़ा में रहने वाले प्रभुलाल पिता रामा चौहान को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रभुलाल ने जहर खाया था। पुत्र हेमराज ने बताया कि पिता कुछ दिनों से परेशान चल रहे थे।

### चोरी हुई 18 मोबाइल को पुलिस ने बरामद कर लोगों को किया सुपुर्द

**किशनगंज।** सदर थाना क्षेत्र से बीते कुछ माह में चोरी हुए विभिन्न कंपनियों के 18 मोबाइल को पुलिस ने विभिन्न स्थानों से बरामद किया है। लगातार हो रही मोबाइल चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से लिया। मोबाइल की बरामदगी को लेकर एसपी डा. इनाम उल हक मेगनु के निर्देश पर एसआईटी का गठन किया गया था।


### मौलाना ने मस्जिद में मासूम से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**हमीरपुर।** यूपी हमीरपुर जिले में कुरारा थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित मस्जिद में मौलाना ने उर्दू की तालीम लेने आई एक 11 वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म को अंजाम दिया। घर आई पीड़िता के बताने पर चाचा ने आरोपी के खिलाफ थाने में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।ग्रामीणों के अनुसार मौलाना बिहार से चार-पांच साल पूर्व मस्जिद में आया था। यहां वह मुस्लिम समाज के बच्चों को पढ़ाता था। पीड़िता के पिता ने बताया कि समाज की रजामंदी से पांच साल पूर्व मौलाना को मस्जिद में पढ़ने के लिए 30 हजार रुपये महीने पर रखा गया। वहीं शिक्षक आज भक्षक बन गया।

### कोहरे में भी 75 किमी की रफ्तार से दौड़ेंगी ट्रेनें, लग रहा फॉग सेफ डिवाइस

**लखनऊ ।** कोहरे के दौरान भी ट्रेनों के संचालन में कोई बाधा न आए, इसके लिए सभी ट्रेनों में फॉग सेफ डिवाइस लगेगी। यह डिवाइस सिग्नल के 500 मीटर पहले ही लोको पायलटों को सतर्क कर देती है। इस डिवाइस के लगने के बाद ट्रेनों को 75 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से चलाया जा सकता है, जबकि बिना इस डिवाइस के अधिकतम स्पीड 60 किलोमीटर प्रति घंटा रखी जाती है।हर साल दिसंबर और जनवरी में घने कोहरे के चलते ट्रेनों का संचालित प्रभावित हो जाता है। कई बार सिग्नल दिखाई नहीं देने की वजह से हादसों की भी आशंका बनी रहती है। इसे देखते हुए कोहरे से प्रभावित क्षेत्र में चलने वाली सभी गाड़ियों के इंजनों में फाग सेफ डिवाइस लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा रेलवे स्टेशनों, क्रॉसिंगों और सिग्नलों पर पारंपरिक नियमों और संसाधनों को चालू रखा जाएगा

# प. बंगाल में गर्जे अमित शाह, सीएए लागू करने से कोई नहीं रोक सकता



**एजेंसी। कोलकाता**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को जोर देकर कहा कि पश्चिम बंगाल में केंद्र सरकार संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लागू करेगी और इसे कोई नहीं रोक सकता। शाह ने पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरूआत करने के लिए ऐतिहासिक स्थल धर्मतल्ला में बड़ी रैली को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने तुष्टीकरण, घुसपैठ, भ्रष्टाचार और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि भाजपा 2026 में दो-तिहाई बहुमत के साथ राज्य की सत्ता में आएगी। शाह ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में राज्य में भाजपा का प्रदर्शन विधानसभा चुनाव में उसकी जीत की नींव तैयार करेगा। इसके अलावा बंगाल में सात से अधिक लोकसभा सीटों और करीब 50 विधानसभा सीटों पर हर जीत तय करने वाले बांग्लादेश के शरणार्थी हिंदू समुदाय को नागरिकता देने के लिए सीएए का जिक्र करते हुए कहा कि ममता बनर्जी इसका विरोध कर रही हैं, लेकिन कोई भी इसे लागू होने से नहीं रोक सकता। यह कानून अभी अधर में है क्योंकि कानून के खिलाफ विपक्ष के कड़े रुख के बीच केंद्र सरकार ने अब तक इसके नियम नहीं बनाए हैं।

### ममता दीदी की पराजय निश्चित

**कोलकाता ।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कोलकाता दौरे से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। माइक्रो ब्लॉगिंग साइट एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट कर उन्होंने कहा है कि बंगाल में फिलहाल भाजपा लोगों की सबसे पसंदीदा पार्टी बन गई है। उन्होंने लिखा है, ₹प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा फिलहाल बंगाल की पहली पसंदीदा राजनीतिक पार्टी है। आगामी चुनाव में भाजपा की जय और ममता दीदी की तृणमूल कांग्रेस की पराजय निश्चित है। आज कोलकाता में विरोध सभा को संबोधित करूंगा। दूसरी ओर बंगाल भाजपा ने धर्मतल्ला में अमित शाह की जनसभा के पास कार्यकर्ताओं की भारी भीड़ का एक वीडियो शेयर कर लिखा है कि यह ममता बनर्जी के अंत की शुरूआत है। उल्लेखनीय है कि आज ही तृणमूल कांग्रेस के विधायक विधानसभा में काला कपड़ा बांधकर शाह के दौरे का विरोध जताएंगे।

## आईएएस की मौत के दो साल बाद आया फैसला, आयकर विभाग का असेसमेंट खारिज



**एजेंसी। भोपाल**

1979 बैच के आईएएस अफसर अरविंद जोशी और उनकी आईएएस पत्नी टीनू जोशी के भोपाल स्थित आवास पर आयकर विभाग ने फरवरी 2010 में छापा मारा था। यहां से आयकर विभाग को बेहिसाब संपत्ति मिली थी। इसका आकलन करीब 350 करोड़ रुपये किया गया था। इस मामले में सरकार ने दोनों आईएएस अधिकारी को निलंबित कर उसकी जांच पूर्व मुख्य सचिव निर्मला बुच से कराई थी। इस मामले में अरविंद जोशी की अप्रवासी भारतीय बहनों को भी आरोपी बनाया गया था। कुछ अन्य लोग भी आरोपी थे। आयकर विभाग की जांच में आय के मुकाबले उनकी संपत्ति 3150% अधिक थी। आयकर विभाग के असेसमेंट को अरविंद जोशी ने ट्रिब्यूनल में चुनौती दी थी। इस मामले की सुनवाई चल रही थी, उसी दौरान चार मार्च 2022 को 68 वर्ष की उम्र में अरविंद जोशी की मौत हो गई। इसके 10 माह बाद उनकी मां की भी मौत हो गई। 2021 में मामले में आरोपी उनकी बहन आशा जोशी की भी मौत हो गई।

### जयमाल के समय दूल्हे को पड़ा दौरा

## लड़की वालों ने शादी से किया इंकार, थाना पहुंचा मामला



आजमगढ़। अहरौला थाना क्षेत्र के समदी गांव में मंगलवार को बारात आयी थी। जयमाल स्टेज पर दूल्हे को दौरा पड़ गया। यह देख कन्या पक्ष से शादी से इंकार कर दिया। मामला थाने पर पहुंचा। जहां वर पक्ष ने एक लाख रुपये हर्जाखर्चा दिया तो दोनों पक्षों में समझौता हो गया। इसके बाद बारात बैरंग ही वापस लौट गई। समदी गांव में बारात पहुंचने पर कन्या पक्ष ने बारातियों का स्वागत किया। द्वारपूजा की रस्म के बाद बाराती नाश्तापानी में जुट गए। इस बीच दुल्हा जयमाल के स्टेज पर पहुंचा था कि उसे दौरा पड़ गया और वह बेहोश हो गया। यह देख कर कन्या पक्ष में हड़कंप मच गया। लगभग 15 मिनट के बाद दुल्हे को होश आया लेकिन तब तक कन्या पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया। इसके बाद घंटो मौके पर दोनों पक्षों में पंचायत हुई। कन्या पक्ष द्वारा शादी के लिए तैयार न होने पर बाराती धीरे-धीरे मौके से घिसने लगे। बुधवार की सुबह हर्जा खर्चा को लेकर मामला थाने तक पहुंच गया। थाने पर हुई पंचायत में दोनों पक्षों में समझौता हुआ। जिसके अनुसार वर पक्ष ने कन्या पक्ष को हर्जा खर्चा के रूप में एक लाख रुपये दिया।

### इंडो-नेपाल बार्डर पर बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल स्थित भारत-नेपाल मैत्री पुल पर जांच के क्रम में एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। बांग्लादेशी नागरिक मैत्री पुल पर तैनात एसएसबी के द्वारा जांच के क्रम में पकड़ा गया। जिसकी पहचान मुगर अली का पुत्र सैफुल खान बताया जा रहा है। जो बांग्लादेश के दौतीया पोस्ट कमालपुर थाना धनराई जिला ढाका बांग्लादेश का निवासी है। सैफुल खान रक्सौल से ई रिक्शा पकड़ कर नेपाल के बीरगंज शहर जा रहा था। जहां मैत्री पुल पर जांच के क्रम में उसके बैग से भारतीय पहचान पत्र व बांग्लादेशी पहचान प्रत्र प्राप्त हुआ है। इसके पास से भारतीय आधार कार्ड, पैन कार्ड, एटीएम कार्ड एवं बांग्लादेशी आईडी कार्ड पकड़ा गया है। एसएसबी ने पूछताछ के बाद उसे हरैया थाना में सौप दिया है। वहीं हरैया पुलिस के द्वारा बांग्लादेशी नागरिक सैफुल खान से पूछताछ के दौरान बताया कि 2018 में भारत बांग्लादेश रंगपुर बॉर्डर पर एक एजेंट मोहम्मद मौजिद नामक व्यक्ति के माध्यम से भारत मे प्रवेश किया था।

### बुर्के में कैटवॉक पर भड़के मौलाना शफीकुर्रहमान, कहा

## छात्राओं के खिलाफ एक्शन लें मां बाप, इस्लाम को बदनाम न करें



**एजेंसी। लखनऊ**

मुजफ्फरनगर के कॉलेज में छात्राओं के रैंप पर बुर्के में कैटवॉक पर सियासत तेज हो गई है। संभल के सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क का इस मसले पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि श्रीराम कॉलेज में नए तरीके से हुए कैटवॉक की इस्लाम इजाजत नहीं देता है। बुर्के में कैटवॉक करने वाली लड़कियों के खिलाफ उनके मां-बाप एक्शन लें। साथ ही उन्होंने ऐसी हरकत कर इस्लाम को बदनाम न करने की सख्त हिदायत भी दी। सपा सांसद डॉ शफीकुर्रहमान बर्क ने अपने आवास पर मीडिया से बात करते हुए मुजफ्फरनगर के श्रीराम कॉलेज में मुस्लिम छात्राओं के रैंप पर बुर्के में कैटवॉक करने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि श्रीराम कॉलेज में नए तरीके से जो कैटवॉक किया गया है, उसमें मुस्लिम लड़कियां शामिल हुई हैं। इसकी इस्लाम बिलकुल भी इजाजत नहीं देता। सपा सांसद ने उलेमा ए इकराम के इस तरह कैटवॉक के एतराज करने को जायज ठहराया है। उन्होंने कहा कि उलेमाओं ने इस कृत्य को इस्लाम के खिलाफ बताया है। वह भी उनका समर्थन करते हैं। सपा सांसद डॉ शफीकुर्रहमान बर्क ने कहा कि श्रीराम कॉलेज में जिस तरह से छात्राओं ने बुर्के में कैटवॉक किया है, इसकी इस्लाम इजाजत नहीं देता है और यह इस्लाम के खिलाफ है। संभल में मुफ्ती आलम रजा नूरी ने कॉलेज में छात्राओं के बुर्के में कैटवॉक करने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम नहीं होने चाहिए। यह हिंदुस्तान की संस्कृति और सभ्यता के खिलाफ है। हमारे देश में सभी धर्म की महिलाएं सभ्यता के दायरे में रहती हैं। लेकिन, मुजफ्फरनगर के कॉलेज में जिस तरह की घटना सामने आई है, वह निंदनीय है। इसकी वह निंदा करते हैं।

### दो दिवसीय राजगीर महोत्सव की तैयारियां पूरी

**बिहारशरीफ ।** पर्यटन विभाग के सौजन्य से जिला प्रशासन नालंदा द्वारा राजगीर महोत्सव का आयोजन 30 नवंबर से 2 दिसंबर तक स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में किया जा रहा है। इस महोत्सव पर लोगों को यहां के इतिहास की जानकारियां भी दी जायेंगी, जिससे लोगों यहां की पूरी तरह से जानकारी मिल सके। महोत्सव पर 7 दिवसीय ग्रामश्री मेला का आयोजन भी किया जायेगा। इस अवसर पर महिला महोत्सव, व्यंजन मेला, पुस्तक मेला, विभिन्न खेल प्रतियोगिता, दंगल प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, विभिन्न विभागों के स्टॉल, विभागीय प्रदर्शनी आदि का आयोजन किया जायेगा। मुख्य समारोह की व्यवस्था पर्यटन विभाग, बिहार द्वारा की जा रही है। अन्य व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की जा रही है। महोत्सव के आयोजन को लेकर की जा रही तैयारियों का जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में तैयारियों का निरीक्षण किया।

### रवि किशन बोले, कांग्रेस शासन में मर जाते थे मजदूर

## मोदी राज में 41 लौटे जिंदा ये है आत्मनिर्भर भारत



**एजेंसी। गोरखपुर**

भारतीय जनता पार्टी के सांसद और भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता रवि किशन शुक्ला ने कहा कि, कांग्रेस शासनकाल में रानीगंज की खदान में फंसे हुए मजदूरों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। जबकि केंद्र की मोदी सरकार ने आत्मनिर्भर भारत का परिचय देते हुए, उत्तराखंड की सिल्कयारा टनल में फंसे हुए 41 मजदूरों को सकुशल जिंदा बाहर निकाला है। उन्होंने ऐसी घटना पर मिशन रानीगंज नाम की एक फिल्म भी बनाई है, जिसमें यह घटनाक्रम दिखाया गया है। उन्होंने कहा कि यह है भारत के विकासवादी सोच की नीति का परिणाम, जो भारतीय जनता पार्टी की सरकार और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरी दुनिया को एहसास हो रहा है। आज देश की जीडीपी सातवें पायदान से ऊपर चढ़कर पांचवें पायदान पर आ चुकी है।मोदी जी ने कहा है कि देश के सात लाख युवाओं को अब तक रोजगार दे चुका हूं, बहुत जल्द तीन लाख और युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य भी हासिल कर लिया जाएगा। रवि किशन भाजपा की संकल्प विकसित भारत यात्रा के लिए चलाए जा रहे हैं वैन को गोरखपुर विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार से हरी झंडी दिखाने के अवसर पर मीडिया से बात कर रहे थे। रवि किशन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने नौ साल के कार्यकाल में विकास के जो भी पैमाने तय किए हैं, अगड़े, पिछड़े, आदिवासी हर वर्ग के लिए जो नीतियां बनाई हैं, उन्ही नीतियों और कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए यह मोबाइल वैन चलाई गई है, जो गांव-गांव तक पहुंचकर लोगों के बीच मोदी सरकार की उपलब्धियां को पहुंचाएगी। महिलाओं के लिए, सेना के लिए, गोरखपुर में खाद का कारखाना, एम्स, एक्सप्रेस-वे और इंसायफेलाइटिस जैसी बीमारी पर रोकथाम का प्रयास हुआ। रोजगार के लिए पलायन रुका। क्योंकि, गीडा में भी उद्योगों की स्थापना हुई। देश और प्रदेश में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है।

### शिव का राज या कमल बनेंगे नाथ? आज

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए एग्जिट पोल्स के प्रकाशन पर लगा प्रतिबंध 30 नवंबर को शाम छह बजे तेलंगाना में वोटिंग खत्म होने के साथ ही समाप्त हो जाएगा। इसके बाद तमाम न्यूज चैनल्स और संस्थाओं के एग्जिट पोल्स भी सामने आएंगे। इस बार चुनाव बेहद गहमागहमी भरे माहौल में हुए हैं। राजनीतिक विश्लेषक भी दावा करने की स्थिति में नहीं है कि किसकी सरकार बनने जा रही है। इस वजह से एग्जिट पोल्स बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उनका बेसब्री से इंतजार हो रहा है। कई टीवी चैनलों पर एग्जिट पोल्स को लेकर पल-पल की रिपोर्ट दी जाएगी। इतिहास की बात करें तो 2013 और 2018 में कुछ ही एग्जिट पोल्स सटीक परिणाम के आसपास पहुंच सके थे। हालांकि, उसमें मिले संकेत बिल्कुल सटीक रहे थे। मसलन 2013 में भाजपा की जीत और 2018 में कांटे के मुकाबले का अनुमान एग्जिट पोल्स ने सटीक लगाया था।

## संकष्टी चतुर्थी आज, पढ़ें गजाननं भूतगणादि सेवितं मंत्र, बप्पा हो जाएंगे प्रसन्न




**एजेंसी। वाराणसी**

हर महीने कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को संकष्टी चतुर्थी होती है। इस तरह से पूरे साल में कुल 12 संकष्टी चतुर्थी पड़ती है। अभी मार्गशीर्ष या अगहन का महीना चल रहा है, जिसमें कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि 'गणाधिप संकष्टी चतुर्थी' कहलाती है। चतुर्थी तिथि भगवान गणेश की पूजा और व्रत के लिए समर्पित है। इस दिन व्रत रखकर भगवान गणेश की पूजा की जाती है। मार्गशीर्ष की संकष्टी चतुर्थी के दिन किए पूजा-व्रत के फल से समस्त संकटों का नाश होता है। इस साल संकष्टी चतुर्थी गुरुवार 30 नवंबर 2023 को पड़ रही है। अगर आप संकष्टी चतुर्थी पर भगवान गणेश की कृपा चाहते हैं तो पूजा के दौरान 'गजाननं भूतगणादि सेवितं' मंत्र को जरूर पढ़ें। संकष्टी चतुर्थी पर भगवान गणेश का पूजन किया जाता है। मान्यता है कि, संकष्टी चतुर्थी का व्रत करने से मनोकमान पूर्ति होती है और कष्टों का नाश होता है। विवाहित स्त्रियां इस दिन व्रत रखकर पति की लंबी आयु और सौभाग्य की प्रार्थना करती हैं। आर्थिक संकट से मुक्ति और संतान प्राप्ति के लिए इस चतुर्थी को फलदायी माना जाता है। इन बातों का भी रखें ध्यान : संकष्टी चतुर्थी का व्रत रात में चंद्रोदय के बाद चंद्रमा के दर्शन और अर्घ्य देकर ही खोलें। क्योंकि चतुर्थी व्रत चंद्रमा को अर्घ्य देने के बाद ही सफल और संपन्न होता है। संकष्टी चतुर्थी का व्रत के दिन नमक का सेवन नहीं करें। आप फलाहार व्रत कर सकते हैं। संकष्टी चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा में भूलकर भी तुलसी न चढ़ाएं। इससे भगवान नाराज हो सकते हैं। संकष्टी चतुर्थी पर मूषक (चूहा) को नहीं सताना चाहिए।

### सिलक्यारा के सुरंग से अपने चिराग को घर लौटने पर परिवार में खुशी

## पिता ने प्रधानमंत्री का जताया आभार



**एजेंसी। पटना**

उत्तराखंड के उत्तरकाशी की निमार्णाधीन सिलक्यारा सुरंग में फंसे सभी 41 मजदूरों को 17वां दिन मंगलवार रात सुरक्षित बाहर निकाल लिए जाने से सारे देश में खुशी का माहौल है। इस सुरंग में बिहार के भी पांच मजदूर फंसे हुए थे। मुजफ्फरपुर जिले के दीपक के पिता शत्रुधन राय ने बुधवार को बेटे से बात करने के बाद कहा, 'उत्तरखंड सरकार के साथ पुलिस जवानों, केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री को मेरा हाथ जोड़कर प्रणाम। राय ने कहा कि अथक प्रयास कर टनल में फंसे सभी लोगों को सकुशल निकला गया। काफी ज्यादा परेशान हो गए थे हम लोग। उम्मीद छोड़ चुके थे। सरकार की अच्छी पहल और सभी लोगों की मेहनत ने सबको जीवनदान दिया है। बेटे से बात कर काफी खुशी हुई है। अब उसे कहीं नहीं भेजूंगा। सारण जिले के सोनू साह के मां-पिता का कहना है कि बेटे का दूसरा जन्म हुआ है। उन्होंने बताया कि हम लोग अपने बेटे की आस में कभी चैन से नहीं सोए। हम केंद्र की मोदी और उत्तराखंड सरकार को धन्यवाद देते हैं कि हमारा लाल सकुशल सुरंग से बाहर आ गया है। भोजपुर जिले के श्रमिक सबा अहमद के पिता मिस्बाह अहमद सुरंग में फंसे श्रमिकों को निकालने के लिए जारी बचाव अभियान से जुड़ी पल-पल की खबर अपने मोबाइल फोन के माध्यम से ले रहे थे। उन्होंने बताया कि बेटे के सकुशल निकल आने का बेसब्री से इंतजार कर था। वह शुभ घड़ी आ गई है। मेरा बेटा सबा घर का एकमात्र कमाऊं पूत है। मिस्बाह ने कहा कि जब हमें उसी परियोजना पर काम कर रहे परिवार के एक अन्य सदस्य से पहली बार इस घटना के बारे में खबर मिली तो हम सन्न रह गए थे। बांका जिले के वीरेंद्र किस्कू के परिजनों ने बताया कि सुरंग में फंसे होने की सूचना आने के बाद उसकी पत्नी टूट गई थी। लेकिन जल्द ही खुद को संभाला और अपने पति को वापस लाने के लिए दृढ़ संकल्प के साथ उत्तरकाशी के लिए रवाना हो गई। हम केंद्र तथा उत्तराखंड सरकार को धन्यवाद देते हैं।

## ज्ञानवापी के दो मामलों की सुनवाई आज



**एजेंसी। वाराणसी**

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने ज्ञानवापी परिसर की सर्वे रिपोर्ट जमा करने के लिए जिला जज की अदालत से तीन हफ्ते का समय मांगा है। जिस पर जिला अदालत में बुधवार को सुनवाई टल गई है। साथ ही व्यास जी की गद्दी को डीएम को सुपुर्द किये जाने के मामले में भी सुनवाई नहीं हो सकी। समय की कमी के कारण दोनों मामलों में सुनवाई टल गई है। अदालत ने अगली तारीख गुरुवार 30 नवंबर की दी है। बता दें कि मंगलवार को एक अधिवक्ता के निधन के कारण मंगलवार को सुनवाई नहीं हो पाई थी। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्ववेश की अदालत ने सील वजूखाने को छोड़कर ज्ञानवापी परिसर के सर्वे का आदेश 21 जुलाई को दिया था। 24 जुलाई से एएसआई ने सर्वे शुरू किया तो अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद कमेटी सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई। सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे के आदेश पर रोक लगाई और मसाजिद कमेटी को इलाहाबाद हाईकोर्ट जाने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनीं और चार अगस्त को जिला जज के आदेश को सही ठहराया। चार अगस्त से एएसआई ने सर्वे शुरू किया, जो अक्तूबर अंत तक चला। दो नवंबर को एएसआई ने जिला जज की अदालत को बताया कि सर्वे पूरा हो गया, लेकिन रिपोर्ट दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय की जरूरत है। जीपीआर तकनीक से हुए सर्वे की रिपोर्ट बनाने में समय लग रहा है।

## बागी इश्क या हनीट्रैप: पहले प्यार किया फिर हड़प लिये करोड़ों, एफआईआर दर्ज किया गया



**एजेंसी। कटनी**

कटनी के कारोबारी ने माधवनगर थाने में एक महिला समेत चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करते हुए उन पर करोड़ों रुपए ऐंठने का आरोप लगाया है। हालांकि महिला ने भी कारोबारी सुशील मोटवानी के खिलाफ दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कराया है, लेकिन हम आपको बताते हैं ये पूरा मामला दुष्कर्म और ठगी का नहीं बल्कि इश्क और बगावत का है। कटनी के बड़े कारोबारियों में शुमार सुशील मोटवानी और उसकी पड़ोस में रहने वाली महिला के बीच पहचान 2008 में हुई फिर दोनों को आपस में प्यार हुआ और वो परवान चढ़ा, दोनों घूमने देश ही नहीं बल्कि विदेश भी जाया करते थे। ये सिलसिला शादी के पहले से लेकर बाद तक जारी रहा। इसके पीछे की वजह सुशील मोटवानी के पास बेहिसाब पैसा था जो वो महिला के प्यार पर उसके पति, पिता से लेकर भाई, बहन पर किया करता था। हालांकि ये खर्चा लाखों से कब करोड़ों में पहुंच गया ये सुशील मोटवानी को भी पता नहीं चला, सुशील मोटवानी की माने तो उसे प्यार के झांसे में फंसाकर महिला ने उससे 1 करोड़ 76 लाख हड़प ली है। पुलिस शिकायत पर बिजनेसमैन सुशील मोटवानी ने बताया है कि उससे 10 लाख नगद, 20 लाख की एफडी, 20 तोला सोने के जेवरात सहित बंगला और गाड़ी प्यार के झांसे में फंसाकर उससे हड़पे हैं जो करीब 1 करोड़ 76 लाख रुपए से ज्यादा माने जा रहे हैं, हालांकि दोनों के प्यार में टकरार तब आई जब महिला को अपने से कम उम्र के एक युवक से सोशल मीडिया में प्यार हो गया, जिसके बाद से सुशील और महिला के बीच छोटी-छोटी बातों में विवाद होने लगे। फिर बिजनेसमैन सुशील मोटवानी ने महिला को सबक सिखाने के लिए उसके ऊपर किए हुए खर्च किए हुए पैसों का हिसाब बनाकर कर माधवनगर थाने में इसी वर्ष के जनवरी शिकायत दर्ज करा दी थी।

## एक नजर

### यूपी टीम की स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच बनी स्वाति

**प्रयागराज।** बीसीसीआई द्वारा मुम्बई में 10 से 22 दिसम्बर तक होने वाली अंडर-23 वूमेन टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने दिल्ली पब्लिक स्कूल की स्पोर्ट्स टीचर और आशीष नेहरा क्रिकेट अकादमी (डीपीएस) में कोच स्वाति सिंह को यूपीसीए टीम का स्ट्रेंथ एवं कंडीशनिंग कोच बनाया है।उल्लेखनीय है कि स्वाति यूपीसीए सीनियर वूमेन चैलेंजर ट्रॉफी, सीनियर वूमेन टी-20 ट्रॉफी और बीसीसीआई द्वारा नागपुर में आयोजित एक दिवसीय टूनामेंट में यूपी टीम की ट्रेनर रह चुकी हैं। इसी वर्ष राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के अंडर-15 कैम्प में मैनेजर भी रही थीं।

### बास्केटबॉल सुपर लीग फिर से शुरू, स्टेडियम में 1,000 दर्शकों को प्रवेश की अनुमति

**जेरूसलम।** इजरायल और हमास के बीच युद्ध के कारण 7 अक्टूबर को निलंबित होने के बाद इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग मंगलवार शाम से फिर से शुरू हो गई है। हालांकि लीग के हर मैच में अधिकतम 1,000 दर्शकों को ही स्टेडियम में मैच देखने की अनुमति है। इससे पहले इजरायली बास्केटबॉल सुपर लीग प्रशासन (बीएसएल) ने सुरक्षा की स्थिति के कारण, यह भी फैसला किया था कि पूरे सीजन में विदेशी खिलाड़ी ट्रांसफर की संख्या पर कोई सीमा नहीं होगी। बता दें कि इजरायल-और हमास संघर्ष के कारण कई विदेशी खिलाड़ियों ने अपनी इजरायली टीमों को छोड़ दिया था।

### 9 जनवरी से ओडिशा में शुरू होगा कलिंगा सुपर कप

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने बुधवार को घोषणा की कि कलिंगा सुपर कप का आयोजन 9 जनवरी 2024 से ओडिशा में किया जाएगा। टूनामेंट के मैच ओडिशा में दो अलग-अलग स्थानों पर आयोजित करने की योजना है। इंडियन सुपर लीग और आई-लीग दोनों टीमों को वार्षिक टूनामेंट में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। टूनामेंट के प्रारूप में चार-चार टीमों के चार समूह होंगे, जो आपस में सिंगल लेग मैच खेलेंगे। ग्रुप विजेता सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगे, जिसके बाद 28 जनवरी, 2024 को फाइनल खेला जाएगा। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, ₹हमने पहले जो निर्णय लिया था। उसके अनुसार वार्षिक सुपर कप टूनामेंट अब बड़े और व्यापक परिप्रेक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। यह टूनामेंट अब कलिंगा सुपर कप के नाम से जाना जाएगा और जनवरी 2024 में ओडिशा में खेला जाएगा। यह भारतीय घरेलू फुटबॉल के लिए एक सकारात्मक विकास है। मुझे विश्वास है कि कलिंगा सुपर कप आयोजन और दर्शकों की रुचि दोनों के मामले में बहुत हिट होगा। आई-लीग टीमें कलिंगा सुपर कप के ग्रुप चरण में पहुंचने के लिए क्वालीफायर खेलेगी जहां ग्रुप चरण में उनके लिए चार स्थान आरक्षित किए गए हैं। कलिंगा सुपर कप के चैंपियंस को एएफसी 2023-24 सीजन के एसीएल 2 प्रारंभिक चरण में खेलने के लिए नामांकित किया जाएगा।

# मुख्य कोच बने रहेंगे राहुल द्रविड़

## बीसीसीआई ने किया अनुबंध विस्तार



बीसीसीआई ने दूसरे कार्यकाल की अवधि नहीं बताई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि जून में होने वाले 2024 टी20 विश्व कप तक होगी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और टीम इंडिया के सहयोगी स्टाफ (सीनियर पुरुष) के अनुबंध का विस्तार किया है। हालांकि बीसीसीआई ने उनके दूसरे कार्यकाल की सटीक अवधि नहीं बताई है, लेकिन उम्मीद की जा रही है कि यह कम से कम जून में होने वाले 2024 टी20 विश्व कप तक होगा। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के बाद द्रविड़ का अनुबंध समाप्त हो गया था, जिसके बाद बीसीसीआई ने द्रविड़ के साथ सार्थक चर्चा की और सर्वसम्मति से कार्यकाल को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, राहुल द्रविड़ की दूरदर्शिता, व्यावसायिकता और दृढ़ प्रयास टीम इंडिया की सफलता में महत्वपूर्ण स्तंभ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में, आप हमेशा अत्यधिक जांच के दायरे में रहते हैं और मैं इसका विस्तार करता हूं। भारतीय टीम का प्रदर्शन उनके रणनीतिक मार्गदर्शन का प्रमाण है। मुझे खुशी है कि उन्होंने मुख्य कोच बने रहने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया और यह उनके और बीसीसीआई के बीच आपसी सम्मान और साझा दृष्टिकोण को दशार्ता है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके नेतृत्व में टीम सफलता के शिखर तक अपनी यात्रा जारी रखेगी और रास्ते में नए मानक स्थापित करेगी। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, ह्लमैंने उनकी नियुक्ति के समय उल्लेख किया था कि मुख्य कोच की भूमिका संभालने के लिए राहुल द्रविड़ से बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है, और द्रविड़ ने अपने प्रदर्शन से खुद को फिर से साबित कर दिया है। टीम इंडिया अब सभी प्रारूपों में एक मजबूत इकाई है, और तीनों प्रारूपों में हमारी शीर्ष रैंकिंग सीधे तौर पर उनके दृष्टिकोण, मार्गदर्शन और टीम के लिए उनके द्वारा तैयार किए गए रोडमैप को दशार्ती है। फाइनल से पहले लगातार 10 गेम जीतने के बाद, हमारा विश्व कप अभियान असाधारण से कम नहीं था, और टीम के विकास के लिए सही मंच तैयार करने के लिए मुख्य कोच सराहना के पात्र हैं। मुख्य कोच को हमारा पूरा समर्थन प्राप्त है, और हम उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर सफलता के लिए आवश्यक सभी सहायता प्रदान करेंगे। टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, टीम इंडिया के साथ पिछले दो साल पूरी तरह से यादगार रहे हैं। साथ में, हमने उतार-चढ़ाव देखे हैं, और इस पूरी यात्रा के दौरान, समूह के भीतर समर्थन और सौहार्द अभूतपूर्व रहा है। हमने ड्रेसिंग रूम में जो संस्कृति स्थापित की है, उस पर मुझे वास्तव में गर्व है। यह एक ऐसी संस्कृति है जो लचीली बनी रहती है, चाहे विजय के क्षण हों या विपरीत परिस्थिति। हमारी टीम के पास जो कौशल और प्रतिभा है, वह अभूतपूर्व है, और हमने जिस बात पर जोर दिया है वह है सही प्रक्रिया का पालन करते हुए और अपनी तैयारियों पर कायम रहते हुए, जिसका समग्र परिणाम पर सीधा प्रभाव पड़ा है।

### भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई में करेगी श्रीलंका का दौरा

**कोलंबो।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम जुलाई 2024 में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और इतने ही टी20 मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। वर्ष 2024 में, श्रीलंका की पुरुष राष्ट्रीय टीम 52 अंतरराष्ट्रीय मैचों में प्रतिस्पर्धा करेगी, जिसमें 10 टेस्ट, 21 वनडे और 21 टी20ई शामिल हैं। एसएलसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम अपने 2024 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर की शुरूआत जनवरी में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक घरेलू श्रृंखला के साथ करेगी, जिसमें तीन एकदिवसीय और तीन टी20ई श्रृंखलाएं शामिल होंगी। इसके बाद जनवरी-फरवरी की अवधि के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ एक श्रृंखला होगी, जिसमें एक टेस्ट मैच, तीन वनडे और तीन टी20ई, मैच शामिल हैं। राष्ट्रीय टीम 2024 में वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने से पहले सभी प्रारूपों के दौरे के लिए बांग्लादेश की यात्रा करेगी। भारतीय टीम जुलाई में टी-20 विश्व कप के बाद श्रींलका दौरे पर जाएगी। इसके बाद राष्ट्रीय टीम वर्ष के मध्य में इंग्लैंड में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी, जबकि 2024 सीजन दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के दौरे के साथ समाप्त होगा। श्रीलंका के सीईओ एशले डी सिल्वा ने कहा, "हम एक बेहद रोमांचक वर्ष की ओर बढ़ रहे हैं, जिसमें बहुत सारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेली जाएगी, जो हमारे लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि हमारी टीम साल भर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में व्यस्त रहेगी।

# महान लीडर्स के नेतृत्व में खेलने से मिली सीख आईपीएल में काफी मदद करेगी: शुभमन गिल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना ??है कि महान लीडर्स के साथ खेलने से उन्हें जो सीख मिली है, उससे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सीजन में गुजरात टाइटंस का नेतृत्व करते समय उन्हें काफी मदद मिलेगी। गिल को हाल ही में आईपीएल 2022 की विजेता टीम गुजरात का कप्तान घोषित किया गया था, पिछले दो सीजन के लिए उनके पूर्ववर्ती हार्दिक पंड्या को पांच बार की विजेता मुंबई इंडियंस में वापस भेज दिया गया है। आईपीएल 2024 में गुजरात की कप्तानी करना सीनियर पुरुष क्रिकेट में एक लीडर के रूप में गिल की पहली बड़ी जिम्मेदारी होगी। गिल ने फ्रेंचाइजी द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, ₹हम सभी जानते हैं कि कप्तानी कई चीजों के साथ आती है, और प्रतिबद्धता उनमें से एक है। अनुशासन उनमें से एक है। कड़ी मेहनत उनमें से एक है। वफादारी उनमें से एक है। क्योंकि मैंने महान लीडर्स के तहत खेला है और सीखा है। उनसे बहुत कुछ मिला है, उनके नेतृत्व में खेलने के अनुभव से मुझे जो सीख मिली है, उससे मुझे इस आईपीएल में बहुत मदद मिलेगी। 24 वर्षीय गिल ने 2018 में कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरूआत की और आईपीएल 2022 की नीलामी से पहले दो बार के चैंपियन ने उन्हें रिलीज कर दिया, जहां उन्हें गुजरात ने चुना। जीटी के साथ अपने पहले सीजन में, जहां उन्होंने हार्दिक के नेतृत्व में ट्रॉफी जीती, गिल ने 16 मैचों में 34.50 के औसत और 132.33 के स्ट्राइक-रेट से 483 रन बनाए, जिसमें चार अर्धशतक शामिल थे। गिल आईपीएल 2023 में अग्रणी रन-स्कोरर बन गए, उन्होंने 17 मैचों में 59.33 के औसत और 157.80 के स्ट्राइक-रेट से 890 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और चार अर्द्धशतक शामिल थे, और गुजरात उपविजेता रहा। उनका मानना है कि केन विलियमसन, राशिद खान जैसे अनुभवी नामों के साथ गुजरात टीम के नेता के रूप में उनके लिए और भी बहुत कुछ सीखने को है। हमारी टीम में महान नेता हैं, चाहे वह केन (विलियमसन) हों या वह राशिद (खान) भाई हों या वह (मोहम्मद) शमी भाई हों, या यहां तक कि डेविड (मिलर), या यहां तक कि रिद्धि (साहा) हों। तो, मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होने वाला है। जाहिर है, रास्ते में बहुत कुछ सीखने को मिलेगा, जो एक कप्तान के रूप में मेरा अनुभव होगा। मैं बहुत से लोगों को शानदार यादें बनाते हुए देखता हूं। गिल का पिछला नेतृत्व अनुभव न्यूजीलैंड में 2018 पुरुष अंडर19 विश्व कप में विजयी भारतीय अभियान के दौरान कप्तान पृथ्वी शॉ का डिप्टी होना रहा है। वरिष्ठ स्तर पर, उन्होंने 2019 में न्यूजीलैंड दौरे पर भारत-ए का नेतृत्व करने के अलावा, 2019-20 दलीप ट्रॉफी में इंडिया ब्लू और उसी सीजन के दौरान देवधर ट्रॉफी में इंडिया सी टीम की कप्तानी की। गिल ने स्वीकार किया कि उन्हें इस तथ्य को समझने में समय लगेगा कि वह अब एक आईपीएल टीम के कप्तान हैं। मुझे लगता है कि जब तक हम पहला मैच नहीं खेल लेते, तब तक शायद इसमें समय लगेगा। यह पूरी तरह से खत्म नहीं होने वाला है; यह बहुत अच्छा अहसास है।



16मैचों में 34.50 के औसत और 132.33के स्ट्राइक-रेटसे 483 रन बनाए

# ब्रांड जंगल ओरमांझी ने एफ सी चुट्टू को 1-0 से हराया

**एजेंसी। रांची**



शिव शिष्य हरिद्रानंद फाउंडेशन एवं शिव शिष्य परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू गुरगांई बुढ़ीबागी मैदान ओरमांझी में। युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का दूसरा दिन ग्रुप इ का ब्राण्ड जंगल ओरमांझी बनाम फुटबॉल क्लब चुट्टू के बीच खेला गया। जिसमें ब्रांड जंगल ओरमांझी 1-0 से विजय हुई। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि रामधन बेदिया पूर्व प्रत्यासी आजसू खिजरी विधानसभा उद्घाटनकर्ता पारस नाथ उरांव विशिष्ट अतिथि रोशनलाल मुण्डा जिला प्रवक्ता आजसू जिला परिषद पूर्वी ओरमांझी सरिता देवी प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो छात्र जिला अध्यक्ष राज किशोर महतो प्रकाश लकड़ा खिलेश्वर महतो आनंद महतो अमर कुमार संतोष प्रजापति संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन किये। आज सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच 11:00 से खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच भूमित 11 बेलवा टोली बनाम डायमंड क्लब रांची एवं दूसरा सेमीफाइनल ब्रांड जंगल ओरमांझी बनाम‚ '२२ गुडू के बीच खेला गया। दोनों मैच के विजेताओं के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मैच में सुमित कुमार एवं दूसरा मैच में प्रकाश कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया। मौके पर चंद्रदेव मुंडा सेवाराम महतो रामप्रसाद धर्मनाथ मुंडा मोहन बेदिया रामदयाल गंझू आयोजन समिति के अध्यक्ष नीलांबर सिंह सचिव विनोद कुमार महतो कोषाध्यक्ष दीपक नायक उपाध्यक्ष सनी सिंह उपसचिव जीवनलाल मुंडा उपकोषाध्यक्ष राम प्रसाद सिंह जयवीर बेदिया नकुल बेदिया अजय गंझू प्रदीप मुंडा दिलीप मुंडा नितेश मुंडा शंकर मुंडा सत्य सिंह भरत मुंडा नितेश पाहन प्रीतम सिंह विकास मुंडा एवं सभी सदस्यों मौजूद थे।

# एशियाई आर्म रेसलिंग कप में भारतीय दल का शानदार प्रदर्शन, जीते 9 पदक

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय आर्म रेसलर्स ने कौशल और दृढ़ संकल्प का एक अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए हाल ही में संपन्न एशियाई आर्म रेसलिंग कप 2023 में 9 पदक जीते, जिसमें तीन स्वर्ण, दो रजत और चार कांस्य पदक शामिल है। दल की कप्तानी पैरा-एथलीट बीवी श्रीनिवास ने की, संभवतः पहली बार है, जब किसी भारतीय खेल दल का नेतृत्व किसी पैरा-एथलीट ने किया है। श्रीनिवास पिछले चार वर्षों से आर्म रेसलिंग में हैं और अपने स्वयं के स्टार्ट अप 'बीवीएस फिटनेस सोर्स' के साथ एक निजी फिटनेस ट्रेनर हैं। उन्होंने 2019 में भिलाई में नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में डिसेबल्ड स्टैंडिंग कैटेगरी में रजत पदक जीता और 2019 में रोमानिया में वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहे। श्रीनिवास ने 90 किग्रा पैरा वर्ग में बाएं और दाएं दोनों पोजीशन में भाग लिया और दोनों में स्वर्ण पदक हासिल किए। लक्ष्मण सिंह भंडारी ने 70 किग्रा ग्रैंड मास्टर वर्ग (दाहिने हाथ की स्थिति) में स्वर्ण पदक और ग्रैंड मास्टर बाएं हाथ की स्थिति में रजत पदक हासिल किया। कृष्ण कुमार ने पैरा 75 किग्रा वर्ग (दाहिने हाथ की स्थिति) में रजत पदक जीता। श्रीमंत झा ने पैरा 85 किग्रा वर्ग में दाहिने हाथ की स्थिति में कांस्य पदक हासिल किया। इस बीच, एरीकमेनलांग शाबोंग (50 किग्रा) और वांडा सिएमियोंग (60 किग्रा) ने दाहिने हाथ की स्थिति में कांस्य पदक जीता। सेनेबी सिंगकली ने 55 किग्रा सीनियर वर्ग में बाएं हाथ की स्थिति में कांस्य पदक जीता। कुल मिलाकर, भारत ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान हासिल किया जो पैरा-एथलीटों के लिए एक बड़ी उपलब्धि थी। पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने एशियन आर्म रेसलिंग कप 2023 में भारतीय आर्म रेसलर्स की सफलता पर उन्हें बधाई देते हुए कहा, ह्लभारतीय आर्म रेसलर्स ने एशियन आर्म रेसलिंग कप 2023 में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। उनके अटूट समर्पण ने न केवल जीत हासिल की है बल्कि हमारे देश के गौरव को भी नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। मुझे यकीन है कि आगे चलकर हमारे आर्म रेसलर्स और अधिक गौरवान्वित करेंगे।

### विक्की कौशल की उपस्थिति में यू मुंबा ने किया जर्सी का अनावरण

**मुंबई।** यू मुंबा ने बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल की उपस्थिति में बुधवार को प्रो कबड्डी लीग सीजन 10 के लिए यू मुंबा की जर्सी का अनावरण किया। यू मुंबा आगामी रोमांचक सीजन के लिए तैयार है। नए विचार और विवरणों पर ध्यान देने के साथ डिजाइन की गई नई जर्सी उत्कृष्टता, एकता और मुंबई की स्थायी भावना को दशार्ती है। नई जर्सी को विकी कौशल, टीम के मालिक रोनी स्क्रूवाला, सीईओ सुहेल चंडोक के अलावा सीजन 10 के कोर टीम के सदस्यों सुरिंदर सिंह, महेंद्र सिंह, रिंकू, गिरीश एर्नाक, गुमान सिंह और प्रणय की उपस्थिति में लॉन्च किया गया। यू मुंबा के सीईओ सुहैल चंडोक ने कहा, मुंबई शहर के दिल और आत्मा को समाहित करने वाले तत्वों से जुड़ी, जर्सी लोगों की ऊर्जा, विविधता, हलचल और अदम्य भावना को दशार्ती है जो मुंबई का प्रतिनिधित्व करता है। प्रत्येक थ्रेड एक कहानी बताता है, जो एक ऐसे शहर की नब्ज को प्रतिबिंबित करता है जो कभी नहीं सोता है ।

# दक्षिण भारतीय प्रतिद्वंदियों केरला ब्लास्टर्स और चेन्नइयन एफसी के बीच होगा मुकाबला

**एजेंसी। कोच्चि**



इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 में शीर्ष स्थान के लिए भारी संघर्ष के बीच, केरला ब्लास्टर्स एफसी 29 नवम्बर, बुधवार को कोच्चि स्थित अपने घरेलू मैदान जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में चेन्नइयन एफसी की मेजबानी करेगी, तो उसकी कोशिश इस मुकाबले से पूरे अंक हासिल करके तालिका के शीर्ष पर फिर से पहुंचने की कोशिश होगी। एफसी गोवा ने आईएसएल सीजन 10 के मैचवीक 7 के अंतिम मुकाबले में जमशेदपुर एफसी पर 1-0 की जीत दर्ज करके टस्कर्स से शीर्ष स्थान छीन लिया। हालांकि, इवान वुकोमानोविक और उनके ब्लास्टर्स एकदम सटीक रहे हैं और इस सीजन में अब तक हवा में उड़ रहे हैं। उन्होंने अपने पांच घरेलू मैचों में से चार में जीत हासिल की है और बुधवार को होने वाले मुकाबले में उन्हें एक बार फिर फैंस की भारी भीड़ का जबर्दस्त समर्थन मिलेगा, और यह देखना होगा कि क्या वे घरेलू मैदान पर अधिकतम अंक लेने के लिए इसका फायदा उठाते हैं। केरला ब्लास्टर्स एफसी के मुख्य कोच इवान वुकोमानोविक ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्लचेन्नइयन एफसी के साथ हमारा मुकाबला हमेशा मुश्किल रहता है। मैं कई शारीरिक द्वंद्व के साथ एक बहुत कठिन मुकाबले की उम्मीद करता हूं। यह उस तरह का मुकाबला है जो इन दोनों टीमों के बीच हमेशा होता आया है। हम या हमारी प्रतिद्वंद्वी इस समय टेबल पर कहां मौजूद हैं, यह फिलहाल मायने नहीं रखता। घर पर हर मैच कठिन होता है, खासकर तब, जब दूसरी टीम हमेशा कुछ अतिरिक्त दिखाने के लिए आतुर रहती हैं। चेन्नइयन एफसी के मुख्य कोच ओवेन कॉयल ने मैच से पहले प्रतिद्वंद्वियों की प्रशंसा करते हुए कहा, ह्लयह एक शानदार मुकाबला होने वाला है। अगर मैं खुद को एक खिलाड़ी के रूप में देख हूं, तो यह ठीक वैसा ही मैच है जिसे आप खेलना चाहते हैं।

स्वर्ण पदक

## खेलो इंडिया वीमेंस किकबॉक्सिंग लीग में मंदाकिनी ने 50 केजी भार में जीता गोल्ड

# विजेताओं को राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का मिलेगा मौका

**हजारीबाग के नमन विद्या स्कूल में 8वीं कक्षा की है छात्रा, लीग में हजारीबाग जिले का किया प्रतिनिधित्व**

**गोंदलपुरा खनन परियोजना में कार्यरत हैं पिता, परिवार से लेकर स्कूल तक में खुशी का माहौल**



**एजेंसी। रांची**

बड़कागांव/हजारीबाग। जिले की मंदाकिनी यादव ने दो दिवसीय खेलो इंडिया विमेंस किकबॉक्सिंग लीग में स्वर्ण पदक जीत कर हजारीबाग का नाम रौशन किया है। रांची के खेलगांव स्टेडियम स्थित बॉक्सिंग हॉल में आयोजित हुए इस प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भार में मंदाकिनी ने हजारीबाग जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए यह पदक अपने नाम किया। इससे पहले मंदाकिनी ने इस वर्ष अगस्त महीने में वाको इंडिया की ओर से आयोजित किकबॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था। सुश्री मंदाकिनी यादव हजारीबाग के नमन विद्या स्कूल में 8वीं कक्षा की छात्रा हैं और मुकेश कराटे अकादमी, हजारीबाग में प्रशिक्षण भी ले रही हैं। मंदाकिनी के पिता रामअवध यादव अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के गोंदलपुरा खनन परियोजना में बतौर डिप्टी मैनेजर कार्यरत हैं। मंदाकिनी की इस उपलब्धि पर अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के कार्यालय में बुधवार को उसे सम्मानित किया गया। मंदाकिनी की इस उपलब्धि पर पूरा परिवार, कराटे अकादेमी और स्कूल प्रबंधन बेहद खुश है। मंदाकिनी खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी 80% अंकों के साथ बेहतर करती रही है। एथलेटिक्स में अब तक इसने 16 गोल्ड मेडल जीता है। झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया कि महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार और वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन देश भर में 27 स्थानों पर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं को सीधे तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर मिलेगा। इस दो दिवसीय चैंपियनशिप का शुभारंभ 26 नवम्बर को रांची के सांसद संजय सेठ ने किया था और समापन कार्यक्रम में राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव मौजूद थे। इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 325 खिलाड़ी और 75 अधिकारियों ने अपना योगदान दिया।

### विश्व कप के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए पैनल का गठन

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने हाल ही में समाप्त हुए आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन का आकलन करने के लिए तीन सदस्यीय विशेष समिति का गठन किया है। बीसीबी निदेशक इनायत हुसैन सिराज समिति के संयोजक के रूप में कार्य करेंगे, जबकि महबुबुल अनम और अकरम खान समिति के अन्य सदस्य होंगे। बीसीबी ने बुधवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, समिति का उद्देश्य टूनार्मेंट में टीम के खराब प्रदर्शन में योगदान देने वाले कारकों की जांच करना है। समिति बाद में बोर्ड को अपने निष्कर्ष पेश करेगी। हालाँकि, बीसीबी ने अपने निष्कर्ष प्रस्तुत करने के लिए किसी समय सीमा का उल्लेख नहीं किया। बता दें कि बांग्लादेश ने विश्व कप 2023 में कुल 9 मैच खेले, जिसमें से टीम को 7 मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

# ऑस्ट्रेलियाई दौरा हमारे सामने एक रोमांचक चुनौती : मोहम्मद हफीज

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट के निदेशक मोहम्मद हफीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया का दौरा उनकी टीम के लिए एक रोमांचक चुनौती है, जहां टीम के पास खोने के लिए कुछ नहीं है और हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। पाकिस्तानी टीम 14 दिसंबर से शुरू होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के हिस्से के रूप में तीन मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। पाकिस्तान ने इस देश में 28 साल से कोई टेस्ट नहीं जीता है, जबकि पिछले 14 टेस्ट में उसे लगातार हार का सामना करना पड़ा है। हफीज, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी टेस्ट नहीं खेला है, ने अपनी शैली से आक्रामक, आधुनिक ब्रांड की क्रिकेट खेलने और अपनी हार की लय को एक अवसर के रूप में देखने का आग्रह किया है। हफीज, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी टेस्ट नहीं खेला है, ने अपनी शैली से आक्रामक, आधुनिक ब्रांड की क्रिकेट खेलने और अपनी हार की लय को एक अवसर के रूप में देखने का आग्रह किया। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के हवाले से हफीज ने कहा, हमारे पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है और हासिल करने के लिए बहुत कुछ है। एक टीम के रूप में, हमारा लक्ष्य वह नहीं है जो इतिहास कहता है, बल्कि वह है जो हम वहां जाकर हासिल कर सकते हैं। मानसिकता बहुत स्पष्ट है, यह हमारे सामने एक बहुत ही रोमांचक चुनौती है और, एक साथ मिलकर, हम बेहतर परिणाम ला सकते हैं। मैं पिछले परिणामों के लिए जवाब नहीं दे सकता, लेकिन यहां से आप पाकिस्तान के लिए बेहतर परिणाम देखेंगे।

## एक नजर

### बीएसई मार्केट कैप चार ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचा

**मुंबई।** जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के कार्यकारी निदेशक सतीश मेनन ने बुधवार को कहा कि बीएसई मार्केट कैप का 4 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचना शेयर बाजार में एक नई गति की शुरूआत का संकेत है। दूसरी तिमाही की ठोस कमाई और कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण शेयर बाजार में तेजी आ रही है। मेनन ने कहा कि घरेलू तरलता ने बाजार को समर्थन दिया है, लेकिन उच्च अमेरिकी बांड यील्ड के कारण विदेशी फंड प्रवाह में कमी एक बाधा रही है। उन्होंने कहा, ये अच्छी बात है कि अमेरिका में ब्याज दरें ऊंची हैं और डॉलर इंडेक्स में गिरावट आ रही है, जिससे भारतीय इक्विटी बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) आकर्षित हो रहे हैं। पिछले चार महीनों में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में लगातार गिरावट ने भी बाजार में सकारात्मक संकेत भेजा है। मेनन ने कहा, मजबूत बुनियादी बातों के बावजूद,आने वाले राज्य चुनाव नतीजों से पहले बाजार में कुछ अस्थिरता हो सकती है।

### जोमैटो में 3.4 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रहा एंट ग्रुप का अलीपे

**नई दिल्ली।** एंट ग्रुप के स्वामित्व वाली डिजिटल पेमेंट्स प्लेटफॉर्म कंपनी अलीपे कथित तौर पर ऑनलाइन फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म जोमैटो में 3.44 फीसदी हिस्सेदारी बेच रहा है और ब्लॉक डील के जरिए 395 मिलियन डॉलर तक जुटाने की उम्मीद है। वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा देखी गई टर्म शीट के अनुसार, फ्लोर प्राइस 111.28 रुपये (1.33 डॉलर) प्रति शेयर रखा गया, जो जोमैटो के अंतिम कारोबार मूल्य 113.80 रुपये से 2.2 प्रतिशत कम है। रिपोर्ट में बताया गया है कि एक्सपेक्टेड सेटलमेंट डेट 30 नवंबर है। इस बीच, जोमैटो ने 30 सितंबर को समाप्त तिमाही में प्रॉफिट ऑफ्टर टैक्स (पीएटी) के रूप में 36 करोड़ रुपये दर्ज किया है, जिसके चलते राजस्व 71 प्रतिशत बढ़कर 2,848 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल की समान अवधि में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने 1,661 करोड़ रुपये के राजस्व के साथ 302 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था।

### एफआईआई ने कोफोर्ज आईडीएफसी फर्स्ट बैंक पतंजलि फूड्स में निवेश

**नई दिल्ली।** कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोफोर्ज, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और पतंजलि फूड्स में सितंबर तिमाही में एफपीआई की हिस्सेदारी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि म्यूचुअल फंडों की हिस्सेदारी में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी कॉफोर्ज, सुला वाइनयार्ड्स और रेस्तरां ब्रांड्स एशिया में हुई, जबकि बैंकों और वित्तीय संस्थानों ने रेस्तरां ब्रांड्स एशिया, यूनियन बैंक और अमारा राजा में अपनी हिस्सेदारी सबसे ज्यादा बढ़ाई। म्युचुअल फंड की हिस्सेदारी में सबसे ज्यादा कमी सुप्रीम इंडस्ट्रीज, एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस और अशोक लेलैंड में हुई, जबकि बीएफआई के लिए यह डॉ रेड्डीज लैबोरेटरीज, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक और कोलगेट पामोलिव में थी।

# शेयर बाजार में आई मजबूती सेंसेक्स-निफ्टी में अच्छा कारोबार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मिले-जुले ग्लोबल संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजार में आज मजबूती का माहौल बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरूआत भी बढ़त के साथ हुई थी। जैसे-जैसे कारोबार बढ़ता गया, वैसे-वैसे शेयर बाजार में भी तेजी बढ़ती गई। हालांकि बीच में यदा-कदा बिकवालों ने दबाव बनाने की कोशिश भी की। इसके बावजूद शेयर बाजार में लगातार तेजी बनी रही। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स और निफ्टी 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से हीरो मोटोकॉर्प, टेक महिंद्रा, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एलटी माइंडट्री के शेयर 2.82 प्रतिशत से लेकर 1.38 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।



दूसरी ओर, कोल इंडिया, बीपीसीएल, डिवीज लेबोरेट्रीज, ओएनजीसी और टाइटन कंपनी 0.37 प्रतिशत से लेकर 0.12 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,007 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,411 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 596 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 28 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 2 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 43 शेयर हरे निशान में और 7 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 207.06 अंक की उछाल के साथ 66,381.26 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारों ने अपना जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। हालांकि बीच-बीच में बिकवाली का दबाव बनाने की भी कोशिश होती रही। इसके बावजूद चौतरफा खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक की चाल में लगातार तेजी बनी रही। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 412.62 अंक की मजबूती के साथ 66,586.82 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 86.85 अंक की तेजी के साथ 19,976.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की।

## अमेजन फैशन वेडिंग स्टोर वन स्टेप डेस्टिनेशन बन के उभरा

**रांची ।** शादी का मौसम रंगों, रीति-रिवाजों और उत्सवों के लिए अमेजन फैशन का वेडिंग स्टोर आगामी शादी के सीजन के लिए वन स्टॉप डेस्टिनेशन बनकर सामने आया है। आप चाहे दुल्हन हों, दुल्हन की सहेली हों, दूल्हे की बहन हों, या दूल्हे के पिता हों, सबसे अच्छे दोस्त हों, या चचेरे भाई हों यहां सभी के लिए सब कुछ है। लेटेस्ट स्टाइल और ट्रेड के साथ इस स्टोर को खासतौर पर तैयार किया गया है। यह स्टोर हर हाल में यह सुनिश्चित करेगा कि आप इस शादी के मौसम में सबसे बेहतरीन लुक में दिखें। दुल्हनों के लिए यहां खूबसूरत लहंगे, स्टाइलिश और आरामदायक सैंडल, ट्रेंडी बैग की शानदार रेंज पेश की गई है। वहीं दूल्हे अपने लुक में चार चांद लगाने के लिए खूबसूरत शेरवानी, पारंपरिक जूतियां और स्टाइलिश घड़ियों की खरीदारी कर सकते हैं।

## एलिवेटर्स नोवा रेंज ऑर्डर करने के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**एजेंसी। रांची**

भारत में बिल्डिंग के मालिक या फैसिलिटी मैनेजर्स अब ओटिस इंडिया के ई-कॉमर्स पोर्टल से डिजिटली कनेक्टेड जेन3 नोवा एलिवेटर को ऑनलाइन खरीद सकते हैं। ओटिस इंडिया ओटिस वर्ल्डवाइड कॉरपोरेशन की सहायक कंपनी है। गौरतलब है कि ओटिस वर्ल्डवाइड कॉरपोरेशन एलिवेटर और एस्केलेटर के निर्माण, इंस्टॉलेशन और सर्विस के क्षेत्र में दुनिया की मशहूर कंपनी है। 2021 में प्रारंभिक तौर पर एलिवेटर्स की जेन 2 प्राइम रेंज के साथ लॉन्च किया गया पोर्टल पर उपलब्ध है। उपभोक्ताओं ने इसकी सुविधा और पारदर्शिता को देखते हुए इसे काफी तेजी से अपनाया है। अब जेन 3 नोवा रेज सीधी बिक्री के लिए पोर्टल पर उपलब्ध है। ओटिस इंडिया के प्रेसिडेंट सेबी जोसेफ ने कहा, हम एलिवेटर्स की डायरेक्ट सेल के लिए अपने ई-कामर्स पोर्टल पर जेन3 नोवा रेंज को शामिल कर काफी उत्साहित हैं। जेन 3 एलिवेटर्स ओटिस वनट्ठ आईओटी सिस्टम से पावर्ड हैं और उपभोक्ताओं को कई फायदे प्रदान करते हैं। ऑनलाइन बुकिंग की यह पहल अपने उपभोक्ताओं को सुविधाजनक और प्रभावी सोल्यूशंस प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता का सबूत है। हमारा विश्वास है कि इस डिजिटल सफर में उपभोक्ताओं को बेहद अच्छी क्वॉलिटी के एलिवेटर्स मिलेंगे और ओटिस के साथ उनका संपूर्ण अनुभव और बेहतर होगा।



# दिल्ली में बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल वाहनों पर से प्रतिबंध हटा

**एजेंसी। रांची**

दिल्ली सरकार ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय राजधानी में चलने वाले बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल हल्के मोटर वाहन या एलएमवी (चार पहिया वाहन) पर अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध हटा दिया गया है। यह स्पष्टीकरण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) उप-समिति द्वारा मंगलवार को एक आदेश जारी करने के बाद आया है, जिसमें दिल्ली और इसके परिधीय क्षेत्रों में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) के तहत चरण-3 की कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। सीएक्यूएम द्वारा मौजूदा वायु गुणवत्ता स्थितियों के मद्देनजर लिये गये निर्णय से 2 नवंबर को जारी आदेश रद्द हो गया है। उपायुक्त (प्रदूषण नियंत्रण विभाग) योगेश शर्मा द्वारा



मंगलवार देर रात जारी आदेश में कहा गया है, जीआरएपी के तहत कार्रवाई करने के लिए उप समिति ने दिनांक 28.11.2023 के अपने आदेश में जीआरएपी के चरण-3 के तहत कार्रवाई के लिए दिनांक 02.11.2023 को जारी आदेश को तत्काल प्रभाव से रद्द करने का निर्देश दिया है। हालाँकि, जीआरएपी के चरण 1 और 2 के तहत कार्रवाई लागू रहेगी। उपरोक्त के मद्देनजर, दिल्ली के एनसीटी के अधिकार क्षेत्र में बीएस 3 पेट्रोल और बीएस 4 डीजल एलएमवी (चार पहिया वाहन) के संचालन पर प्रतिबंध को अगले आदेश तक तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।₹ सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फोरकास्टिंग एंड रिसर्च के आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक बुधवार सुबह 318 के साथ 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी रही।

## सोने की कीमत 7 महीने के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई।** अंतरर्राष्ट्रीय बाजार में बुधवार को सोने की कीमत सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। भारत में 24 कैरेट सोने की कीमत 62,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर है। अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड यील्ड में गिरावट के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमतें बढ़ रही हैं। ऐसी उम्मीद है कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में दरों में कटौती कर सकता है। बुधवार सुबह 11.30 बजे तक स्पॉट गोल्ड 0.24 प्रतिशत बढ़कर 2,046 डॉलर प्रति औंस को पार कर गया, जो 5 मई के बाद की सबसे ऊंची कीमत है। दिसंबर डिलीवरी के लिए अमेरिकी सोना वायदा 0.3 प्रतिशत बढ़कर 2,045.40 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस साल की शुरूआत से अब तक सोने की कीमतों में करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। भारत के विभिन्न शहरों में सोने की कीमतें अलग-अलग हैं। चेन्नई में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की उच्चतम कीमत 63,050 रुपये दर्ज की गई ।

# सर्राफा बाजार में तेजी बरकरार चेन्नई में सोना 64 हजार के पार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश के सर्राफा बाजारों में शादी के सीजन ने नई जान फूंक दी है। शादी का सीजन शुरू होने के बाद से ही सोने की कीमत में तेजी का सिलसिला लगातार जारी है। आज चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत उछल कर 64 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के पार चली गई। चेन्नई की तरह ही देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 63,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से ऊपर चढ़ कर कारोबार कर रहा है। 24 कैरेट सोने की तरह ही जेवराती यानी 22 कैरेट सोने की कीमत में भी तेजी दर्ज की गई है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर के ऊपर पहुंच गया है। शादी के सीजन की वजह से देश के सर्राफा बाजार में खुदरा कारोबार में काफी तेजी आई है, जिसकी वजह से सोने की कीमत में लगातार उछाल आ रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में तेज इजाफा हुआ है। दिल्ली सर्राफा बाजार में आज चांदी 79,200 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,530 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,250 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,430 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,150 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 64,040 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,700 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,380 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

शादी के सीजन में बढ़ी मांग से सोना-चांदी में उछाल



## विदेश

# गाजा में 24 घंटे के अंदर 160 शव बरामद

**एजेंसी। गाजा**

हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया कार्यालय (जीएमओ) ने कहा कि बुधवार को बीते 24 घंटों में गाजा पट्टी में बचाव टीमों ने इजरायली हमलों में मारे गए फिलिस्तीनियों के कम से कम 160 शव बरामद किए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, जीएमओ ने कहा कि मैनुअल और प्राथमिक उपकरणों का उपयोग करविभिन्न स्थानों से शव बरामद किए गए। 24 नवंबर को जारी युद्ध विराम लागू होने के बाद से गाजा में हवाई हमले, गोलाबारी और जमीनी झड़पें काफी हद तक बंद हो गई हैं। कार्यालय ने यह भी कहा कि, 7 अक्टूबर को युद्ध शुरू होने के बाद से, गाजा में 15,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें लगभग 6,150 बच्चे और 4,000 महिलाएं शामिल हैं। जीएमओ हताहतों की संख्या की रिपोर्ट कर रहा है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने उत्तर में अस्पतालों में सेवाओं और संचार के पतन के बाद 11 नवंबर को काम करना बंद कर दिया था। जैसा कि कथित तौर पर इजरायल और हमास द्वारा सहमति व्यक्त की गई थी, शुरूआती चार दिवसीय युद्ध विराम को मंगलवार से अतिरिक्त 48 घंटों के लिए बढ़ा दिया गया है।



मंगलवार को गाजा में बंधक बनाए गए 10 इजरायली और दो विदेशी नागरिकों और इजरायली जेलों में बंद 30 फिलिस्तीनी बंदियों को रिहा कर दिया गया। मुक्त कराए गए बंधकों में नौ महिलाएं और एक लड़की शामिल है। फिलिस्तीनी बंदियों में 15 महिलाएं और 15 लड़के थे। विराम की शुरूआत के बाद से, 180 फिलिस्तीनियों, 61 इजरायलियों और 20 विदेशी नागरिकों को रिहा किया गया है। इजरायल ने कहा कि हमास के हमले में करीब 1200 लोग मारे गए जबकि 200 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया गया।


## अमेरिका में भारतीय मूल के शख्स पर ट्रिपल मर्डर का आरोप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के न्यू जर्सी में अपने परिवार के तीन सदस्यों की हत्या के मामले में 23 वर्षीय एक भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। न्यू जर्सी के साउथ प्लेनफील्ड के ओम ब्रह्मभट्ट को सोमवार को दिलीप कुमार ब्रह्मभट्ट (72), बिंदु ब्रह्मभट्ट (72) और उनके बेटे यशकुमार ब्रह्मभट्ट (38) की हत्या के आरोप में हिरासत में लिया गया। मिडलसेक्स काउंटी अभियोजक के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सोमवार सुबह लगभग 9 बजे गोलीबारी की रिपोर्ट के बाद साउथ प्लेनफील्ड में कोपोला ड्राइव पर अधिकारियों की एक टीम पहुंची। उनके पहुंचने पर, अधिकारियों को तीन मृतकों के साथ-साथ ओम ब्रह्मभट्ट भी मिला। यशकुमार ब्रह्मभट्ट को कई गोलियां लगीं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

## रूसी सेना में कार्यरत तीन नेपाली नागरिकों की यूक्रेन युद्ध में मौत

**एजेंसी। काठमांडू**

रूस की सेना में कार्यरत तीन नेपाली नागरिकों की यूक्रेन के साथ जारी युद्ध में मौत हो गई। इनके परिवारों को मौत के दो हफ्ते बाद सूचित किया गया है। मास्को स्थित नेपाली दूतावास ने इनकी मौत की पुष्टि करते हुए परिवार वालों को जानकारी दी है। दूतावास ने काठमांडू स्थित विदेश मंत्रालय के मार्फत भेजे गए पत्र में तीनों के पार्थिव शरीर को वापस नेपाल भेजने के लिए समन्वय करने का अनुरोध किया है। दूतावास के द्वितीय सचिव सुशील घिमिरे की तरफ से भेजे गए पत्र में मृतकों का विवरण दिया गया है। इस विवरण के मुताबिक मृतकों में स्यांग्जा निवासी प्रीतम कार्की (पासपोर्ट नम्बर बीएओ 150320), दोलखा निवासी राज कुमार रोका (पासपोर्ट नम्बर बीएओ 254301) और इलाम निवासी गंगाराज मोक्तान (पासपोर्ट नम्बर 09200751) शामिल हैं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने इनके परिवारों सूचित कर दिया। इनमें से कार्की और रोका नेपाली सेना में काम कर चुके हैं। मोक्तान नेपाल की सशस्त्र प्रहरी बल से अवकाशप्राप्त जवान था। नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने कहा है कि मौत कहां हुई है और किन परिस्थितियों में हुई है इस बात की पूरी जानकारी ली जा रही है। मास्को से तीनों के पार्थिव शव लाने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। साउद ने बताया कि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होते ही सभी नागरिकों को किसी भी देश के सेना में भर्ती ना होने के लिए अपील की गई थी।



## सराहना — डॉ. लकलतांबिका व डॉ. अर्शिया ने किया गौरवान्वित

# इसरो वैज्ञानिक व लेखिका को शीर्ष फ्रांसीसी सम्मान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

फ्रांस सरकार ने बुधवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की वैज्ञानिक डॉ. वी.आर. ललितांबिका और प्रशंसित अनुवादक व लेखिका डॉ. अर्शिया सत्तार को अपने शीर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया। फ्रांस और भारत के बीच अंतरिक्ष सहयोग में भागीदारी के लिए राजदूत थिएरी माथौ ने इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम निदेशालय की पूर्व निदेशक ललितांबिका को देश के शीर्ष नागरिक पुरस्कार - लीजन डी'ऑनूर से सम्मानित किया। राजदूत माथौ ने एक बयान में कहा, मुझे डॉ. वी.आर. को शेवेलियर ऑफ द लीजन डी'ऑनर से सम्मानित करते हुए खुशी हो रही है। ललितांबिका, एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में अग्रणी। उनकी विशेषज्ञता, उपलब्धियों और अथक प्रयासों ने भारत-फ्रांसीसी अंतरिक्ष साझेदारी के लंबे इतिहास में एक नया





महत्वाकांक्षी अध्याय लिखा है। उन्नत प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञ, ललितांबिका ने इसरो के विभिन्न रॉकेटों, विशेष रूप से ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) पर बड़े पैमाने पर काम किया है। 2018 में मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम के निदेशक के रूप में उन्होंने भारत की गगनयान परियोजना के लिए फ्रांसीसी राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी (सेंटर नेशनल डी'एट्यूड्स स्पैटियल्स - सीएनईएस) के साथ निकटता से समन्वय किया। ललितांबिका ने मानव अंतरिक्ष उड़ान पर सीएनईएस और इसरो के बीच सहयोग के लिए पहले संयुक्त समझौते पर हस्ताक्षर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके तहत दोनों देश अंतरिक्ष चिकित्सा पर काम करने के लिए विशेषज्ञों का आदान-प्रदान कर सकते थे। ललिताम्बिका ने पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा : मुझे पूरी उम्मीद है कि मुझे दिया जा रहा यह सम्मान अधिक से अधिक महिलाओं को एसटीईएम करियर अपनाने और अपने चुने हुए क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित करेगा। 2021 में ललितांबिका ने पूर्व फ्रांसीसी विदेश मंत्री की इसरो यात्रा के दौरान भारतीय अंतरिक्ष यात्री कार्यक्रम पर फ्रांस और भारत के बीच दूसरे समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए सीएनईएस के साथ समन्वय किया। इस समझौते के तहत फ्रांसीसी अंतरिक्ष एजेंसी टूलूज में सीएनईएस और जर्मनी के कोलोन में यूरोपीय अंतरिक्ष यात्री केंद्र (ईएसी) में माइक्रोग्रैविटी अनुप्रयोगों और अंतरिक्ष संचालन के विकास के लिए फ्रांस में सीएडीएमओएस केंद्र में भारत के उड़ान चिकित्सकों और कैपकॉम मिशन नियंत्रण टीमों को प्रशिक्षित करेगी। फ्रांसीसी दूतावास ने कहा, डॉ. ललितांबिका न केवल टूलूज में, बल्कि भारत में भी वैज्ञानिकों की अगली पीढ़ी के लिए एक प्रेरणा हैं, जहां उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष यात्री कार्यक्रम के भविष्य में भाग लेने के लिए महिलाओं सहित नागरिकों की भर्ती को सक्षम करके समावेशिता को बढ़ावा दिया।

## चीन के उच्च स्तरीय खुलेपन को बढ़ावा देने से दुनिया को मिलेगा लाभ

**बीजिंग।** हाल ही में आयोजित एपेक नेताओं की 30वीं अनौपचारिक बैठक में चीन ने उच्च-स्तरीय खुलेपन को बढ़ावा देने का स्पष्ट संकेत भेजा। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह दुनिया और चीन के लिए बहुत लाभदायक है। हाल ही में विश्व प्रसिद्ध निवेशक जिम रोजर्स ने न्यूयॉर्क में चीनी समाचार एजेंसी शिंगह्वा के संवाददाता के साथ एक वीडियो साक्षात्कार में यह बात कही। रोजर्स ने कहा कि पिछले 40 वर्षों में चीन के खुलेपन का लाभ एशिया-प्रशांत क्षेत्र को मिला है। चीन के साथ व्यापार बढ़ने से दक्षिण कोरिया, जापान और अन्य देशों की अर्थव्यवस्थाओं को बड़े लाभ मिले, इसमें अमेरिका भी शामिल है। 40 वर्ष पहले अमेरिका और चीन के बीच व्यापार बहुत कम था। आज, अमेरिका-चीन व्यापार का पैमाना बहुत बड़ा है, जिससे दोनों पक्षों को लाभ हो रहा है। रोजर्स का विचार है कि चीन ने जो विकास का रास्ता और दिशा चुनी है, वह सही है।

# लिफ्ट टूटने से 11 खदान मजदूरों की मौत, 75 घायल

**एजेंसी। जोहानिसबर्ग**

भारत में मंगलवार को जहां सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को जहां 17 दिन बाद सुरक्षित निकाला गया वहीं दक्षिण अफ्रीका के एक खदान में लिफ्ट टूटने से हुए हादसे में 11 मजदूरों की मौत हो गई है और 75 घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार दक्षिण अफ्रीका के रस्टनबर्ग में प्लेटिनम की खदान में मजदूरों को नीचे उतारने के दौरान एक लिफ्ट के अचानक टूटकर 650 फीट नीचे गिर गई। इस हादसे में 11 श्रमिकों की मौत हो गई और 75 घायल हैं। घायल श्रमिकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इंपाला प्लेटिनम होल्डिंग्स (इम्प्लांट्स) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी निको मुलर ने कहा कि यह उनकी कंपनी के इतिहास का सबसे भयावह दिन है। लिफ्ट अचानक से गिरने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू हो गई है। मुलर ने कहा कि हादसे के समय सभी खदान कर्मचारी लिफ्ट में ही थे। बता दें कि दक्षिण अफ्रीका प्लेटिनम का सबसे बड़ा उत्पादक देश है। इससे पूर्व 2022 में खनन ध्दुर्घटनाओं में 49 लोगों की मौत हुई थी। चीन के कोयला खदान दुर्घटना में 11 की मौत चीन के उत्तर-पूर्वी हेइलोंगजियांग प्रांत में मंगलवार को एक कोयला खदान में चट्टान फटने से 11 खननकर्मियों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, खदान का संचालन करने वाली शुआंग्यशान कोल कंपनी पर सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने के लिए पूर्व में 10 बार जुमार्ना लगाया जा चुका है। इससे पहले सितंबर में खदान में आग लगने से 16 लोगों की मौत हो गई थी।

**प्लेटिनम की खदान में मजदूरों को नीचे उतारने के दौरान एक लिफ्ट अचानक टूटकर 650 फीट नीचे गिर गई**

## चीनी कोयला खदान में विस्फोट से 11 की मौत

**बीजिंग।** चीन के पूर्वोत्तर हिलोंगजियांग प्रांत में मंगलवार को कोयले की एक खदान में जबरदस्त विस्फोट होने से 11 लोगों की मौत हो गयी। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने इसकी पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार खदान में जबरदस्त धमाका हुआ, जिसमें लोगों की जान चली गयी। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, इस खदान का संचालन करने वाली शुयांगयाशान कोल कंपनी पर अतीत में कई सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने को लेकर जुमार्ना लगाया जा चुका है। सरकार समर्थित मीडिया कंपनी शांगयू न्यूज के अनुसार, इस साल भी उसपर दस बार जुमार्ना लगाया गया। चीन बार-बार होने वाले इन हादसों को रोकने के लिए खदान सुरक्षा में सुधार के लिए लगातार काम कर रहा है। अगस्त में चीन के शांक्सी प्रांत में एक अन्य कोयला खदान में विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। सितंबर में गुइझोउ प्रांत में कोयला खदान में आग लग जाने से 16 लोगों की जान चली गयी थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी ❖ दंत रोपण
❖ पायरिया का ईलाज ❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज ❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

### झारखंड श्रम विभाग की टीम ने मजदूरों से की मुलाकात

# उत्तराखंड के सीएम ने मजदूरों को भेंट किए एक-एक लाख रुपये के चेक

### मैन्युअल खुदाई करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि

**आरएनएम। रांची/ देहरादून**

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर श्रम विभाग की टीम ने राज्य के सभी श्रमिकों से चिन्यालीसौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। ठीम की ओर से उन्हें बताया गया कि चिकित्सकों की सलाह के बाद सभी झारखंडी मजदूरों को राज्य सरकार वापस लाएगी और उन्हें हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। इधर उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी सिलक्यारा सुरंग से रेस्क्यू किए गए श्रमिकों का हाल-जानने के लिए बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्यालीसौड़ पहुंचे। धामी ने रेस्क्यू की सफलता की खुशी में बुधवार को मुख्यमंत्री आवास पर श्रमिकों के परिजनों के साथ दिवाली मनाने की घोषणा की है। रेस्क्यू किए गए सभी श्रमिकों को हेलीकॉप्टर से ऋषिकेश के एम्स पहुंचा दिया गया है। सीएम धामी ने हर श्रमिक से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने डॉक्टरों से श्रमिकों के स्वास्थ्य लाभ व चिकित्सा उपचार की भी जानकारी ली। सीएम ने अस्पताल में श्रमिकों को दी जा रहीं विभिन्न सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान सीएम ने टनल से रेस्क्यू किए गए प्रत्येक श्रमिक को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि के चेक भी सौंपे। सीएम धामी ने रेस्क्यू ऑपरेशन के अंतिम दौर में पाइप पुशिंग के लिए रैट माइनिंग तकनीक से मैन्युअल खुदाई करने वाले श्रमिकों को भी 50-50 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। सीएम धामी ने कहा कि सुरंग हादसे के चलते हम सब इस बार दिवाली नही मना सके थे, अब सभी श्रमिकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर लिये जाने के बाद बुधवार को दिवाली का जश्न मनाया जाएगा। सीएम ने श्रमिकों के परिजनों को देहरादून सीएम आवास पर दिवाली मनाने के लिए आमंत्रित किया है। सीएम ने रेस्क्यू किए गए श्रमिकों में से टनकपुर, चंपावत के पुष्कर की माता से मोबाइल पर बात की और उन्हें पुष्कर के स्वस्थ होने की जानकारी दी।



### मजदूरों को बचाने में अर्नाल्ड डिक्स ने निभाई महती भूमिका



**नई दिल्ली।** आखिरकार उम्मीद और संघर्ष की जीत हुई। 17 दिनों तक उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 मजदूरों को मंगलवार की रात सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मालूम हो कि मिशन 41 में ओएनजीसी, एसजेवीएनएल, आरवीएनएल, एनएचआईडीसीएल और टीएचडीसीएल को विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गई थी। इंटरनेशनल टनलिंग एंड अंडरग्राउंड स्पेस एसोसिएशन के ऑस्ट्रेलिया स्थित अध्यक्ष अर्नाल्ड डिक्स को अभियान में शामिल किया गया था। वह 20 नवंबर को सुरंग स्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने पिछले 17 दिनों में हमेशा सभी को पॉजीटिव रहने की सलाह दी। डिक्स दिन-रात सुरंग स्थल पर मजदूरों से संपर्क में रहे। प्रोफेसर अर्नाल्ड डिक्स भूमिगत और परिवहन बुनियादी ढांचे में विशेषज्ञ हैं। वह न सिर्फ भूमिगत निर्माण से जुड़े जोखिमों पर सलाह देते हैं बल्कि भूमिगत सुरंग बनाने में दुनिया के अग्रणी विशेषज्ञ हैं। डिक्स ब्रिटिश इंस्टीट्यूट ऑफ इन्वेस्टिगेटर्स में बैरिस्टर भी हैं। उन्हें इंजीनियरिंग, भूविज्ञान, कानून और जोखिम प्रबंधन मामलों में तीन दशकों का अनुभव है। मंगलवार को जब सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालाने की कोशिश चल रही थी, तो अर्नाल्ड डिक्स सुरंग के नजदीक मौजूद भगवान बौख नाग देवता की पूजा-अर्चना में शामिल हुए।

### प्रोफेसर अर्नाल्ड को आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने सराहा

सिल्कयारा सुरंग से 41 श्रमिकों को सफलतापूर्वक बाहर निकालने में अहम भूमिका निभाने वाले ऑस्ट्रेलियाई सुरंग विशेषज्ञ प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स के तकनीकी कौशल और समझदारी की सेशल मीडिया पर खूब प्रशंसा हो रही है। भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन और प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने भी डिक्स के समझदारी की सराहना की जिसके कारण सभी फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित निकाला गया। फिलिप ग्रीन ने एक्स पर लिखा, 'यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उत्तराखंड में सुरंग में फंसे सभी 41 श्रमिकों को सफलतापूर्वक निकालने के लिए अधिकारियों को धन्यवाद। ग्रीन ने ऑस्ट्रेलिया के प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स की विशेष सराहना की, जिन्होंने मैदान पर महत्वपूर्ण तकनीकी सहायता प्रदान की।' ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने भी अर्नोल्ड डिक्स की तारीफ की और पर लिखा, 'भारतीय अधिकारियों की एक अद्भुत उपलब्धि।



### सुरंग के ऊपर बौख नाग देवता का मंदिर

हादसे को लेकर स्थानीय लोगों ने कहा कि सिलक्यारा सुरंग के ठीक ऊपर जंगल में बौख नाग देवता का मंदिर है। कंपनी ने जंगलों को छेड़कर टनल बनाना शुरू किया और बदले में कंपनी ने टनल के पास देवता का मंदिर बनाने का वादा किया था, लेकिन 2019 से अभी तक मंदिर नहीं बनाया। इसके साथ ही ग्रामीणों का बनाया छोटा मंदिर भी तोड़ दिया गया, कई बार लोगों ने कंपनी के अधिकारियों को इसकी याद भी दिलाई, लेकिन अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। इसके बाद ही दुर्घटना हो गई। हालांकि, जब यह हादसा हुआ तो दोबारा से बाबा के मंदिर को पहले वाली जगह पर स्थापित कर दिया गया है। बाबा बौख नाग सिलक्यारा सहित क्षेत्र की तीन पट्टियों के ईष्ट देवता हैं। मंदिर के अंदर भगवान नागराज की प्रतिमा है। ऐसी मान्यता है कि बाबा बौख नाग इस इलाके के रक्षक हैं।

**केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक**

## गरीबों को मुफ्त अनाज के लिए 11.8 लाख करोड़ की योजना को मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गरीबों को 11.8 लाख करोड़ रुपये की लागत से मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के अगले पांच वर्षों के लिए विस्तार को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र 1 जनवरी 2024 से अगले पांच वर्षों के लिए 81 करोड़ गरीब लोगों को प्रति माह पांच किलोग्राम मुफ्त खाद्यान्न प्रदान करने के लिए पीएमजीकेएवाई योजना का विस्तार कर रहा है।

मंत्री ने यह भी घोषणा की कि आदिवासियों के लिए पीएम जनमन योजना को मंजूरी दे दी गई है, जिसकी लागत 24,100 करोड़ रुपये होगी। इसमें से 15,300 करोड़ रुपये केंद्र द्वारा और शेष राज्यों द्वारा दिए जाएंगे।



यह योजना आवास, सड़क संपर्क, पाइप्ड पानी, मोबाइल चिकित्सा इकाइयां, सौर स्ट्रीट लाइटिंग, मोबाइल टावर सहित बुनियादी सुविधाएं प्रदान करेगी।

यह योजना 18 राज्यों में लागू की जाएगी और इससे 28,16,000 आदिवासियों को लाभ होने की उम्मीद है। ठाकुर ने यह भी कहा कि 16वें वित्त आयोग की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है और संदर्भ की शर्तों में केंद्र और राज्यों के बीच केंद्रीय करों का हिस्सा शामिल है। आयोग की सिफारिशें 1 अप्रैल 2026 से पांच वर्ष के लिए लागू होंगी। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण अन्न योजना के लिए पांच साल तक धन या भोजन की कोई कमी नहीं होगी। इस योजना पर सरकार को अगले पांच वर्षों में लगभग 11.8 लाख करोड़ रुपये का खर्च आएगा, लेकिन उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह राशि कोई निश्चित संख्या नहीं है।

ठाकुर ने कहा कि यह प्रधानमंत्री का एक प्रयास है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि गरीब लोगों को खाद्य सुरक्षा मिले और उन्हें अपनी बुनियादी जरूरतों के बारे में चिंता न करनी पड़े।

## पहाड़ हिल रहे थे, ऐसे में हादसे को रोकना जरूरी था

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

उत्तरकाशी में सिल्क्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को रैट माइनिंग से निकालने का सुझाव विदेश से आए विशेषज्ञ अर्नाल्ड डिक्स ने दिया था। उन्हीं की सलाह व रणनीति से 41 मजदूरों को बचाने का अभियान सफल हुआ। सभी मजदूर सुरक्षित अपने परिवार से भी मिल सके हैं। एक साक्षात्कार में डिक्स ने दावा किया है कि रैट माइनिंग का आइडिया भी उन्होंने काफी शुरूआत में दे दिया था, वे जानते थे कि ये एक कारगर उपाय रहने वाला है। अर्नाल्ड ने कहा कि मैंने पहले से ही मान लिया था कि रैट होल माइनिंग ही अंत में कारगर साबित होने वाली है। मैं देख सकता था कि बड़ी मशीनों का पहाड़ पर असर ज्यादा पड़ रहा है, ऐसे में ये एक उपाय था। अब यहां ये समझना जरूरी है कि रेस्क्यू के शुरूआती दिनों में बड़ी ड्रिलिंग मशीन का लगातार इस्तेमाल किया गया। माना गया कि उससे काम जल्दी होगा और सभी मजदूर बाहर आ जाएंगे। लेकिन उस वजह से कुछ अजीब सी आवाजें भी पहाड़ों से आने लगी थीं, माना गया कि ड्रिलिंग की वजह से ही पहाड़ों पर इसका असर पड़ रहा था। एक बड़ी लैंडस्लाइड का खतरा बना हुआ था, इसी वजह से बाद में रणनीति में बदलाव किया गया। इस बारे में अर्नाल्ड का कहना है कि हमे पता था कि प्लान तो कई सारे हैं, लेकिन बैलेंस करना जरूरी है। हमे पता था कि पहाड़ हिल रहे हैं, ऐसे में एक और हादसे को रोकना जरूरी था। वैसे कुछ लोगों का मानना रहा कि ये रेस्क्यू ऑपरेशन काफी धीमा था, मजदूरों को और पहले निकाला जा सकता था।

### दंपति के झगड़े में विमान की दिल्ली में इमरजेंसी लैंडिंग

**नई दिल्ली।** म्यूनिख से बैंकॉक जाने वाली लुफ्थांसा के एक विमान को एक दंपति के अनियंत्रित व्यवहार के कारण बुधवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। दिल्ली एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक विमान में पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। इस वजह से दिल्ली हवाई अड्डे पर विमान को उतारा गया। पति-पत्नी के बीच लड़ाई का कारण अभी तक पता नहीं चल सका है, लेकिन दोनों के बीच लड़ाई के चलते विमान की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। विमान ने शुरू में पाकिस्तान के निकटवर्ती हवाई अड्डे पर उतरने की अनुमति मांगी, लेकिन किसी कारणवश अनुमति नहीं मिली। इसके बाद विमान ने दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित लैंडिंग की।

**FILMY हलचल**

### सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई की फिर धमकी, पुलिस ने सलमान को किया अलर्ट



**सलमान खान** को पिछले कुछ समय से गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह से लगातार जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। इन धमकियों के बाद मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड के दबंग एक्टर को सुरक्षा भी मुहैया कराई है। अब एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की ओर से सलमान खान को धमकी मिली है। इस धमकी के बाद मुंबई पुलिस ने सलमान खान को दी सुरक्षा की मंगलवार को दोबारा समीक्षा की है। साथ ही पुलिस ने अभिनेता सलमान खान को इस बार ज्यादा सतर्क रहने की सलाह दी है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की धमकी के बाद सलमान खान को मुंबई पुलिस ने पहले ही वाई-प्लस सुरक्षा दी है। हाल ही में, लॉरेंस बिश्नोई ने एक फेसबुक पोस्ट में कनाडा में अपने घर के बाहर गिप्पी ग्रेवाल की गोली मारकर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। फेसबुक पोस्ट में लिखा था, "आप सलमान खान को अपना भाई मानते हैं, लेकिन अब आपके 'भाई' को बचाने का समय आ गया है। सलमान खान के लिए भी ये मैसेज है- इस गलतफहमी में मत रहना कि दाऊद तुम्हें बचा लेगा, कोई नहीं बचा पाएगा। सिद्धू मूसेवाला की मौत पर आपकी नाटकीय प्रतिक्रिया पर शायद ही ध्यान दिया गया, लेकिन हम सभी जानते हैं कि वह कैसा था और उसके आपराधिक संबंध क्या थे... अब आप हमारे रडार पर हैं।

### 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में अरिजीत तनेजा के साथ काम करना खुशी का एहसास हैं : सृति झा



**शो** 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में अमृता के किरदार में नजर आने वाली एक्ट्रेस सृति झा ने अरिजीत तनेजा के साथ अपनी दोस्ती के बारे में खुलासा किया और कहा कि वे सिर्फ को-स्टार्स नहीं बल्कि बहुत अच्छे दोस्त हैं। उन्हें उम्मीद है कि उनकी दोस्ती और केमिस्ट्री स्क्रीन पर भी बेहतरीन दिखाई देगी। 'कैसे मुझे तुम मिल गए' दो अलग-अलग किरदारों, अमृता और विराट के बीच की लव-स्टोरी है, जिन्हें क्रमशः सृति और अरिजीत ने निभाया है। सृति ने कहा, कैसे मुझे तुम मिल गए' का हिस्सा बनना एक रोमांचक अनुभव है और जी टीवी सबसे लंबे समय तक एक घर जैसा रहा है, चैनल पर वापस आना मेरे लिए घर वापसी जैसा है। उन्होंने कहा, "अरिजीत के साथ काम करना शानदार है।

### 'वॉर 2' की सामने आई रिलीजिंग डेट, 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में होगी प्रदर्शित

2019 की ऋतिक रोशन-स्टारर ब्लॉकबस्टर फिल्म 'वॉर' के अगले स्क्वील 'वॉर 2 की रिलीजिंग डेट सामने आ चुकीं है। सीक्वल में ऋतिक के रॉ एजेंट मेजर कबीर धालीवाल के किरदार की कहानी को आगे बढ़ाया जाएगा। एक ट्रेड सोर्स के अनुसार, 'वॉर 2' 14 अगस्त, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 'एक था टाइगर', 'टाइगर जिंदा है', 'वॉर', 'पठान' और हाल ही में रिलीज हुई सलमान खान और कैटरीना कैफ-स्टारर 'टाइगर 3' के बाद जासूसी जगत की छठी फिल्म है। ऋतिक ने शाहरुख के साथ 'टाइगर 3' में अपनी उपस्थिति का भी खुलासा किया। 2019 में रिलीज हुई 'वॉर' में ऋतिक के किरदार की कहानी बताई गई है, जो देश के गद्दारों के इंटेलिजेंस सिस्टम को साफ करने और कुलीन बलों में घुसपैठियों की पहचान करने के लिए उनकी तरह बन जाता है।



## पीएम आज 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से करेंगे संवाद

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक इस दौरान प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ भी करेंगे। यह महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को ड्रोन प्रदान करेगा ताकि वे इस तकनीक का उपयोग अपनी आजीविका बढ़ाने में कर सकें। अगले तीन वर्षों के दौरान महिला स्वयं सहायता समूहों को 15 हजार ड्रोन उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री एम्स, देवघर में ऐतिहासिक 10 हजारवें जन औषधि केंद्र को समर्पित करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री देश में जन औषधि केंद्रों की संख्या 10 हजार से बढ़ाकर 25 हजार करने के कार्यक्रम की भी शुरूआत करेंगे।

### मोदी-शाह के करीबी सुनील ओझा का निधन

**अहमदाबाद।** गुजरात के भावनगर दक्षिण से भाजपा के पूर्व विधायक सुनील ओझा का बुधवार को दिल्ली में हार्ट अटैक से निधन हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के करीबी ओझा पिछले कुछ समय से बिहार में संगठन के सह प्रभारी के रूप में काम कर रहे थे। वो कई वर्ष तक उत्तर प्रदेश के प्रभारी भी रहे हैं। बताया गया है कि उनकी पार्थिव देह को वाराणसी ले जाया जाएगा।

## केरल और वायनाड मेरे लिए घर जैसा : राहुल

**एजेंसी। कोझिकोड**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर केरल की वायनाड लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने के संकेतों के बीच, बुधवार को कहा कि यह राज्य और उनका संसदीय क्षेत्र उनके लिए घर की तरह हैं। आगामी लोकसभा चुनाव में छह महीने से भी कम समय बचा है। राहुल ने कहा कि केरल और वायनाड आना उनके लिए कोई काम नहीं है। वायनाड से कांग्रेस सांसद ने कहा, मैं इसे मेरे परिवार के पास वापस आने और मेरे दोस्तों से मुलाकात की तरह देखता हूं। जितना मैं केरल और वायनाड आता हूं, उतना ही मुझे लगता है कि यह मेरा घर है। उन्होंने यहां मुस्लिम लीग के दिवंगत नेता पी सीथी हाजी पर एक पुस्तक का विमोचन करने के बाद यह बात कही।

**संभावना** नौसेना को मिल सकता है एक और विमान वाहक पोत

# समुद्री शक्ति में होगी और वृद्धि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के लिए एक और विमान वाहक पोत के निर्माण के प्रस्ताव पर विचार किया जा सकता है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक इस पर लगभग 40,000 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। जानकारी के मुताबिक नौसेना के लिए इस विमान वाहक पोत के प्रस्ताव पर सरकार सकारात्मक विचार के साथ तैयार है। रक्षा विशेषज्ञ का मानना है कि इससे हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की घुसपैठ पर अंकुश लग सकेगा और भारतीय नौसेना की शक्ति में वृद्धि होगी। विशेषज्ञों के मुताबिक रक्षा मंत्रालय का रक्षा खरीद बोर्ड इस प्रस्ताव को सैद्धांतिक मंजूरी दे चुका है। इसका नाम 'आईएसी द्वितीय' रखा जा सकता है।



जानकारी के मुताबिक यह प्रस्ताव रक्षा अधिग्रहण परिषद यानी डीएसी के समक्ष रखा जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को डीएसी की बैठक होने की संभावना है। गौरतलब है कि भारतीय नौसेना को अत्याधुनिक एंटी-मिसाइल व एंटी एयरक्राफ्ट पॉइंट डिफेंस हथियार प्रणाली भी मिलने जा रही है। इस परियोजना पर लगभग 3,000 करोड रुपए की लागत आएगी। रक्षा मंत्रालय ने इसके लिए एक विशेष अनुबंध किया है। रक्षा मंत्रालय ने खरीद के तहत भारतीय नौसेना के लिए 16 अपग्रेडेड सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) के साथ साथ संबंधित उपकरण व सामान की खरीद के लिए 28 नवंबर को यह अनुबंध किया है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मैसर्स भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), हरिद्वार के साथ यह अनुबंध किया गया जिस पर मंगलवार को हस्ताक्षर किए हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक इसकी कुल लागत 2956.89 करोड़ रुपये होगी। उन्नत एसआरजीएम, जिसका निर्माण मैसर्स बीएचईएल द्वारा अपने हरिद्वार प्लांट में किया जाएगा, एक मध्यम कैलिबर एंटी-मिसाइल, एंटी एयरक्राफ्ट पॉइंट डिफेंस हथियार प्रणाली है। इसकी मारक क्षमता अधिक है और यह उच्च सटीकता सुनिश्चित करती है। हथियार प्रणाली तरह-तरह के खतरों के मद्देनजर कार्रवाई करने में सक्षम है।

### उमर खालिद की बेल याचिका 10 जनवरी तक टली

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पूर्व जेएनयू स्कॉलर और छात्र कार्यकर्ता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई 10 जनवरी तक के लिए टाल दी। दिल्ली दंगों में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत खालिद सलाखों के पीछे हैं। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने मामले को यूएपीए की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के साथ बेल याचिका को अगले साल 10 जनवरी को सुनवाई के लिए तय किया, साथ ही कहा कि इस बीच दलीलें पूरी कर ली जाएं। खालिद के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू की गैरमौजूदगी में दोनों पक्षों की ओर से सुनवाई टालने का अनुरोध किया गया।